आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.18
सूर्यास्त 05.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी उपरांत 09:16 द्वादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 15 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 203, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये




■ सेबी चेयरमैन की सलाह अनिश्चित माहौल में धैर्य बनाए रखें निवेशक - 12



■ 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुई कॉमर्शियल एलपीजी की बिक्री - 12



■ भाजपा की सरकार बनने पर दो वर्ष में पंजाब को करेंगे नशामुक्त : अमित शाह - 13



■ भारतीय क्रिकेट बॉलर कुलदीप यादव ने वंशिका संग लिए सात फेरे - 14

# कांग्रेस झूठे वादों की दुकान : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा- हम बाहरी युद्धों के असर से बचाव में लगे हैं हताश कांग्रेस ने देश के विरुद्ध ही मोर्चा खोल रखा | बोले- सरकार लोगों पर वैश्विक संघर्षों के पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए काम कर रही

● **मोदी ने असम में 23,550 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल को 18,680 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की दी सौगात**

**सिलचर/कोलकाता, एजेंसी**

प्रधानमंत्री ने शनिवार को असम के सिलचर में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार वैश्विक संघर्षों के कारण लोगों पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए काम कर रही है। साथ ही आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस देश में दहशत पैदा करने की कोशिश करके गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रही है। कांग्रेस को एक जिम्मेदार राजनीतिक दल की भूमिका निभानी चाहिए थी लेकिन वह ऐसा करने में विफल रही। वह आज झूठे वादों की दुकान बन चुकी है और दहशत फैलाने की कोशिश कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने असम में विधानसभा चुनावों से पहले सिलचर में शनिवार को 23,550 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। वहीं पश्चिम बंगाल में 18,680 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य से भारत के विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। उन्होंने सिलचर में कहा, उसके (कांग्रेस) पास न तो असम के लिए कोई दूरदृष्टि है और न ही राष्ट्र के लिए वे (कांग्रेस नेता) केवल मोदी को गाली देना, अफवाहें फैलाना और लोगों को गुमराह करने के लिए झूठ बोलना जानते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- हम बाहरी युद्धों के असर से बचाव में लगे हैं हताश कांग्रेस ने देश के विरुद्ध ही मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को जिस तरह उसके हाल पर छोड़ दिया, उसने उसी तरह बराक घाटी को कमजोर करने में भी अहम भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कछार जिले के सिलचर और मेघालय के शिलांग के बीच 22,864 करोड़ रुपये की नियंत्रित प्रवेश-निकास वाली एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए भूमि पूजन में भाग लिया। 166 किलोमीटर लंबे चार लेन के इस ग्रीनफील्ड द्रुतगति गलियारे से मेघालय और असम के बीच संपर्क सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा और गुवाहाटी और सिलचर के बीच की दूरी 295 से घटकर 252 रह जाएगी।

प्रधानमंत्री ने बंगाल में परियोजनाओं की शुरुआत कर रेखांकित किया कि ये परियोजनाएं पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास को नई गति प्रदान करेंगी, जिससे व्यापार और उद्यम को बढ़ावा मिलेगा।



कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाते भाजपा नेता।

### घुसपैठियों को बचाने के लिए तृणमूल एसआईआर का विरोध कर रही : मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर घुसपैठियों के अपने वोट बैंक को बचाने के लिए मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि राज्य में तृणमूल के शासनकाल में बड़े पैमाने पर घुसपैठ की वजह से कई क्षेत्रों की जनसांख्यिकी बदल गई है। मोदी ने यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा हमला बोला और उस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने, राज्य की जनसांख्यिकी को बदलने और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनावों से पहले ममता बनर्जी सरकार के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल उत्पीड़ित हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता देने का विरोध कर रही है।

### टीएमसी ने राष्ट्रपति का ही नहीं, आदिवासियों और संविधान का भी अपमान किया

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करके सभी हदें पार करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि पार्टी ने न केवल राष्ट्र की प्रमुख का अपमान किया बल्कि देश के आदिवासियों और संविधान का भी अनादर किया। पिछले हफ्ते मुर्मू की उत्तर बंगाल यात्रा के दौरान पैदा हुए विवाद के बीच मोदी ने ये आरोप लगाए हैं। राष्ट्रपति ने अपने कार्यक्रम का स्थल अंतिम क्षण में बदल दिए जाने पर नाराजगी जताई थी और सवाल उठाया था कि हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री ममता या राज्य का कोई मंत्री मौजूद क्यों नहीं था। राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि बंगाल में वर्तमान सरकार के तहत आदिवासी, दलित और गरीब लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

# एलपीजी ला रहे 2 जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को पार किया दो दिन में भारत पहुंचेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे दो भारतीय जहाजों ने शनिवार सुबह युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर लिया। इसके साथ ही होर्मुज को पार करने वाले भारतीय ध्वज वाले जहाजों की संख्या तीन हो गई है। जहाजरानी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में बचे हुए 22 जहाज प्रतीक्षा में हैं, क्योंकि भारत सरकार उनकी सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र की सरकारों के साथ बातचीत कर रही है। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी ला रहे जहाज शिवालिक और नंदा देवी अब गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये जहाज 92,700 टन एलपीजी ला रहे हैं। शिवालिक के 16 मार्च को मुंद्रा जबकि नंदा देवी पोत के 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पर पहुंचने की संभावना है। भारतीय ध्वज वाले जहाजों की निकासी भारतीय कूटनीति के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होने के साथ-साथ ये इस मायने में भी अहम है कि रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकताओं का 60 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें से 85-90 प्रतिशत सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देशों से प्राप्त होता है।




● **92 हजार टन वाले एलपीजी पोत शिवालिक और नंदा देवी 16/17 मार्च को गुजरात के बंदरगाहों पर पहुंचेंगे**

### बचे भारतीय ध्वज वाले 22 जहाजों में से 6 एलपीजी के

सिन्हा ने कहा कि पश्चिमी हिस्से में बचे भारतीय ध्वज वाले 22 जहाजों में से छह एलपीजी पोत हैं, एक एलएनजी वाहक है, चार कच्चे तेल के टैंकर हैं, एक रासायनिक उत्पादों की ढुलाई कर रहा है और तीन कंटेनर जहाज हैं और दो बल्क कैरियर हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने कहा, हमारे कई जहाज खाड़ी क्षेत्र में प्रतीक्षा में हैं। हम ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनजर सभी संबंधित देशों के साथ संपर्क और समन्वय बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं ताकि उनके लिए सुरक्षित एवं निर्बाध पारगमन सुनिश्चित किया जा सके।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पोस्ट-फेस्टिवल ब्लूज उत्सव के बाद का खालीपन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### बुजुर्ग व्यक्ति को कार के बोनट से लटकाकर घुमाया, चालक गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में 29 वर्षीय एक व्यक्ति को लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमें कार के बोनट से एक बुजुर्ग व्यक्ति को लटके हुए देखा जा सकता है। यह घटना शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे निकोल इलाके में हुई। पुलिस अधिकारी सुमरा ने बताया, कृष्णापार्क सोसाइटी के निवासी कार चालक हरिसांग यादव (29) को भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# ईरान के तेल नेटवर्क क्षेत्र खार्ग द्वीप पर अमेरिका की बमबारी

**दुबई, एजेंसी**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ने ईरान के तेल नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण एक द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को शुक्रवार को नष्ट कर दिया और चेतावनी दी कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में हस्तक्षेप करना जारी रखता है तो उसकी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को ईरान के खार्ग द्वीप पर स्थित ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। खार्ग द्वीप पर ईरान के तेल निर्यात का मुख्य टर्मिनल है।

ईरान ने कहा था कि यदि ऐसा हमला किया गया तो उसकी ओर से और भी बड़े स्तर की जवाबी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ईरान के साथ युद्ध के दो सप्ताह बाद प. एशिया में 2,500 और मरीन एवं एक युद्धपोत भेजा जा रहा है। ईरान इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रखे हुए है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है जिससे दुनिया के तेल व्यापार का पांचवां हिस्सा गुजरता है। वहीं, अमेरिकी और इजराइली युद्धक विमान समूचे ईरान में सैन्य और अन्य लक्ष्यों पर बमबारी कर रहे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान या कोई और देश होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में बाधा डालता है, तो वह तेल बुनियादी ढांचे को नष्ट न करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करेंगे। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने एक पोस्ट में चेतावनी दी कि ईरान की दक्षिणी समुद्री सीमा पर स्थित द्वीपों पर अगर हमले हुए तो ईरान संयम नहीं बरतेगा। ये द्वीप देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं।

● **खार्ग द्वीप पर ईरान के तेल निर्यात का मुख्य टर्मिनल, ट्रंप की चेतावनी- होर्मुज में आवागमन रोका तो अन्य तेल अवसंरचना को बनाया जाएगा निशाना**



### बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर पर मिसाइल हमला

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर के भीतर एक हेलीपैड पर मिसाइल से हमला हुआ। जिसके बाद शनिवार सुबह दूतावास परिसर के ऊपर धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। दुनिया में अमेरिका के सबसे बड़े राजनयिक केंद्रों में शामिल यह विशाल दूतावास परिसर पहले भी ईरान समर्थित मिलिशिया द्वारा दागे गए रॉकेट और ड्रोन का कई बार निशाना बना है।

## एसआई भर्ती परीक्षा में 'पंडित' ऑप्शन को लेकर छिड़ा विवाद

**लखनऊ।** पिछले दिनों फिल्म के पंडत नाम को लेकर हुआ विवाद अभी ठंडा ही हुआ था कि अब यूपी एसआई की भर्ती परीक्षा में एक प्रश्न के ऑप्शन में पंडित शब्द को लेकर नया विवाद छिड़ गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इसे गलत बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है। वहीं भाजपा के प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्र ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की है। दरअसल शनिवार को एसआई भर्ती परीक्षा के दौरान 20 नंबर पर एक प्रश्न पूछा गया है। प्रश्न है कि अवसर के हिसाब से बदल जाने वाले को आप क्या कहेंगे ? इस प्रश्न के आप्शन भी दिए गए हैं, जिनमें ए-निष्कपट, बी-सदाचारी, सी- पंडित, डी-अवसरवादी आप्शन लिखे हैं। इसमें अभ्यर्थी को किसी एक पर टिक करना हैं। यह प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर जैसे वायरल हुआ तो खलबली मच गई।

● **डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इसे बताया गलत सीएम से शिकायत**

# एसआई भर्ती परीक्षा : पहले दिन एक लाख 26 हजार अभ्यर्थी गैर हाजिर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** यूपी पुलिस में एसआई पद के लिए हुई लिखित परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। इस दौरान शनिवार को दोनों पालियों की परीक्षा में 5,31,765 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि 1,26,000 से अधिक अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे।

उधर फर्जी तौर पर पेपर लीक का दावा कर परीक्षार्थियों से धन वसूलने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया, साथ ही सात टेलीग्राम ग्रुपों के खिलाफ मुकदमा कायम करा दिया गया है। उधर रविवार को भी प्रदेश के सभी केन्द्रो पर दोनों पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निकाली गईं 4,543 पदों के लिए 15,75,760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसके लिए शनिवार को प्रदेश के 75 जिलों के 1090 परीक्षा केन्द्रों पर सुबह दस से 12 बजे और अपरान्ह तीन बजे से शाम पांच बजे की दो पालियों मे परीक्षा हुईं। परीक्षा में 160 पूछे गए, वहीं पांच मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया गया। प्रवक्ता ने दावा किया कि कंट्रोल रूम के जरिए प्रदेश भर के परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी रही। पूरी तरह से परीभा शांति पूर्वक संपन्न हुई।

● **दोनों पालियों में 5,31,765 अभ्यर्थियों ने लिया भाग, पूछे गए 160 सवाल**

● **पेपर लीक कराने का फर्जी दावा करने वाले तीन युवक गिरफ्तार सात टेलीग्राम चैनलों पर मुकदमा**

## सोनम वांगचुक जेल से रिहा

**जोधपुर/दिल्ली/लेह।** केंद्र सरकार द्वारा हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का फैसला किए जाने के बाद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक (59) को शनिवार दोपहर राजस्थान की जोधपुर केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। इस कदम का राजनीतिक दलों और लद्दाख में आंदोलन कर रहे संगठनों ने स्वागत किया है। इससे पहले, केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। वांगचुक संबंधित अधिनियम के तहत निर्धारित हिरासत अवधि का लगभग आधा समय पहले ही बिता चुके हैं।

लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद, 26 सितंबर 2025 को वांगचुक को हिरासत में लिया गया था।

● **लगभग छह महीने बाद केंद्र सरकार ने हिरासत रद्द की**



## अभिषेक प्रकाश सेवा में बहाल विभागीय कार्रवाई यथावत

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** शासन ने निलंबित चल रहे आईएएस अभिषेक प्रकाश को बहाल कर दिया है। राज्य सरकार ने निलंबन अवधि समाप्त होने के बाद 15 मार्च 2026 से सेवा में बहाल करने का आदेश जारी किया है। शासन के नियुक्ति अनुभाग-5 द्वारा 14 मार्च शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि बहाली के बावजूद उनके खिलाफ चल रही विभागीय कार्रवाई पूर्ववत जारी रहेगी। शासन ने यह आदेश राज्यपाल की अनुमति से दिया है।

आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि 14 मार्च 2026 तक मानी जाएगी और 15 मार्च से अभिषेक प्रकाश को फिर से सेवा में शामिल किया जाएगा। साथ ही अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक कोई भी विभागीय निर्णय या कार्रवाई प्रभावित नहीं होगी। अर्थात, नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और शासन की जवाबदेही और पारदर्शिता बनी रहेगी।



● **नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई**

# यूपी में राष्ट्रविरोधी साजिश बेनकाब, छह गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी**

पुलिस और गुप्तचर एजेंसियों ने गाजियाबाद में बड़ी राष्ट्रविरोधी साजिश को नाकाम कर दिया है। छापेमारी में छह ऐसे साजिशकर्ता गिरफ्तार किए गए गए हैं, जो दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र सक्रिय रहकर सामरिक प्रतिष्ठानों की लोकेशन, फोटो-वीडियो विदेश भेजते थे। इसके लिए उन्हें विदेश से फंडिंग हो रही थी। पकड़े गए संदिग्धों में बदायूं, शाहजहांपुर, संभल, बिजनौर आदि जिलों के रहने वाले लोग शामिल थे।

गाजियाबाद के थाना मसूरी पुलिस की कार्रवाई में गिरफ्तार रैकेट का सरगना सुहेल मलिक उर्फ रोमियो है, जो बिजनौर के नरगढी नवादा का रहने वाला है। उसके साथ बदायूं में कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव रिसौली निवासी शिवा बाल्मीकि, शाहजहांपुर में सुल्तानपुर, कटना का रहने वाला रितिक गंगवार, संभल के ज्ञानपुर सिसौना की साने इरम उर्फ महक, गाजियाबाद में भौवापुर, कोशांबी का प्रवीन और औरैया के ग्राम बनारसीदास निवासी राज बाल्मीकि भी दबोचे गए हैं। राष्ट्रविरोधी साजिश सामने आने से फिर हलचल मच गई है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग सुनियोजित तरीके से फोन पर चैट के जरिए विदेशी लोगों से संपर्क में थे।

सुरक्षाबलों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, रेलवे स्टेशन की लोकेशन बाहर भेज रहे थे। उनके पास से विदेशी नंबरों की चैट भी मिली हैं। सभी लोग कौशांबी क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर डाटा जुटा रहे थे। पुलिस ने सभी के कब्जे से आठ मोबाइल भी बरामद किए हैं। एडीसीपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक किसी आतंकी संगठन से जुड़े होने की बात सामने नहीं आई है।

● **विदेश भेजी जा रही थी सामरिक प्रतिष्ठानों की लोकेशन**

● **विदेशी लोगों को चेटिंग के जरिए फोटो-वीडियो भेजते थे**

**सियासत** | हरियाणा के कैथल में संत कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बोले– जनता का भरोसा खो चुके लोग अब संवैधानिक संस्थाओं पर उठा रहे सवाल

# मुकाबला नहीं कर पा रहे, अफवाहों से फैला रहे अराजकता : योगी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता जिन लोगों को नकार चुकी है और जो मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं, वे अफवाहों के जरिए अराजकता और अव्यवस्था फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को समाज को मिलकर रोकना होगा और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में मजबूती से काम करना होगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को हरियाणा के कैथल जिले के सौंगल गांव स्थित बाबा मुकुट नाथ मठ में ब्रह्मलीन महंत पीर गणेश नाथ जी के आठमान भंडारा, देशमेल और शंखाढाल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूजन-अर्चन कर संतों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आयोजन के लिए महंत शेरनाथ महाराज को शुभकामनाएं दीं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग जनता का विश्वास खो चुके हैं, वे अब भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर ही सवाल उठा रहे हैं। कभी लोकसभा अध्यक्ष, कभी न्यायपालिका तो कभी निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जीतने पर श्रेय लेना और हारने पर संस्थाओं पर आरोप लगाना उचित नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और आर्थिक अस्थिरता का माहौल है, लेकिन भारत किसानों के परिश्रम और मजबूत नेतृत्व के कारण विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 145 करोड़ देशवासी एकजुट होकर देश के नेतृत्व पर भरोसा जता रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद कई सरकारें आईं, लेकिन आस्था के सवालों पर ध्यान नहीं दिया गया, क्योंकि वे वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति में उलझी रहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में समान सोच वाली सरकार बनने के बाद अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का सपना साकार हुआ। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, केदारपुरी और बद्रीनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों का भव्य विकास भी इसी सोच का परिणाम है।



### संतों के सानिध्य में ऊंची रहेगी सनातन की ध्वज पताका

योगी ने कहा कि भारत की संत परंपरा ने सदैव समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया है। संतों के सानिध्य में सनातन की ध्वज पताका हमेशा ऊंची रहेगी। उन्होंने कहा कि धर्मस्थल केवल पूजा के केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना और सामाजिक समरसता के भी केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा की भूमि संतों और वीरों की परंपरा के लिए जानी जाती है। इस परंपरा ने देश की सुरक्षा और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### यहां नशे को बढ़ावा दे रहा पाकिस्तान

योगी ने कहा कि पाकिस्तान भारत में नशे को बढ़ावा देकर युवा पीढ़ी को कमजोर करने की साजिश कर रहा है। उन्होंने समाज और संतों से अपील की कि नशे के खिलाफ जनजागरण चलाया जाए। नशा समाज और राष्ट्र दोनों के लिए विनाशकारी है और इसके खिलाफ लड़ाई देशसेवा के समान है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोलकाता में आयोजित जनसभा के लाइव प्रसारण को सुनने के लिए लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय में बंगाली समाज के प्रतिनिधि एकत्र हुए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी समेत अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे। अमृत विचार

# बदायूं सीबीजी प्लांट मामले में एसआईटी गठित

## प्लांट परिसर की सुरक्षा बढ़ाते हुए पुलिस चौकी की स्थापना की गई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बदायूं स्थित सीबीजी प्लांट में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बरेली मंडल के मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाएगी और त्वरित कार्रवाई की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि एसआईटी घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच करेगी। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की लापरवाही या संभावित साजिश का पता लगाना और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना है। गठित एसआईटी आगामी दिनों में जांच पूरी कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

सीएम योगी ने कहा कि इस मामले में मुख्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच के दौरान यदि किसी अन्य आपराधिक संलिप्तता का संकेत मिलता है, तो अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।



> प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मामले की जांच पूरी गंभीरता से की जाए और किसी भी दोषी को बख्शा न जाए।
> –योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उप्र.

### प्रशासन हुआ सतर्क, तत्काल कदम उठाए

घटना के बाद प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रशासन ने तत्काल कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सीबीजी प्लांट परिसर में पुलिस चौकी स्थापित की गई है। इससे न केवल भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की संभावना कम होगी, बल्कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। एसआईटी के गठन से राज्य सरकार ने यह संदेश भी दिया है कि प्रदेश में औद्योगिक सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर सरकार पूरी सतर्क है। जांच दल घटना के सभी पहलुओं, साजिश के किसी भी संकेत और प्रशासनिक लापरवाही की छानबीन करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 181 हेल्पलाइन से 8.42 लाख महिलाओं को मिली मदद

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से संचालित 181 महिला हेल्पलाइन संकट की घड़ी में महिलाओं के लिए भरोसेमंद सहारा बनकर उभरी है। वर्ष 2017 से संचालित इस टोल फ्री सेवा के माध्यम से अब तक 8.42 लाख से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को सहायता प्रदान की जा चुकी है। महिलाएं घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न या अन्य किसी भी समस्या की स्थिति में 181 नंबर पर कॉल कर तुरंत मदद और परामर्श प्राप्त कर रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार, 181 हेल्पलाइन प्रदेश भर में 24 घंटे सक्रिय रहती है। कॉल सेंटर में तैनात प्रशिक्षित परामर्शदाता महिलाओं की समस्याओं को सुनकर सहायता उपलब्ध कराते हैं। जरूरत पड़ने पर संबंधित विभागों और स्थानीय प्रशासन से भी समन्वय कर समस्या के समाधान की दिशा में कार्रवाई की जाती है। सरकार का कहना है कि यह हेल्पलाइन महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक प्रभावी सहायता तंत्र के रूप में काम कर रही है। प्रदेश के किसी भी जिले या गांव से महिलाएं अपनी समस्या साझा कर विशेषज्ञों से सलाह ले सकती हैं।

### नवआरंभ उत्सव 25 से, बालवाटिका में बढ़ेंगे नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने और छोटे बच्चों को स्कूल से जोड़ने की दिशा में प्रदेश सरकार ने कदम बढ़ा दिये हैं। उक्त क्रम में 25 मार्च को राज्यभर के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों में 'नवआरंभ उत्सव' आयोजित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की इस पहल का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का बालवाटिका में नामांकन बढ़ाना और अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना है। नीति के अनुसार, वर्ष 2030 तक सभी बच्चों तक प्रारंभिक शिक्षा का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नवआरंभ उत्सव के दौरान विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बच्चों और अभिभावकों को बालवाटिका की गतिविधियों और सुविधाओं से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, डायट, नोडल शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नवआरंभ उत्सव के आयोजन के लिए राज्य सरकार ने 1592.22 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। प्रत्येक विद्यालय को लगभग तीन हजार रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे।

# एलपीजी कालाबाजारी करने वाले 8 गिरफ्तार, 40 एफआईआर दर्ज

## गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री को लेकर प्रदेशभर में की जा रही कड़ी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो दिनों में प्रदेश के 2,554 स्थानों पर किया गया निरीक्षण और छापेमारी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध बिक्री पर सख्त कार्रवाई जारी है। खाद्य एवं रसद विभाग तथा जिला प्रशासन की टीमों ने पिछले दो दिनों में प्रदेश के 2,554 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की कार्रवाई की। इस दौरान 40 एफआईआर दर्ज की गईं, आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और 37 अन्य के खिलाफ अभियोजन कार्यवाही की गई।

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति लगातार सुनिश्चित की जाए और कालाबाजारी पर कड़ी नजर रखी जाए। इससे उपभोक्ताओं को गैस की नियमित आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी न होने पाए।

प्रदेशभर के 4,108 एलपीजी वितरकों के यहां पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया गया है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार रिफिल की डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। भारत सरकार ने कमर्शियल सिलेंडरों की कुल खपत के 20 प्रतिशत तक आवंटन की अनुमति दी है, जिससे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी गैस आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी।

इस कार्रवाई से न केवल कालाबाजारी करने वालों पर सख्ती दिखाई गई है, बल्कि प्रदेश की एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती भी मिली है। प्रशासन का मानना है कि सतत निगरानी और जांच के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित और पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है।

### समस्याओं का त्वरित समाधान

आपूर्ति व्यवस्था की निरंतर निगरानी के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारी लगातार फील्ड निरीक्षण कर उपभोक्ताओं को आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ले रहे हैं। लखनऊ मुख्यालय में भी कंट्रोल रूम सक्रिय है, जहां अधिकारियों की तैनाती से समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

## आरटीई के तहत 1.56 लाख बच्चों को निजी स्कूलों में मिला प्रवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को संचालित प्रवेश प्रक्रिया के पहले दो चरणों में 1.56 लाख से अधिक बच्चों को निजी विद्यालयों में दाखिला मिल चुका है।

बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार, प्रथम चरण में लगभग 1.09 लाख सीटों का आवंटन किया गया, जबकि दूसरे चरण की लॉटरी में 47 हजार से अधिक बच्चों को प्रवेश मिला। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से पूरी की गई, जिसमें आवेदन, सत्यापन और लॉटरी प्रणाली के जरिए छात्रों का चयन किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक प्रवेश लखनऊ में हुए हैं, जहां पहले चरण में 12,097 और दूसरे चरण में 3,489 बच्चों को सीट मिली।

# तीन माह में बनाए 18 लाख आयुष्मान कार्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली पहले, जौनपुर दूसरे और आगरा तीसरे स्थान पर

**अमृत विचार :** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत छूटे पात्र लाभार्थियों को जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश में विशेष अभियान चलाया गया है। चलाए गए अभियान के तहत पिछले 3 महीनों में करीब 18 लाख नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। प्रदेश में अब तक कुल 5.64 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिससे करोड़ों परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है।

प्रदेश सरकार ने यह विशेष अभियान पहले 25 नवंबर से 25 दिसंबर 2025 तक चलाया था, जिसमें 5.52 लाख से अधिक कार्ड बनाए गए। अभियान की सफलता को देखते हुए इसे 15 जनवरी से दोबारा शुरू किया गया, जो 15 अप्रैल तक चलेगा। 12 मार्च तक इस चरण में 17.94 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (साचीज) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अर्चना वर्मा के अनुसार, अभियान के दौरान कार्ड बनाने में बरेली जिला पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा, जहां 1,12,855 कार्ड बनाए गए। जौनपुर 83,042 कार्ड के साथ दूसरे और आगरा 76,702 कार्ड के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा प्रयागराज 74,252 कार्ड बनाकर चौथे और आजमगढ़ 70,266 कार्ड के साथ पांचवें स्थान पर रहा।

## कार्रवाई : वायरल वीडियो पर वरिष्ठ सहायक निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बस्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत में वायरल हुए एक वीडियो के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को मामले का तत्काल संज्ञान लिया और निर्देश दिए कि वीडियो के जांच कराई जाए और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

वायरल वीडियो में दिखाए गए क्लर्क प्रदीप श्रीवास्तव पर घूस लेने का आरोप था। उप मुख्यमंत्री के आदेश पर आरोपी वरिष्ठ सहायक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, उसे कार्यालय अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य, चित्रकूट धाम मंडल, बांदा में स्थानांतरित किया गया है। साथ ही मंडलीय अपर निदेशक, चित्रकूट धाम को जांच अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने मामले की जांच संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# प्रदेश में बन रहे 'यूनिटी मॉल', जिलों के उत्पादों को मिलेगा वैश्विक मंच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आगरा, वाराणसी और लखनऊ में तेजी से चल रहा निर्माण
- हस्तशिल्प, ओडीओपी और जीआई उत्पादों को मिलेगा बड़ा बाजार

**अमृत विचार :** प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों और स्थानीय उत्पादों को नया बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में 287.56 करोड़ की लागत से तीन आधुनिक 'पीएम यूनिटी मॉल' बनाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस पहल के तहत आगरा, वाराणसी और लखनऊ में इन मॉल का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। इनका उद्देश्य प्रदेश के 75 जिलों के ओडीओपी और जीआई-टैग उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ना है।

सरकार का मानना है कि इन मॉल के माध्यम से कारीगरों, महिलाओं और युवाओं को अपने उत्पादों को प्रदर्शित और बेचने के लिए स्थायी मंच मिलेगा। इससे पारंपरिक हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों को नया जीवन मिलने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। प्रदेश के कारीगरों को बड़ा बाजार मिलने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलने के साथ पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।



### फिनिशिंग और प्रशासनिक ब्लॉक का ढांचा तैयार

**अमृत विचार :** लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में करीब 4.86 एकड़ क्षेत्र में 64 करोड़ रुपये की लागत से यूनिटी मॉल बनाया जा रहा है। परियोजना के तहत दुकानों की फिनिशिंग और प्रशासनिक ब्लॉक का ढांचा तैयार हो चुका है और अन्य निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। इसके जून 2026 तक पूरा होने की संभावना है।

आगरा के शिल्पग्राम क्षेत्र में करीब 11.53 एकड़ भूमि पर लगभग 128.85 करोड़ रुपये की लागत से यूनिटी मॉल का निर्माण किया जा रहा है। यहां बेसमेंट और फाउंडेशन से जुड़े कई निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं।

वाराणसी के गंगानगर कॉलोनी क्षेत्र में लगभग 154.71 करोड़ रुपये की लागत से 1.46 एकड़ भूमि पर यूनिटी मॉल विकसित किया जा रहा है। यहां बनारसी साड़ी, जरी-जरदोजी, लकड़ी के खिलौने और रुद्राक्ष जैसे पारंपरिक उत्पादों को प्रदर्शित और बिक्री के लिए विशेष स्थान मिलेगा।

# चुनावी स्वार्थ के कारण कांग्रेस सपा मना रहे कांशीराम जयंती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस पार्टी ने सरकार में रहते नहीं दिया भारत रत्न : मायावती

**अमृत विचार:** बसपा प्रमुख मायावती ने कांग्रेस की ओर से कांशीराम को भारत रत्न दिए जाने की मांग पर कड़ा प्रतिवाद किया है। उन्होंने कहा कि सभी को पता है कि कांग्रेस काफी वर्षों तक केंद्र की सत्ता पर काबिज रही। लेकिन फिर भी उसने संविधान निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर और बसपा संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया। ऐसे में अब कांग्रेस कांशीराम को कैसे भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित कर सकती है। उन्होंने कहा कि गिरगिट की तरह रंग बदलकर चुनावी स्वार्थ के कारण सपा और कांग्रेस कांशीराम की जयंती मना रहे हैं।



बसपा प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि जब कांशीराम का निधन हुआ था, उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार और यूपी में सपा की सरकार थी। फिर भी कांग्रेस और सपा सरकार ने एक भी दिन का भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया था। अब यह पार्टियां तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर कांशीराम द्वारा बनाई गई बसपा को कमजोर करने में लगे हुए हैं। उन्होंने साफ कहा कि कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता के कारण ही कांशीराम को बसपा बनानी पड़ी थी।

## बसपा आज प्रदेशभर में मनाएगी कांशीराम जयंती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा की ओर से रविवार को प्रदेश भर में पार्टी संस्थापक कांशीराम की जयंती मनाई जाएगी। पश्चिमी यूपी के छह मंडलों के कार्यकर्ता नोएडा में एकत्र होंगे, वहीं लखनऊ समेत प्रदेश के हर जिले में जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अनुसूचित जातियों की एकता और उनके विकास के मुद्दे पर बात की जाएगी। बसपा प्रमुख मायावती ने सभी कार्यकर्ताओं को शनिवार को निर्देश जारी किए। कहा कि पूरे प्रदेश में जयंती के कार्यक्रमों को विशेष रूप से सफल बनाया जाए। उन्होंने आगाह किया कि जातिवादी और संकीर्ण जातिवादी सोच की राजनीतिक पार्टियां अवसरवादी फैशन के तहत अनुसूचित जाति के लोगों को गुमराह करना चाहती हैं। लेकिन जब यह लोग सत्ता में थे तो इन्होंने संवैधानिक व्यवस्था को पूरी तरह से पूरी तरह से निष्क्रिय कर दिया था। ऐसे अवसरवादियों से बहुजन समाज के लोग चौकन्ने रहें।

# विद्युत विभाग में वर्टिकल व्यवस्था फेल : समिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजस्व घटा गर्मियों में लड़खड़ा सकती है आपूर्ति

**अमृत विचार:** राज्य विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में देने के लिए थोपी गई वर्टिकल व्यवस्था पूरी तरह फेल है। टेक्निकल कार्य देख रहे इंजीनियरों को राजस्व कार्य में लगा दिया गया, जिससे बिजलीघरों का मेंटेनेंस प्रभावित हो रहा है। इसके चलते जहां राजस्व घट रहा है, वहीं गर्मियों में बिजली व्यवस्था लड़खड़ाने का खतरा पैदा हो गया है।

समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों की शनिवार को विभाग के फील्ड हास्टल में बैठक हुई। इस दौरान संयोजक ने पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा मनमाने ढंग से लागू की गई इस व्यवस्था को पॉलिसी पैरालिसिस करार दिया। बताया कि नई व्यवस्था के तहत 11 केवी और 33 केवी लाइनों व सब-स्टेशनों के मेंटेनेंस का कार्य, राजस्व वसूली, कमर्शियल कार्य तथा मीटरिंग का कार्य अलग-अलग कर दिया गया। इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह हुआ कि पहले जहां एक सहायक अभियंता 3–4 सब-स्टेशन संभालता था, वहीं अब उसे 8–10 सब-स्टेशन देखने पड़ रहे हैं। इसी प्रकार जूनियर इंजीनियरों पर भी कार्यभार कई गुना बढ़ गया है। उन्होंने प्रबंधन से तुरंत ही वर्टिकल व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की है।



लखनऊ : बैठक करते राज्य विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

तैयारी | आग की घटनाओं की सूचना देने को आमजन के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

# जंगलों में आग रोकने को 116 कंट्रोल सेल सक्रिय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अफसरों ने संभाली कमान मुख्यालय से प्रभागीय स्तर तक 24 घंटे निगरानी

**अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन विभाग ने मुख्यालय से लेकर प्रभागीय स्तर तक 116 अग्नि नियंत्रण सेल स्थापित कर दिए हैं, जो 24 घंटे निगरानी रखते हुए किसी भी आग की घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में अग्नि नियंत्रण सेल सक्रिय कर दिया गया है, वहीं प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालयों, वृत्त और जोन स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। मुख्य वन संरक्षक (प्रचार-प्रसार) अदिति शर्मा के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में वन अग्नि नियंत्रण के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रभागीय स्तर पर आग की किसी भी सूचना को तुरंत मुख्यालय तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

सभी नियंत्रण कक्षों में तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रत्येक नियंत्रण कक्ष में आग से जुड़ी किसी भी सूचना को तत्काल रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा और संबंधित क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इसकी जानकारी मुख्यालय को भी भेजी जाएगी, ताकि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सके।

वन विभाग ने आम नागरिकों से भी आग की घटनाओं की सूचना देने की अपील की है। इसके लिए मुख्यालय स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 0522-2977310, 0522-2204676, 9651368060 और 7017112077 जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर कोई भी व्यक्ति जंगल में आग से संबंधित जानकारी दे सकता है।

इन क्षेत्रों में वन विभाग ने पहले ही फॉरेस्ट फायर मॉक ड्रिल कराई है और जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियां भी गठित की गई हैं। इसके अलावा जंगलों में वन्य जीवों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नए वाटर होल बनाए जा रहे हैं।

### 19 जिलों के जंगल संवेदनशील

प्रदेश में 15 जून तक वन अग्निकाल माना जाता है। पिछले वर्षों के आंकड़ों के आधार पर चित्रकूट, सोनभद्र, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग, बहराइच, महराजगंज, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, उत्तर खीरी, दक्षिण खीरी, बलरामपुर, सहारनपुर, बिजनौर, गोंडा, गोरखपुर, मीरजापुर, चंदौली, ललितपुर, बांदा और हमीरपुर समेत कई क्षेत्रों को अतिसंवेदनशील और मध्य संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।

# अलीगढ़ की सुजाता ने पेश की मिसाल, देशभर में पहुंचा कारोबार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्वयं सहायता समूह से शुरू किया पूजा सामग्री का कारोबार

**अमृत विचार :** कोरोना काल में आई आर्थिक मुश्किलों को अवसर में बदलते हुए अलीगढ़ की सुजाता राघव ने आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। हरदुआगंज क्षेत्र के बड़ा गांव उखलाना की रहने वाली सुजाता ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़कर न केवल अपना कारोबार शुरू किया, बल्कि कई महिलाओं को रोजगार भी दिया।

कोरोना के दौरान उनके पति की नौकरी छूटने के बाद परिवार के सामने आय का संकट खड़ा हो गया था। इसी बीच उन्हें एनआरएलएम के बारे में जानकारी मिली और उन्होंने गांव की महिलाओं के साथ मिलकर वर्ष 2022 में "श्री राघव ग्रामीण महिला आजीविका स्वयं सहायता समूह" का गठन किया। समूह को मिली शुरुआती आर्थिक सहायता से सुजाता ने पूजा सामग्री बनाने का काम शुरू किया। अपने उत्पादों को पहचान देने के लिए उन्होंने "श्री शुभांग" नाम से ब्रांड बनाया और उसका ट्रेडमार्क भी पंजीकृत कराया। आज उनके उत्पाद अमेजन, फ्लिपकार्ट, जियो मार्ट और ओएनडीसी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं। सुजाता के इस प्रयास से 10 महिलाओं को सीधे रोजगार मिला है, जबकि कई अन्य महिलाएं पैकिंग और आपूर्ति से जुड़कर आय अर्जित कर रही हैं।



सुजाता राघव

लखनऊ, भैसोरा
गोमती नगर विस्तार में
1BHK 2BHK
फ्लैट बिक्री हेतु शुरुआती कीमत 22 लाख
मैप अप्रूव्ड - रेडी टू मूव
फ्लोर, पार्किंग , लिफ्ट, बिजली, पानी की सुविधा, स्कूल, हॉस्पिटल, मार्केट के पास में,
INTEREST SUBSIDY AVAILABLE
रेट 3700/- प्रति वर्ग फीट, लोन उपलब्ध
सभी बैंकों से लोन की सुविधा उपलब्ध
9235559202/9565464748

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# बेसिक शिक्षा में पहली बार 91 शिक्षकों को रमन पुरस्कार

- स्टार स्कूल ऑफ द ब्लॉक पुरस्कार से 29 अध्यापकों को किया गया सम्मानित, अध्यापकों को मिली बधाई
- विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में मार्गदर्शन व सहयोग करने पर बढ़ाया गया शिक्षकों का उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग ने परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नवोन्मेषी पहल हुई है। इसके तहत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में जिन शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन से बच्चों को सफलता मिली है ऐसे 91 अध्यापकों को रमन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

शहर के बोर्डिंग ग्राउंड पर कन्नौज इत्रोत्सव कार्यक्रम में सम्मान दिया गया। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा, इंस्पायर अवार्ड, पीएम श्रेष्ठा, अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, विद्याज्ञान, नवोदय, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थियों को अपना मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान कर सफलता दिलाने वाले शिक्षक- शिक्षिकाओं को बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने रमन पुरस्कार से सम्मानित किया। नोडल शिक्षक आशुतोष दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2026 में 10 से अधिक छात्र- छात्राओं का रजिस्ट्रेशन कराने वाले कुल 29 शिक्षकों को एनएमएमएस रजिस्ट्रेशन स्टार स्कूल ऑफ द ब्लॉक से सम्मानित किया गया।



मंच पर सम्मानित होने के बाद प्रशस्ति पत्र दिखाते अध्यापक व मौजूद बीएसए संदीप कुमार। अमृत विचार

### हम बनेंगे हुनरमंद टीम भी सम्मानित

हम बनेंगे हुनरमंद टीम के सदस्यों आशुतोष दुबे, अतुल दीक्षित, संदीप यादव, गुंजन भदौरिया, रोशनी दुबे को डीडीओ ने मोमेंटो से सम्मानित किया। खेल के क्षेत्र उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने वाले शिक्षक रजनीश कनौजिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय तहसीपुर को पहली बार कन्नौज खेल रत्न पुरस्कार से जिला विकास अधिकारी ने मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र दिया। रजनीश कनौजिया ने अपने विद्यालय से कुश्ती एवं ताइक्वांडो खेल विधा में छात्र-छात्राओं को पारंगत कर 36वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता अयोध्या में कुल 17 पदक कन्नौज के नाम कराए।

## गैस की नहीं है कोई कमी, तीन-चार दिन में पहुंचेगा सिलेंडर

**सौरिख, कन्नौज।** शहर व क्षेत्र के आसपास गांव में घरेलू गैस की आपूर्ति को लेकर चिंता की कोई आवश्यकता नहीं है ।

भारत गैस के वितरक खड़नी ग्रामीण क्षेत्र के संचालक कैलाश नारायन शाक्य ने बताया आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है । बुकिंग के बाद अधिकतम तीन से चार दिन के अंदर ही उपभोक्ता को होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर उपलब्ध करा दिया जाएगा। बताया कि उपभोक्ताओं के लिए भारत गैस बुकिंग के कई आसान तरीके उपलब्ध कराए गए हैं। उपभोक्ता आईबीआरएस बुकिंग के लिए नंबर 7715012345 और 7718012345 पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा उपभोक्ता 77 10955 555 नंबर पर भी मिस कॉल देकर बुकिंग कराई जा सकती है लेकिन गैस प्राप्ति की अवधि 25 दिन पूरी हो गई हो। आधुनिक तकनीक के माध्यम से गैस की भी बुकिंग की सुविधा दी जा रही है।

# दहेज न मिलने पर बिना दुल्हन लौटी बारात

- जयमाल में दूल्हे ने सास से मांगे थे 50 हजार रुपये
- पुलिस चौकी में हुई पंचायत, गांव गुखरू का मामला

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** दूल्हे ने द्वारचार के दौरान दुल्हन की मां से 50 हजार रुपये दहेज की मांग कर दी। इसे नाराज वधू ने शादी से इंकार कर दिया। पुलिस चौकी में चली पंचायत के बाद भी मामला नहीं सुलटा तो बारात बिना दुल्हन के लौट गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव गुखरु में एक युवती की शादी औरैया जनपद के थाना बिधूना के गांव कल्यानपुर जागू अशजना निवासी राहुल राठौर उर्फ शेरा से तय हुई थी। गुरुवार की रात वह दुल्हा बन कर बारात लेकर गुखरु गांव पहुंचा था। रात के समय शादी की रस्में पूरी होने लगी। द्वारचार के बाद जयमाल हो रही थी। बताते हैं कि इसी दौरान दूल्हा बने राहुल ने अपनी होने वाली सास से 50 हजार रुपये की मांग करदी। इस की भनक वधू को लगी तो उसने मां से बात की और शादी से इंकार कर दिया। इससे जयमाल नहीं हो सकी। इसके बाद बारात वापस करने की बात कही गई। रात में स्थानीय स्तर पर पंचायत होती रही। जब मामला नहीं सुलटा तो मामले की जानकारी मानीमऊ चौकी पुलिस को दी गई।पुलिस ने दोनों पक्षों को चौकी बुलाया।यहां पर भी पंचायत दूसरे दिन चलती रही। कोई नतीजा नहीं निकला। तो वर पक्ष के लोग मायूस होकर बिना दुल्हन लौट गये। वधू की मां ने पुलिस को बताया कि उस के पति की मौत हो चुकी है। वर पक्ष को पहले ही बता दिया था कि उसके पास दहेज देने के लिये नहीं है। इसके बाद भी जयमाल के दौरान रुपये की मांग की गई। इसी के चलते पुत्री ने शादी से इंकार कर दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर की टक्कर से कार हुई क्षतिग्रस्त, बचा कार चालक

**सौरिख।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई जबकि कार चालक बाल-बाल बच गया। चालक ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उत्तराखंड के थाना नानकमता के कस्बा कल्याणपुर निवासी अमरीक सिंह पुत्र जीत सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया, शनिवार सुबह समय लगभग 10 बजे वह अपनी कार से जनपद औरैया के थाना बिधूना जा रहा था। जैसे ही गाड़ी सौरिख थाना क्षेत्र के बिधूना मार्ग जायका होटल के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। उसके भी मामूली चोट आई पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

### वेल्डिंग दुकान में चोरी का आरोपी पुलिस के हत्थे चढा

**कन्नौज।** शहर के ईदगाह सुल्तानपीर रोड पर वेल्डिंग दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर को दबोचा लिया। इस के बाद उसे जेल भेजा गया। सदर कोतवाली के मोहल्ला सफदरगंज निवासी फरहान वारसी पुत्र नसीर अहमद की सुल्तानपीर रोड पर बेल्डिंग की दुकान में 12 व 13 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने दुकान तोड़ कर उसमें रखा करीव 1 .5 क्विंटल लोहा चोरी कर लिया था। यही नहीं चोर दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी खोल ले गये। चोर दुकान से करीव दो लाख रुपये का माल चोरी कर ले गये। पीडित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हाजीगंज मोहल्ला निवासी नूरआलम को गिरफ्तार कर लिया। उसने दुकान में चोरी करने की बात कबूल की। चोरी का माल बरामद किया गया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेशकर जेल भेजा है।

### गाली देने का विरोध करने पर महिला के पति और भाई को पीटा

**छिबरामऊ।** थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर जागीर में दबंगों का आतंक देखने को मिला है। यहाँ की निवासी उर्मिला पत्नी अतुल वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार की शाम जब वह खेतों की ओर जा रही थीं, तभी गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोगों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गंदी-गालियां देनी शुरू कर दीं। उसने घर पहुँचकर इस बात की जानकारी पति और भाई को दी, तभी आरोपी दरवाजे पर आ धमके। गाली देने का विरोध करने पर दबंगों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पति और भाई पर हमला कर दिया। हमले में दोनों को चोटें आई हैं। दबंगों ने न सिर्फ मारपीट की, बल्कि घर के बाहर खड़े भाई के ई-रिक्शा का शीशा भी तोड़ दिया। जाते-जाते आरोपियों ने पूरे परिवार को धमकी दी कि यदि दोबारा पुलिस में शिकायत की या विरोध किया, तो उन्हें जान से मार देंगे पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस में तहरीर देकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# बाइक में बस की टक्कर पर वकीलों ने किया हंगामा

## बस स्टैंड गेट पर हुई घटना में ठेली दुकान टूटी, पुलिस को दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** रोडवेज बस स्टैंड के गेट पर रोडवेज बस के चालक ने ग्रामीण की बाइक में टक्कर मार कर ठेली दुकान को रगड़ दिया। इससे उसका पल्ला टूट गया। इससे नाराज वकीलों ने स्टैंड पर हंगामा काटा। बाद में वकील चालक को पकड़कर कोतवाली ले गये। जहां उन्होंने चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के इब्राहीमगंज गांव निवासी राम खिलावन पुत्र रामसनेही शनिवार को 1:30 बजे पुरानी कचहरी से नई कचहरी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह रोडवेज बस स्टैंड के गेट पर पहुंचे उसी समय चालक तेजी व लापरवाही से रोडवेज बस को चलाते हुए आया और उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह उछल कर दूर जा गिरे। उनकी बाइक रोडवेज बस के नीचे पहुंच गई। बस ने स्टैंड के बाहर लगी जनरल स्टोर की ठेली में भी टक्कर मार दी। इससे ठेली में भी नुकसान हो गया। दुर्घटना की जानकारी पर कई वकील रोडवेज बस स्टैंड पहुंच गये। उन्होंने चालक को पकड कर नाम पता पूछा और इसके बाद उसे कोतवाली पकड़ ले गये। वहां पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। दुर्घटना की जानकारी पर रोडवेज के एआरएम अभिषेक वाजपेई ने भी रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। इसके बाद वह कोतवाली चले गये। मामले की जांचकी जा रही है।


रोडवेज बस स्टैंड के गेट पर मौजूद अधिवक्ता। अमृत विचार

## बिजली के तीन पोल टूटे, नगर सहित 10 गांवों की आपूर्ति ठप

**छिबरामऊ।** सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र में देर रात एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने मुख्य बिजली लाइन के तीन खंभों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे सिकंदरपुर नगर पंचायत और आसपास के करीब 10 गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई।

घटना रात करीब 12:30 बजे की है। सूचना मिलते ही सब स्टेशन ऑपरेटर अनिरुद्ध सिंह, सुशील कुमार यादव और लाइनमैन सेहस कुमार व अभय कुमार की टीम ने मरम्मत शुरू कर दिया। विभाग के अनुसार, दीपकपुर ग्रामीण फीडर और टाउन क्षेत्र की आपूर्ति बहाल करने के लिए विभाग के कर्मचारी ठीक करने में लगे हुए हैं।

# सुदामा चरित्र का किया भावपूर्ण वर्णन

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** क्षेत्र के हरिभानपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञानयज्ञ में रविवार को कथा वाचक पं. श्री रामानंद त्रिपाठी ने सुदामा चरित्र का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की सच्ची मित्रता, भक्ति और त्याग का प्रसंग सुनाया।

कथा वाचक ने बताया कि सुदामा अत्यंत निर्धन ब्राह्मण थे, लेकिन उनके हृदय में भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट प्रेम और श्रद्धा थी। जब सुदामा अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे तो भगवान ने स्वयं उठकर उनका स्वागत किया और उनके चरण धोकर मित्रता का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत किया। बताया कि सच्चे मन से की गई भक्ति और मित्रता का भगवान भी सम्मान करते हैं। इस दौरान पहुंचे गल्ला आढ़ती राम प्रकाश गुप्ता रामू ने कथा वाचक को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर कथा श्रवण करने के लिए क्षेत्रीय विधायक कैलाश राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता, विजय राजपूत, जिला पंचायत सदस्य प्रमोद राजपूत, रामू गुप्ता, विशेश्वर सिंह प्रधान, गोपाल सिंह बैस सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग व श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक विशेश्वर सिंह (खरें) प्रधान एवं राजू भदौरिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।


कथा वाचक को प्रतीक चिन्ह देते गल्ला आढ़ती रामू गुप्ता। अमृत विचार


खेल प्रतियोगिता में भाग लेते नन्हे मुन्ने बच्चे। अमृत विचार

## एनुअल स्पोर्ट्स में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रुखाबाद रोड स्थित गीतापुरम कॉलोनी के ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में 'एनुअल स्पोर्ट्स कार्निवाल 2026' का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इसमें पीजी से लेकर कक्षा पाँच तक के नन्हे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग कक्षाओं के बच्चों ने जंप एंड हिट द बॉल, थ्रो बॉल्स इन सर्कल, आई फोकस एंड बैलेंसिंग और बुक रेस जैसे खेलों में हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने लेमन एंड स्पून रेस, म्यूजिकल चेयर, खो-खो, टग ऑफ वॉर (रस्साकशी) और बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाया। एमडी रामानंद वर्मा ने बताया कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अनिवार्य हैं। वहीं, निदेशक हिमांशु वर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठयक्रम का आयोजन भी जरूरी है। प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया ।

## बिल जमा करने पर भी कई घंटे गुल रही बिजली

**कन्नौज।** स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिये मुसीबत बन गये हैं। बिजली कटने पर बिल जमा कर दिया। इस के बाद भी कई घंटे विभागीय अधिकारियों को फोन लगाये। इसके बाद बिजली मिल सकी।

बिजली विभाग ने विरोध के बाद भी उपभोक्ताओं के घरों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगा दिये। अब उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। किसी की बिजली बिल न जमा होने पर कट रही तो किसी का मीटर अधिक तेज चलने की शिकायत विभागीय अधिकारियों के पास पहुंच रही है। शनिवार को सरायमीरा डाक बंगला रोड निवासी आलोक शुक्ला का कनेक्शन बकाया पर कट गया। जानकारी पर उन्होंने तत्काल ऑनलाइन बिल का भुगतान कर दिया। इसके बाद भी कई घंटे बिजली नहीं आई।कई घंटे बाद मीटर रीडर ने पहुंच कर मीटर को ठीक किया इसके बाद बिजली मिली।

पहल | विकास भवन के कई ऑफिसों में पहुंचे कर्मचारी व अधिकारी

# अवकाश में भी खुले कार्यालय, निपटाया काम

- इत्र उत्सव की वजह से महीने के दूसरे शनिवार को बुलाए गए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** महीने के दूसरे शनिवार को ज्यादातर सरकारी कार्यालयों में अवकाश रहता है। 14 मार्च को भी द्वितीय शनिवार था लेकिन विकास विभाग के अधिकतर ऑफिस खुले रहे। अधिकारियों व कर्मचारियों ने काम निपटाया। बताया गया है कि इत्र उत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन शुभारंभ को लेकर कर्मियों व अफसरों को बुलाया गया था।

विकास भवन में शनिवार दोपहर को जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय खुला था। कर्मचारी भी ड्यूटी पर थे। विभाग के अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र की ड्यूटी समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के साथ लगी थी। वह कार्यालय में जनसुनवाई कर रहे थे। सीडीओ राम कृपाल चौधरी भी कक्ष में डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश के साथ विभागीय कार्य पर चर्चा कर रहे थे। जिला विकास कार्यालय में राजीव मोहन भी कक्ष में डाक चढ़ा रहा थे। इसी तरह पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह कक्ष में मौजूद मिले। कंप्यूटर ऑपरेटर घनश्याम व श्यामा भी कार्य में तल्लीन थीं। पहली मंजिल पर पशु पालन विभाग, समाज कल्याण विभाग का वित्त कार्यालय, उद्यान विभाग खुला था। एसबीएस ऑफिस का भी ताला खुला था। दूसरी मंजिल पर आरईडी का एक कक्ष का दरवाजा खुला था। हालांकि कुछ कार्यालयों में ताले भी लटके थे।


विकास भवन के कार्यालय में काम निपटाते राजीव मोहन। अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### व्यावसायिक गैस सिलेंडर की रोक से दुकानदार परेशान

**तिर्वा।** व्यावसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से कस्बे के मिठाई, फास्ट फूड, चाट, समोसा समेत अन्य खाद्य सामग्री बनाने वाले दुकानदारों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। कई दुकानों के बंद होने की नौबत आ गई है। मिठाई निर्माता लल्लन ने बताया कि वर्तमान समय में अधिकांश मिठाइयाँ गैस पर ही तैयार की जाती हैं। गैस उपलब्ध न होने से मजबूरी में कोयले से काम करना पड़ रहा है, जिससे लागत काफी बढ़ रही है। कहा कि यदि जल्द ही गैस की व्यवस्था नहीं हुई तो मिठाइयों के दाम बढ़ने की संभावना है। वहीं फास्ट फूड विक्रेता अमन ने बताया कि गैस न मिलने के कारण उनकी दुकान पिछले दो दिनों से बंद पड़ी है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही प्रतिबंध नहीं हटाया गया तो परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो जाएगा। दुकानदारों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है।

### महिला को मारपीट कर घायल करने की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज।** देवर ने बेवजह महिला के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम इंदुईयागंज निवासी संगीता देवी पत्नी प्रेमसागर ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि 13 मार्च की दोपहर लगभग 02 बजे उसके देवर शिवसागर ने उसके साथ बेवजह गाली गलौज की। मना करने पर उसे लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### थाना समाधान दिवस में नहीं पहुंचे अधिकारी

**कन्नौज।** एसआई परीक्षा के चलते थाना समाधान मजाक बना रहा। इसमें किसी अधिकारी के न बैठने से एसआई व कानूनगो ने जनता की फरियाद सुनी। मात्र तीन शिकायतें आई, एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को जिले के थाना कोतवालियों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जिन अधिकारियों को पहुंचना था वह नहीं पहुंचे। इस की मुख्य वजह शहर के कई विद्यालयों में दो पालियों में एसआई भर्ती परीक्षा थी। अधिकारियों की इस में ड्यूटी लगाई गई थी। अधिकारियों के न पहुंचने से कही थाना प्रभारी व कानूनगो तो कहीं पर दरोगा ने क्षेत्रीय लेखपालों के साथ जनता की फरियाद सुनी। किसी अधिकारी के थाना समाधान दिवस में मौजूद न होने से फरियाद लेकर पहुंचे कई फरियादी अधिकारियों की कुर्सी खाली देख कर बिना फरियाद किये लौट गये।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटे 63526 वाद

**कन्नौज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मामलों में 63526 वादों का सुलह समझौते से निस्तारण किया गया। बाह्य न्यायालय छिबरामऊ, ग्राम न्यायालय तिर्वा एवं समस्त प्रशानिक कार्यालयों में लोक अदालत का आयोजन हुआ। जेल अधीक्षक ने राष्ट्रीय लोक अदालत में बंदियों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों जैसे- लैम्प, एल0ई0डी0 झालर लाईट, बल्ब, टार्च, झोले, आदि की बिकी हेतु स्टाल लगवाए। कन्नौज में 18091 में से सुलह समझौते के आधार पर कुल 2911 वाद निस्तारित कर मु0 45,73,4461 रुपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया। प्रशासन स्तर पर 82217 वाद में से 60615 निस्तारित किए गए।

# पहले दिन एसआई भर्ती परीक्षा में 1186 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

## आज भी शहर के सभी आठ केंद्रों पर सुबह व दोपहर को आयोजित होगा इम्तिहान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**1322** अभ्यर्थी सुबह की पाली में आए

**1332** अभ्यर्थी दूसरी पाली में शामिल हुए

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से शहर के आठ केंद्रों पर उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा हुई। प्रत्येक पाली में पंजीकृत 1920 अभ्यर्थियों के सापेक्ष सुबह की पाली मं् 1322 और दूसरी पाली में 1332 परीक्षार्थी शामिल हुए। दोनों पालियों में कुल 1186 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।


शहर के सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र में निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

जिला प्रशासन की ओर से बताया गया है कि दो दिवसीय परीक्षा पहले दिन शनिवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हुई। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं एसपी विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर किया। जिलाधिकारी ने पुलिस लाइन स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं को परखा। दोनों ही अधिकारियों ने शहर के मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, जमुना प्रसाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, सेठ बासुदेव सहाय इंटर कॉलेज, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज मकरंदनगर, पीएसएम पीजी कॉलेज, केकेसीएन इंटर कॉलेज तथा केके इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, बैठने के इंतजाम तथा अभ्यर्थियों के प्रवेश संबंधी प्रबंधों का सत्यापन किया। आज यानि रविवार को भी आठो केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। जिम्मेदारों ने गोपनीय परीक्षा सामग्री के सुरक्षित रख-रखाव, अभ्यर्थियों की सघन जांच तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे डिजिटल कैमरा युक्त चश्मा, ईयरिंग डिवाइस अथवा अन्य वर्जित सामग्री की पहचान के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने को कहा। प्रवेश द्वार पर ही अभ्यर्थियों की गहन जांच की गई, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता एवं शुचिता बनी रही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह परीक्षा अत्यंत संवेदनशील है, जिसको लेकर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरी मुस्तैदी, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

### तो जिम्मेदार देते रहे गलत जानकारी

**कन्नौज।** जिम्मेदारों की ओर से एसआई भर्ती की परीक्षा में महज 1920 परीक्षार्थियों के ही शामिल होने की सूचना दी जाती रही। डीएम की बैठक की जब भी विज्ञप्ति आई तो उसमें भी यही आंकड़ा आया। चर्चा है कि जिम्मेदारों ने महत्वपूर्ण परीक्षा को लेकर लापरवाही बरतते हुए गलत आंकड़े पेश किए। दूसरी ओर अगर एडीएम वित्त एवं राजस्व देवेंद्र सिंह की माने तो प्रत्येक पाली में 1920- 1920 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। दोनों दिन दोनों ही पालियों में अलग-अलग परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इस हिसाब से पूरी परीक्षा में कुल 7680 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। पहले दिन सुबह की परीक्षा में पंजीकृत 1920 के सापेक्ष 1322 और दूसरी पाली में 1332 अभ्यर्थी शामिल हुए।

## दरोगा भर्ती में 'पंडित' शब्द के विवादित विकल्प पर आक्रोश

**छिबरामऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के हिंदी खंड में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। प्रश्न में 'अवसर के अनुसार बदल जाने वाले' व्यक्ति के लिए एक शब्द का विकल्प मांगा गया था, जिसमें 'अवसरवादी' के साथ 'पंडित' शब्द को विकल्प के रूप में शामिल किया गया। इस पर ब्राह्मण संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे विद्वत्ता और एक पूरे समुदाय का अपमान बताया है।

'पंडित' शब्द का अर्थ विद्वान और ज्ञानी होता है। इसे 'अवसरवादिता' जैसे नकारात्मक भाव के विकल्पों में रखना संवेदनहीनता और दुर्भावनापूर्ण मानसिकता का प्रतीक है। ब्राह्मण समाज ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव पं. दिनेश दुबे एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश दुबे ने इसे सामाजिक समरसता बिगाड़ने और जातीय तनाव पैदा करने की साजिश करार दिया है। संगठनों ने मांग की है कि पेपर सेट करने वाली कमेटी के विरुद्ध तत्काल विभागीय जांच हो और दोषियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। यह प्रश्न न केवल गलत फ्रेम किया गया है बल्कि यह ब्राह्मणों के प्रति घृणित मानसिकता को दर्शाता है।


नसरापुर स्थित मिश्रा कोल्ड स्टोरेज पर लगा बैनर व बाहर खड़ी आलू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली।

## तीन कोल्ड स्टोरेज फुल, बाकी में 63 फीसदी आलू का भंडारण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद के तीन कोल्ड स्टोरेज आलू से फुल हो गए हैं। कुछ कोल्ड स्वामियों की ओर से इसके बैनर भी गेट पर टांग दिए गए हैं। अन्य कोल्ड स्टोरेज में करीब 63 फीसदी आलू भंडारण हो गया है। अब महज 37 फीसदी ही जगह शीतगृहों में बची है। कन्नौज के अलावा हरदोई व कानपुर समेत पड़ोसी जिलों से भी आलू यहां रखा जाता है।

शहर के निकट तिर्वा रोड स्थित मिश्रा कोल्ड स्टोरेज पर चार दिनों से भंडारण क्षमता पूर्ण होने का बैनर लगा है। साथ ही इसके लिए किसानों को धन्यवाद भी दिया गया है। इसी तरह नजरापुर पट्टी गांव के निकट स्थित शंकर कोल्ड स्टोरेज में आलू भंडारण के लिए दरवाजे बंद हैं। इसी के साथ ही अन्नपूर्णा प्रिजर्वेशन टिड़ियापुर में भी यही हालत है। शुक्रवार की रात में यहां दरवाजा बंद था और आलू लदी ट्रैक्टर ट्रॉलियां तिर्वा- कन्नौज मार्ग पर खड़ी थीं। बताया जा रहा है कि जिन शीतगृहों की ओर से किसानों को वारदाना दिया जा चुका है उनका ही आलू भंडारण के लिए पहुंचेगा, बाकी किसानों को लौटाया जा रहा है।

हालांकि कोल्ड स्टोरेजों की संख्या बढ़ने से अभी आलू भंडारण की समस्या नहीं है ऐसा उद्यान विभाग के अधिकारियों का कहना है। डीएचओ सीपी अवस्थी के मुताबिक जिले में 197 कोल्ड स्टोरेज हैं। इसमें 21.83 लाख मीट्रिक टन आलू भंडारण की क्षमता है। इसके सापेक्ष औसत 63 फीसदी भंडारण हो चुका है।

# कन्नौज इत्रोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम


स्टाल को देखतीं प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी, समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण।

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- बोर्डिंग ग्राउंड में प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ, योजनाओं संबंधी प्रदर्शनी लगी

**अमृत विचार।** स्थानीय बोर्डिंग ग्राउंड में तीन दिवसीय "कन्नौज इत्रोत्सव-2026" का शुभारंभ शनिवार को उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री/जनपद प्रभारी मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी एवं समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने संयुक्त रूप से किया।

अतिथियों द्वारा सूचना विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी, इत्र स्टॉल, फूड स्टॉल तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर उनकी सराहना की गई। कार्यक्रम में राधा रानी बृज संस्कृति कला समिति मथुरा द्वारा भजन गायन, नृत्यांजलि फाउंडेशन लखनऊ द्वारा रामायण, नृत्य नाटिका/गंगावतरण आदि कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि कन्नौज सदियों से इत्र की राजधानी के रूप में विश्व में प्रसिद्ध रहा है। इत्रोत्सव का उद्देश्य कारीगरों, व्यापारियों और उद्यमियों को एक मंच प्रदान कर कन्नौज के इत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना तथा इसकी प्रभावी ब्रांडिंग करना है। केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार पारंपरिक उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। समाज कल्याण राज्य मंत्री ने कहा कि यह तीन दिवसीय इत्रोत्सव उत्साह, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम है, जो कन्नौज की पहचान को और मजबूत करेगा। विधायक तिर्वा ने कहा कि इत्रोत्सव के आयोजन से कन्नौज की पारंपरिक कला, संस्कृति और उद्योग को नया मंच मिलेगा। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि इत्रोत्सव के माध्यम से कन्नौज के इत्र उद्योग, स्थानीय कारीगरों की कला, पारंपरिक संस्कृति तथा स्थानीय व्यंजनों को एक मंच प्रदान किया गया है। इसके माध्यम से यहां के कारीगरों, उद्यमियों और व्यापारियों को नए अवसर प्राप्त होंगे तथा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


फीता काट कर शुभारंभ करते विधायक कैलाश राजपूत।


वार्षिकोत्सव में सम्मानित किए गए होनहारों के साथ अतिथि। अमृत विचार

# वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों ने मोहा मन

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- प्राथमिक विद्यालय कुसका नगरिया में हुआ वार्षिकोत्सव

**अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय कुसका नगरिया, विकास खंड सौरिख में विद्यालय का वार्षिकोत्सव भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश बाथम, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता तथा खंड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ पाठक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इससे पहले सभी अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक एवं प्रेरणादायी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हिमांशु प्रताप सिंह की ओर से एक कक्षा कक्ष में एलईडी, प्रोजेक्टर तथा बच्चों के बैठने के लिए कुर्सी-डेस्क की व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। वहीं ब्लॉक प्रमुख की ओर से विद्यालय को वाटर कूलर भी प्रदान किया गया। 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे वरिष्ठ शिक्षक सिद्ध गोपाल को समारोहपूर्वक विदाई दी गी।

मयंक त्रिपाठी के संचालन में हुए कार्यक्रम में गौरव कुमार, रेखा, अनीता, मजरूल अली, सरोजनी देवी सहित गिरजेश सिंह वैस, नैमिष द्विवेदी, आशुतोष गुप्ता, प्रबल प्रताप सिंह, आरपी संजीव कुमार, अमित सेंगर, हरवेन्द्र सिंह, संजीव कुमार, अवनीश कुमार, देवानंद, नितेंद्र बिहारी हजेला, राहुल प्रजापति सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक प्रधानाध्यापक ने सभी अतिथियों, अभिभावकों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# सात शिकायतों में किसी का निस्तारण नहीं

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** समाधान दिवस में भूमि विवाद, रास्ता बंद करने, भूमि पर निर्माण न होने देने सहित मारपीट व धमकी देने के मामले में आए। राजस्व व पुलिस संबंधी कुल सात शिकायतों में किसी का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।


समाधान दिवस में समस्या सुनते कोतवाल अजय अवस्थी।

शनिवार को कोतवाली परिसर में पीड़ितों की समस्या के त्वरित समाधान के लिए समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कोतवाल अजय अवस्थी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और चौकी प्रभारी सहित राजस्व कर्मियों को प्रार्थना पत्र सौंप कर स्थलीय जांच कर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में कुल सात शिकायतें आयीं। जिसमे राजस्व की तीन व चार पुलिस सम्बंधित शिकायत में एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। फरियादियों ने भूमि विवाद, रास्ता रोकने, भूमि पर निर्माण न होने देने, मारपीट कर धमकी देने सहित आदि समस्याओं को लेकर शिकायत की। समाधान दिवस में राजस्व का कोई अधिकारी न होने के कारण लेखपालों की संख्या भी कम रही। इससे राजस्व की समस्याओं के निस्तारण में कोतवाल को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# चली वेबसाइट, शुरू हुए आरटीई के लिए आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए 25 मार्च तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन
- शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए चल रहा है प्रक्रिया का अंतिम चरण

**अमृत विचार।** आखिरकार दूसरे दिन से निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) की वेबसाइट चलने लगी। इसी से ऑनलाइन आवेदन भी शुरू हो गए। पात्र बच्चों को निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटों पर निशुल्क प्रवेश दिए जाएंगे। वेबसाइट न चलने को लेकर आपके अपने लोकप्रिय समाचार पत्र अमृत विचार ने शीर्षक पहले दिन ही आरटीई की वेबसाइट दे गई दगा खबर भी प्रकाशित की थी।


पहले दिन ही आरटीई की वेबसाइट दे गई दगा

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

तीसरे व अंतिम चरण के तहत 12 से 25 मार्च तक आरटीई में ऑनलाइन आवेदन होंगे। पहले दिन वेबसाइट न चलने से जरूरतमंदों को दिक्कतें हुईं थीं। दूसरे दिन पोर्टल चला, हालांकि वेबसाइट में दो विकल्प अब भी नहीं खुल रहे हैं। यह दोनों ही लॉटरी से संबंधित हैं। अब आवेदन करने के लिए 11 दिन बचे हैं। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि दुर्बल वर्ग और अलाभित समूह के 03 वर्ष से अधिक और 07 साल से कम आयु वर्ग के छात्र- छात्राओं का निःशुल्क दाखिला निजी स्कूलों में कराया जाएगा। शैक्षिक सत्र 2026- 27 का शुभारंभ पहली अप्रैल से होगा, उसी के लिए प्रक्रिया चल रही है। पिछले साल 85 निजी विद्यालयों में करीब




450 बच्चों का प्रवेश कराया गया था। इस बार संख्या बढ़ रही है। हालांकि उपलब्ध सीटों के सापेक्ष प्रवेश काफी कम होंगे, इसका कारण है कि पंजीकृत विद्यालयों में पीजी, एलकेजी व यूकेजी की कक्षाएं प्रदर्शित नहीं की गईं हैं। साथ ही सभी मोहल्लों व ग्राम पंचायतों में स्कूल या तो हैं या नहीं या पंजीकृत नहीं हैं। इसका प्रभाव भी जरूरतमंदों को योजना के लाभ से दूर करेगा।

**सम्मन विनावर इनफिसाल मुकदमा**
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
व अदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय राजापुर, जिला-चित्रकूट
नम्बर मुकदमा मुद्दई
साकिन
**नागेन्द्र सिंह**
बनाम
**महादेव आदि**
साकिन महुवागांव धारा 14430 **प्र0रा0स0**
दरगाह वादीगण ने आपके नाम एक नालिस वावत के दायर लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आ0 ता0 18/03/2026 ई0 बवक्त बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के अदालत से करार बाकई बाकिफ किया गया हो और जो कुल उमर अइन मुतालिक मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्श हो जवाब ऐसे सवालात को दे हाजिर हो और जवाब देहीदात काकर और दरगाह वही तारीख जो आपके इजराय के लिए मुकर्रर है वास्ते इनमिसाल कतई मुकदमा की तहजीब हुई है आप को लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिसका आप अपनी जवाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। आपको इत्तला दी जाती है कि अनरववाज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैर हाजिर मजकूर और फैसला होगा। बरख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख सन! 2026 ई0 जारी किया गया।
(1) अगर आपको यह अंदेशा है कि आपके गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न होंगे तो आपको अदालत हाजा से सम्पन्न हुई मुराद जारी कर सकते है कि जो गवाह हाजिर नहीं वह जबरन हाजिर कराया जाये और जिस दस्तावेज की किसी गवाही में पेश करने का इत्तिफाक रखते हैं वह उससे पेश कराई जाये बशर्ते कि आप खर्चा जरूरी अदालत में दाखिल करके इस उम्र दरख्वास्त गुजराये।
'(2) अगर आप मुकदमा मुद्दई की तईलोक करतें हैं तो आपको जाज्म है कि रूपया व्यय खर्चा गालित दाखिल में करे ताकि कार्यवाही इजराय डिग्री की जो आपको जान-माल दोंनो पर करवाना पडेगा।
**1/1 सुरेश कुमार पुत्र स्व0 महादेव**
**1/2 महेश कुमार पुत्र स्व0 महादेव**
**1/3 अवधेश कुमार पुत्र स्व0 महादेव**
**2 शिवनारायण पुत्र विशाली**
**निवासीगण करौदिहाई, मजरा अर्की, तहसील-राजापुर, जिला-चित्रकूट।**

**पहल** | भाजपा नेताओं ने बस सेवा को दिखाई हरी झंडी, बेबर-मैनपुरी हो कर कानपुर जायेगी बस

# तालग्राम-कानपुर बस सेवा शुरू, पांच घंटे में पहुंचेंगे यात्री

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** तालग्राम क्षेत्र की जनता को कानपुर के लिये मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा की सौगात दी गई है। शनिवार को भाजपाइयों ने हरी झंडी दिखा कर इसे रवाना किया। यह बस सेवा तालग्राम से कानपुर तक नियमित सुबह 07 बजे जायेगी। इस बस सेवा को लेकर जहां जनता ने खुशी जताई है वहीं नाराजगी भी है। क्योंकि बस सेवा को तालग्राम से बेबर मैनपुरी पहले जायेगी इस के बाद कानपुर को रवाना होगी। इससे तालग्राम से कानपुर जाने वाले यात्रियों को पांच घंटे का समय लगेगा।



तालग्राम- कानपुर बस सेवा का हरी झंडी दिखा कर रवाना करते भाजपा नेता।

शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बस का विधिवत पूजन कर कार्यकर्ताओं के साथ हरी झंडी दिखाकर इसे कानपुर के लिए रवाना किया। बताया गया कि यह बस सेवा प्रतिदिन तालग्राम के चौखटा चौराहे से सुबह सात बजे रवाना होगी। बस छिबरामऊ, बेवर और मैनपुरी होते हुए कानपुर पहुंचेगी। वापसी में बस कानपुर के कल्याणपुर से दोपहर 2:30 बजे चलकर शाम करीब पांच बजे छिबरामऊ होते हुए तालग्राम पहुंचेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस सेवा भले ही शुरू की गई है पर इस का लाभ क्षेत्र के लोगों को खास नहीं मिलेगा। क्षेत्रीय लोगों ने लंबे समय से बस सेवा की मांग की थी। इसी मांग को देखते हुए बस सेवा को शुरू किया गया है। विधायक अर्चना पांडेय के प्रयासों से यह सेवा संभव हो पाई है। लोगों का कहना है कि इस बस सेवा से वहीं लोग सफर कर सकते हैं जिनके पास समय हो। जिन लोगों को किसी काम से कानपुर जाना व शाम तक वापस आना है उनके लिये यह बस किसी काम की नहीं है। क्योंकि बस तालग्राम से सीधे कानपुर के लिये निकलती तो लोग कम समय में कानपुर पहुंच जाते और काम निपटाने के बाद इसी बस से घर लौटते। पर इस बस सेवा को तालग्राम से मैनपुरी जनपद भेजने से कानपुर का सफर करीव पांच घंटे का होगा जो लोगों के लिये समझ से परे है। इस अवसर पर भाजपा नेता दिनेश सिंह यादव, अनिल मिश्रा और पंकज ठाकुर ने बस के चालक रनवीर सिंह और परिचालक मोहम्मद जमील अहमद का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सभासद राजेश शर्मा, नरेंद्र सिंह शाक्य, मुकेश शाक्य, मोनू ठाकुर, ऋषभ त्रिपाठी, रामऔतार शाक्य, सौरभ गुप्ता सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आठ बीएलओ को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आठ बीएलओ को सम्मानित किया। इस दौरान ई-बीएलओ एप पर मतदाताओं की फीडिंग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र के साथ प्रोत्साहन धनराशि भी प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची का सही और समय पर अद्यतन होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### प्रगतिशील कृषकों के समूह की बस को दिखाई हरी झंडी

फर्रुखाबाद। शनिवार को उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार (श्रीअन्न) कार्यक्रम एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नालोजी आत्मा योजना के अन्तर्गत अधिकारी / कर्मचारी एवं प्रगतिशील कृषकों के समूह को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से झण्डी दिखाकर बस को रवाना किया गया। जिसमें कृषि विभाग के 20 अधिकारी व कर्मचारी एवं 30 प्रगतिशील कृषकों के दल को गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पन्तनगर (उत्तराखण्ड) में आयोजित 119 वां अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में प्रतिभाग कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा (उत्तराखण्ड) में मिलेट्स की खेती तथा उत्पादों के उपभोग व उनसे होने वाले स्वास्थ्य सम्बन्धी लाभ विषय पर कृषको एवं उपभोक्ताओं को जागरूक किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण कराया जाएगा।

### ई-रिक्शा पलटने से चालक घायल

फर्रुखाबाद। शमशाबाद में शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे थाने के पास एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। ब्लॉक क्षेत्र के गांव मुरेठी निवासी जनवेश कुमार पुत्र रोशन लाल अपना ई-रिक्शा चलाकर फैजबाग से शमशाबाद सवारी लेकर आए थे। सवारी उतारने के बाद वह वापस फैजबाग जा रहे थे, तभी थाने के पास उनका ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में जनवेश कुमार को गंभीर चोटें आई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत घायल जनवेश कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद पहुंचाया। वहां डॉ. अलीम अंसारी ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन जनवेश की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### किशोर लापता, पुलिस को दी गई तहरीर

फर्रुखाबाद। नवाबगंज थाना क्षेत्र के महमदपुर धनी गांव निवासी अरविंद कुमार का 14 वर्षीय पुत्र आदित्य उर्फ रिंकू शनिवार सुबह लगभग पौने नौ बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। आदित्य के देर तक घर वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से जानकारी ली, लेकिन आदित्य का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद आदित्य के दादा ओमप्रकाश ने थाना पुलिस को अपने नाती के लापता होने की तहरीर दी गई है।

### मस्जिदों में चलाया गया सफाई अभियान

फर्रुखाबाद। शहर में ईद के त्योहार से पहले शहर की ईदगाहों और मस्जिदों में शनिवार को विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल और अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार के निर्देश पर यह अभियान नमाजियों के लिए स्वच्छ और सुगम वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। अभियान के तहत, झाड़ियों की कटाई, कूड़ा-कर्कट उठवाना, समतलीकरण और चूना छिड़काव जैसे कार्य प्रमुखता से किए जा रहे हैं। समाजसेवी और सभासद हाजी असलम अंसारी, फुरकान अहमद खान और नौशाद अहमद ने नई और पुरानी ईदगाहों में चल रहे सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। सभासद असलम अंसारी ने बताया कि बिजली और पानी की व्यवस्था भी दुरुस्त की जा रही है।

# सिलेंडर वितरण में कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई:डीएम

## डीएम-एसपी ने कमालगंज गैस एजेंसी का निरीक्षण कर दिए निर्देश

संवाददाता फर्रुखाबाद



कमालगंज स्थित गैस एजेंसी में निर्देश देते डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ.आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने शनिवार को कमालगंज स्थित मधु गैस सर्विस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गैस एजेंसी पर एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता, उपभोक्ताओं की बुकिंग, डिलीवरी व्यवस्था और स्टॉक रजिस्टर की विस्तार से जांच की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी उपभोक्ताओं को समयबद्ध तरीके से गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग लंबित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गैस सिलेंडर वितरण में किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता नहीं होनी चाहिए। एजेंसियां केवल ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से ही सिलेंडर वितरण करें और वितरण प्रणाली में पूरी पारदर्शिता बनाए रखें। साथ ही उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने को भी कहा गया।

पुलिस अधीक्षक ने एजेंसी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाए।

उन्होंने कहा कि गैस गोदाम और एजेंसी परिसर में अग्निशमन उपकरण हमेशा क्रियाशील अवस्था में रखे जाएं ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी तथा गैस एजेंसी के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### हॉकर के माध्यम से होगी सिलेंडर डिलीवरी

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की डिलीवरी हॉकर के माध्यम से उनके घर तक पहुंचाई जाए, ताकि एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगे और व्यवस्था सुचारू बनी रहे।जिलाधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सभी गैस एजेंसी संचालकों को अपने-अपने गोदाम और कार्यालय पर इस आशय के बैनर लगाने के लिए कहा गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए कि गैस सिलेंडर की बुकिंग के बाद डिलीवरी हॉकर के माध्यम से उपभोक्ताओं के घर तक पहुंचाई जाएगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है किर निर्धारित प्रक्रिया के तहत बुकिंग कराकर घर बैठे सिलेंडर प्राप्त करें।

# किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

संवाददाता कायमगंज



तहसीलदार को ज्ञापन देते किसान नेता। अमृत विचार

- किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग
- इंडेन और एचपी गैस की कालाबाजारी रोकने की भी मांग

**अमृत विचार।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन (अराजनैतिक) ने शनिवार को कायमगंज में मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को संबोधित एक आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार विक्रम सिंह को दिया गया। इसमें किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई है।

ज्ञापन में प्रमुख मांगों में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी को दूर करने और एक सर्जन की तैनाती की मांग शामिल है। यूनियन ने इंडेन और एचपी गैस की कालाबाजारी रोकने तथा बंद किए गए बुकिंग कार्यालयों को फिर से खोलने की भी अपील की। किसानों ने आरोप लगाया कि कायमगंज राजकीय बीज भंडार में कर्मचारी अपने चहेतों को निशुल्क बीज वितरित कर रहे हैं, जिस पर रोक लगाने की मांग की गई। तहसील में अंश निर्धारण में विसंगतियों और अवैध धन उगाही को रोकने के लिए भी ज्ञापन में अनुरोध किया गया। इस वर्ष आलू किसानों की बर्बादी का हवाला देते हुए, यूनियन ने उनके किसान क्रेडिट कार्ड ऋण माफ करने की मांग की। इसके अतिरिक्त, ध्वस्त हो चुके कायमगंज-अताईपुर मार्ग का जल्द से जल्द निर्माण कराने की भी मांग की गई। ज्ञापन में विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण की भी मांग की गई। इस दौरान भारतीय किसान मजदूर यूनियन (अराजनैतिक) के प्रदेश अध्यक्ष राम बहादुर राजपूत, जिलाध्यक्ष प्रेमचंद सक्सेना, रमेश चंद्र पाल, जयदेव सिंह शाक्य सहित कई किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला से कुंडल लूटने में एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में चलती बाइक पर महिला के कुंडल लूटने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर घाट निवासी राम पुत्र राजवीर शुक्रवार को अपनी बहन मंजू देवी को बाइक से लेकर एटा जिले के गांव लहचोरा स्थित उसकी ननद शारदा के घर जा रहा था। बताया गया कि शारदा का हाल ही में ऑपरेशन हुआ है, इसलिए मंजू देवी हालचाल लेने जा रही थी।

अलीगंज रोड पर गांव ढमढेरा के पास पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाश उनकी बाइक के बराबर आ गए। बदमाशों ने तमंचे के बल पर झपट्टा मारकर मंजू के कानों से कुंडल खींच लिए और मौके से फरार हो गए। पीड़ित राम की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम शनि निवासी दत्तू नगला बताया है। उसके पास से महिला का पर्स बरामद हुआ, जिसमें आधार कार्ड और 1150 रुपये मिले हैं। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी का नाम कुलदीप निवासी एटा बताया है। कोतवाली पुलिस फरार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपी का पुलिस ने मेडिकल परीक्षण भी कराया है।इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने बताया कि दर्ज मुकदमे के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।जिसके पास से महिला का पर्स बरामद हुआ है,दूसरे आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# भटपुरा में लगे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों का उपचार

संवाददाता फर्रुखाबाद



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को देखते चिकित्सक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय, इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद द्वारा कमालगंज क्षेत्र के ग्राम भटपुरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श के साथ मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया।

आयुर्वेद संकाय के डीन प्रो. डॉ. अंबरीश कुमार बाथम ने बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद में भर्ती मरीजों को चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा दवा, भोजन सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। भर्ती मरीजों को निःशुल्क परामर्श के साथ दवाएं, जांचें, ऑपरेशन एवं अन्य उपचार की सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि भटपुरा में आयोजित शिविर में लगभग एक सैकड़ा से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने बताया कि संस्थान में भर्ती मरीजों के सभी प्रकार के ऑपरेशन, डिलीवरी, दवा व भोजन की व्यवस्था भी निशुल्क की जाएगी, जिससे जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# विद्यालय में मां सरस्वती की मूर्ति का अनावरण, हुए कार्यक्रम

संवाददाता कायमगंज



डॉ.सुरभि को चित्र भेंट करते शिक्षक।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव रजपालपुर स्थित विद्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ सुरभि ने दीप प्रज्वलित कर प्रतिमा का अनावरण किया।

छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से समाज को जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया। नन्हे मुन्ने कलाकारों ने नाटक के जरिए शिक्षा की अलख जगाई और संदेश दिया कि शिक्षित समाज ही उज्जवल भविष्य की असली नींव है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सड़क सुरक्षा पर आधारित नाटिका रही। इसके माध्यम से विधार्थियों ने ट्रैफिक नियमों के पालन की महत्ता समझाई जिसकी लोगों ने प्रशंसा की। विधायक डॉ सुरभि ने बच्चों के प्रदर्शन को देखकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक अभय सिंह गंगवार, सुधीर सिंह, संजय, अजब सिंह, मनोज, पंकज, सुरेश चंद और सत्यवीर मौजूद रहे।

# अवैध खनन में लाखों का जुर्माना

संवाददाता अमृतपुर

- अर्थदंड और अन्य बकाया राशि ब्याज सहित वसूलने के निर्देश
- पट्टेदार को दो वर्ष की अवधि लिए ब्लैकलिस्ट में भी शामिल किया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार तहसील अमृतपुर क्षेत्र के आसमपुर स्थित बालू खनन पट्टे में अनियमितताएं पाए जाने पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए पट्टेदार पर भारी आर्थिक दंड लगाया है और पट्टा को निरस्त कर दिया है। साथ में कमला कमला कांट्रेक्टर एंड सप्लायर को 2 साल के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है।

सहायक भूवैज्ञानिक/खनन अधिकारी द्वारा 17 दिसंबर 2025 को किए गए औचक निरीक्षण में खनन क्षेत्र में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पाया गया कि पट्टेदार द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर लगभग 0.24575 हेक्टेयर क्षेत्र में अवैध रूप से खनन किया गया, जिसमें करीब 491.5 घनमीटर मिट्टी और 4423.5 घनमीटर बालू का अवैध उत्खनन कर उसकी बिक्री की गई।जांच के दौरान यह भी सामने आया कि पट्टा क्षेत्र में खनन कार्य करते समय कई आवश्यक नियमों का पालन नहीं किया गया। खनन स्थल पर सीमांकन स्पष्ट नहीं था और स्वीकृत खनन योजना तथा पर्यावरणीय प्रावधानों का भी उल्लंघन पाया गया। इसके अलावा खनन क्षेत्र में केवल 360 डिग्री का एक कैमरा लगाया गया था, जिसका इंटीग्रेशन मुख्यालय कमांड सेंटर से नहीं कराया गया था, जो नियमों के विरुद्ध है। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि कई वाहनों से बिना ई-एमएम-11 (खनिज परिवहन प्रपत्र) के खनिज का परिवहन किया गया।कार्यालय अभिलेखों के अनुसार पट्टेदार को पूर्व में भी देय धनराशि, खनिज न्यास एवं टीसीएस जमा करने के लिए कई नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद समय पर भुगतान नहीं किया गया और न ही कार्यालय में उपस्थित होकर संतोषजनक स्पष्टीकरण दिया गया। इसके चलते प्रशासन ने इसे नियमों का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की है।जांच में यह भी सामने आया कि अवैध खनन और नियमों के उल्लंघन के कारण सरकार को लगभग 16,59,755 रुपये की राजस्व क्षति हुई है। इसके सापेक्ष पट्टेदार द्वारा मात्र 2,00,000 रुपये अर्थदंड जमा कराया गया था, जो निर्धारित दंड के मुकाबले बहुत कम पाया गया। नियमों के तहत अवैध खनन, देय धनराशि और अन्य बकाया को मिलाकर पट्टेदार पर लाखों रुपये की वसूली निर्धारित की गई है जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन के कारण अमृतपुर तहसील के आसमपुर स्थित बालू खनन पट्टा तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

### सनातन धर्म को एकजुट करने पर जोर

फर्रुखाबाद। शहर के रेलवे रोड स्थित मोहन पैलेस में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि ने सनातन धर्म को एकजुट करने की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में गुजरात से आए राजू भारद्वाज, जो उत्तर प्रदेश के प्रभारी हैं, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश महामंत्री अरविंद सेंगर विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस अवसर पर जिला कमेटी की घोषणा की गई, जिसमें दिनेश राजपूत को जिलाध्यक्ष और अंगद पांडे उर्फ कोमल पांडे को जिला प्रमुख महामंत्री नियुक्त किया गया। उत्तर प्रदेश के प्रभारी राजू भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि देश की वर्तमान परिस्थितियों में सनातन धर्म को एकजुट करना अत्यंत आवश्यक है।

# पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों को मिला निःशुल्क भोजन और आवास

फर्रुखाबाद संवाददाता



धर्मशाला में ठहरे पुलिस भर्ती के अभ्यर्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में 14 और 15 मार्च को पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने बाहर से आए अभ्यर्थियों के लिए ठहरने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई, जिसकी अभ्यर्थियों ने प्रशंसा की।

अभ्यर्थियों ने बताया कि आमतौर पर अन्य जनपदों में ऐसी व्यवस्थाएं देखने को नहीं मिलती हैं। उन्होंने शहर में की गई इस पहल की सराहना की। फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष आशीष उर्फ भैयन मिश्रा ने जानकारी दी कि जनपद में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां हजारों की संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए यह व्यवस्था की गई। परीक्षार्थियों के ठहरने का इंतजाम विशंभर दयाल धर्मशाला में किया गया था। धर्मशाला में अभ्यर्थियों को निःशुल्क भोजन, चाय और नाश्ते की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आगरा और ललितपुर सहित विभिन्न जिलों से आए कई परीक्षार्थी रात में धर्मशाला में रुके। आगरा से आए केशव शर्मा ने बताया कि यहां रहने से लेकर खाने तक की व्यवस्था बहुत अच्छी थी, जिसमें मिष्ठान भी शामिल था। उन्होंने इसे फर्रुखाबाद के लोगों की अच्छी पहल बताया। ललितपुर से आए विष्णु कांत वर्मा ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे रेलवे स्टेशन पर रुकने की जगह तलाश रहे थे, तभी उन्हें धर्मशाला में निशुल्क व्यवस्था की जानकारी मिली।

आयोजन

## आयोजन में प्रतिभागियों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे

# सीपी विद्या निकेतन में सफल प्रतिभागियों का सम्मान

संवाददाता कायमगंज



छात्र को प्रशस्ति पत्र देतीं डॉ.मिथलेश अग्रवाल।

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए
- विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन की सराहना की गई

**अमृत विचार।** कायमगंज के सी.पी.विद्या निकेतन स्कूल में शनिवार को विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सी.पी.ग्रुप ऑफ स्कूल्ज की निदेशिका डॉ0मिथलेश अग्रवाल विद्यालय के प्रधानाचार्य आर.के.बाजपेई, उप प्रधानाचार्य दीपक कुमार जैना एवं शिक्षकों ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर उन्हें मैडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में सी. पी. ग्रुप की निदेशिका ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं होती, बल्कि यह विद्यालय और समाज के लिए भी गर्व का विषय बनती है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इन सफल प्रतिभागियों से प्रेरणा लेकर परिश्रम और समर्पण के साथ आगे बढने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करके आभार प्रकट किया और विद्यार्थियों को भविष्य में होने वाली परीक्षा और प्रतियोगिताओं में भी इसी प्रकार मेहनत, लगन और अनुशासन से कार्य करते हुए अपना, परिवार का और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# बिधूना में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** मोहल्ला आदर्श नगर में शनिवार को एक 24 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्वजनों ने कमरे का जंगला तोड़कर उसे बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आदर्श नगर निवासी सुनील कुमार का विवाह मई 2023 में कानपुर देहात के थाना डेरापुर की कोमल (24 वर्ष) के साथ हुआ था। शनिवार सुबह खाना बनाने को लेकर पति-पत्नी के बीच कुछ कहासुनी हो गई थी। विवाद के बाद सुनील अपने काम पर चला गया। शाम करीब 6 बजे जब सुनील घर लौटा, तो कोमल के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। अनहोनी की आशंका में स्वजनों ने कमरे का जंगला तोड़ दिया और अंदर जाकर देखा तो कोमल अचेत अवस्था में पड़ी थी। आनन-फानन में कोमल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना ले गए। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कोमल और सुनील का एक साल का बेटा 'गोलू' है, जिसके सिर से अब माँ का साया उठ गया है। घटना के बाद से पति सुनील का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### 15 दिन से लापता युवक का शव नाले में मिला

**कायमगंज (फर्रुखाबाद)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हमीरपुर लालबाग निवासी रिजवान (40) का शव शनिवार शाम पुल गालिब तिराहे से लालबाग जाने वाले नाले में मिला। वह करीब 15 दिन पहले घर से लापता हो गया था। शनिवार शाम नाले के पास से सका शव मिला। परिजनों के अनुसार रिजवान मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था और शराब पीने का आदी था। उसके पांच बच्चे हैं। 0परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### राजेपुर थाना समाधान दिवस पर आईं सात शिकायतें

**अमृतपुर (फर्रुखाबाद)।** राजेपुर थाना में शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। कुल सात प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।प्राप्त प्रार्थना पत्रों में अधिकतर मामले जमीनी विवाद, घरेलू कलह और मारपीट से संबंधित थे। दो मामलों को तत्काल सुलझा लिया गया, जबकि शेष पांच प्रार्थना पत्रों को आगे की जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है।

# कड़ी सुरक्षा में हुई दरोगा भर्ती परीक्षा

## परीक्षा जिले के आठ केंद्रों पर आयोजित की जा रही है

**10,560** कुल अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे

**5,280** अभ्यर्थियों ने पहले दिन परीक्षा दी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिले में उपनिरीक्षक दरोगा भर्ती परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई। यह परीक्षा शनिवार और रविवार को जिले के आठ केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा में कुल 10,560 अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिनमें पहले दिन 5,280 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभ्यर्थियों को सघन जांच के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाए। प्रत्येक पाली में 2,640 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अभ्यर्थियों की गहन चेकिंग की जा रही है। कान और बालों की भी जांच की जा रही है ताकि कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस अंदर न ले जाई जा सके। परीक्षा से पहले बायोमेट्रिक जांच अनिवार्य की गई है। सुबह की पाली के लिए प्रवेश सुबह 8 बजे से 9:30 बजे तक और दोपहर की पाली के लिए दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे तक दिया जा रहा है। परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड, फोटो पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड) और दो रंगीन फोटो साथ लाना अनिवार्य किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, घड़ी, गहने और डिजिटल पेन ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

परीक्षा की निगरानी के लिए चार क्षेत्राधिकारी (सीओ), 22 इंस्पेक्टर और 50 सब इंस्पेक्टर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा कुल 218 पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट और एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी ड्यूटी लगाई गई है। कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के जरिए परीक्षा की हर गतिविधि पर लगातार नजर रखी जा रही है।



परीक्षा केंद्र के बाहर तैनात पुलिस। अमृत विचार

## डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने जनपद में चल रही उत्तर प्रदेश उप-निरीक्षक नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को सफलतापूर्वक नकल विहीन व सुचिता पूर्ण संपन्न कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाएं देखीं। संबंधितों को निर्देशित किया कि परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं नकल विहीन कराते हुए शांतिपूर्वक संपन्न करायें जिससे परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत इण्टर कॉलेज मुरादगंज, जनता इण्टर कालेज अजीतमल, विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर एवं वैदिक टेक्नीकल एवं औद्योगिक इंटर कॉलेज दिबियापुर में पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं और केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि केंद्र में सीसीटीवी का संचालन तथा विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जाए जिससे किसी प्रकार की कोई शिकायत का अवसर न मिले। इस अवसर पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार



सुंदरकांड पाठ करते लोग। अमृत विचार

# फफूंद में उन्नीसवां सुंदर कांड पाठ का आयोजन

संवाददाता फफूंद, औरैया

- संदरकांड का पाठ सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक चला

**अमृत विचार।** शनिवार को हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वाधान में आयोजन हुआ। औरैया के फफूंद में हिन्दू युवा मोर्चा संघ द्वारा उन्नीसवा सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थान हनुमान जी महाराज मंदिर जैतपुर फफूंद में सम्पन्न हुआ। सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन हिन्दू युवा मोर्चा संघ के सक्रिय सदस्य राजू दुबे के आह्वान पर किया गया। यह पाठ 11 बजे भजन कीर्तन के साथ पाठ से प्रारंभ होकर 3 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर हिन्दू युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा, ओबरन सिंह राजपूत संरक्षक, रामदास , पन्नालाल, विशाल अवस्थी, नगर अध्यक्ष अनुराग धनगर, विजय कुमार दुबे, अनिल कुमार दुबे (राजू दुबे ),अमित कुमार शुक्ला, निखिल शुक्ला उर्फ छोटू, विवेकानंद त्रिपाठी, अंश दुबे , संजीव कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

# प्रबंध समिति के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** मां पीताम्बरा गेस्ट हाउस, सुरान रोड में विकास खण्ड औरैया के समस्त परिषदीय विद्यालयों की विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव (प्रधानाध्यापक) हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय प्रबंध समितियों को सुदृढ़, सक्रिय एवं उत्तरदायी बनाकर विद्यालयों के समग्र विकास को गति प्रदान करना था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अजय आनन्द वर्मा के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने उपस्थित शिक्षकों एवं प्रबंध समिति के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति विद्यालय की प्रगति का एक महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपनी विद्यालय प्रबंध समितियों को सक्रिय, जागरूक एवं उत्तरदायी बनाकर विद्यालय के विकास में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने प्रबंध समिति के अध्यक्षों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। खण्ड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह ने अध्यक्षों एवं सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि विद्यालय प्रबंध समिति सक्रिय और सहयोगी होगी, तो परिषदीय विद्यालय भी निजी विद्यालयों की भाँति उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे मिलकर अपने विद्यालयों को निजी विद्यालयों से भी बेहतर बनाने का संकल्प लें। उन्होंने बताया कि समिति का गठन लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना चाहिए, जिससे विद्यालय के विकास में सभी की समान भागीदारी सुनिश्चित हो सके। संदर्भदाता अपर्णा गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक सहभागिता के बिना विद्यालय का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने विद्यालय की तुलना एक ऐसे सुसज्जित उद्यान से की, जहाँ बालक रूपी पुष्प विकसित होकर अपने जीवन को सुगंधित बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान कई शिक्षकों ने भी अपनी सक्रिय विद्यालय प्रबंध समितियों के अनुभव साझा किए, जिससे अन्य प्रतिभागियों को प्रेरणा प्राप्त हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल संचालन श्री प्रशांत अवस्थी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विकास खण्ड औरैया के लगभग तीन सौ से अधिक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे।

## लाठी-डंडों से दो पर किया हमला

**अछल्दा (औरैया) :** थाना क्षेत्र के ग्राम तेहराजपुर में शनिवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर चाचा-भतीजे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्राम तेहराजपुर निवासी अवनीश कुमार (44) चाचा कल्लू (48) के साथ शनिवार सुबह बिल्डिंग मैटेरियल का सामान लेने अछल्दा आ रहे थे। दोनों मुहम्मदाबाद चौराहे के पास खड़े थे, तभी गांव के ही विजय प्रकाश, अरविन्द कुमार पुत्र इंदल सिंह, अनूप कुमार व सन्नू पुत्र सालिकराम निवासीगण ग्राम तेहराजपुर वहां आ गए।आरोप है कि सभी ने एक राय होकर चाचा-भतीजे के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

# शहर में चलाया गया अभियान, दुकानों पर की गई चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** रसोई गैस की संभावित किल्लत को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर जिला पूर्ति विभाग ने शहर में निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान जिला पूर्ति अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने कई दुकानों और प्रतिष्ठानों की जांच की।

जिला पूर्ति अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि अभियान के तहत शहर की कुल 27 दुकानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कुछ स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग होता पाया गया, जो नियमों के विरुद्ध है। कार्रवाई करते हुए विभागीय टीम ने 14 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। इसके अलावा तीन छोटे सिलेंडरों पर भी काम होता पाया गया। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित होते हैं, जबकि होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कमर्शियल सिलेंडरों का उपयोग अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

निरीक्षण के दौरान टीम ने सभी दुकान संचालकों और ठेली-खोमचा संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर केवल कमर्शियल गैस सिलेंडरों का ही प्रयोग करें। यदि भविष्य में किसी भी प्रतिष्ठान पर घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग पाया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राजेश कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन द्वारा गैस की उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस निरीक्षण अभियान के दौरान पुलिस टीम भी मौजूद रही, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकी। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने से बचें।



दुकानों पर चेकिंग करते जिम्मेदार। अमृत विचार



जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

## रोड पर पड़ा मिला दो बोरी मांस, भेजा गया सैंपल

**अछल्दा।** बिधूना मार्ग पुराना अछल्दा स्थित ब्रह्मदेव मंदिर के सामने शनिवार अपराह्न कोई बाइक सवार दो बोरी मांस रोड पर छोड़कर भाग गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेश चन्द फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों बोरी को वाहन में रखवा कर थाना ले गए। पशु चिकित्साधिकारी सौरभ कुमार ने बताया कि दोनो बोरियों से मांस का सैंपल लेकर जांच हेतु भेजा जा रहा।

# टीसी को दी गई भावभीनी विदाई

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

- फूल-मालाएं पहनाकर कर्मचारियों ने दी विदाई, कार्यकाल की सराहना

**अमृत विचार।** अछल्दा रेलवे स्टेशन के सीसीटीसी जटाशंकर गुप्ता का तबादला समस्तीपुर (बिहार) डिवीजन में होने पर शनिवार को रेलवे स्टेशन परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर भावभीनी विदाई दी और उनके कार्यकाल की सराहना की।

समारोह में स्टेशन अधीक्षक अमित पाल ने कहा कि जटाशंकर गुप्ता का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। वह 10 जुलाई 2024 को अछल्दा स्टेशन पर तैनात हुए थे और अपनी कार्यशैली व व्यवहार से उन्होंने सभी सहकर्मियों का दिल जीत लिया।

इस मौके पर स्थानांतरित सीसीटीसी जटाशंकर गुप्ता ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने का प्रयास किया। यदि उनके कार्यकाल में उनसे कोई त्रुटि हुई हो या अनजाने में किसी से कुछ कह दिया हो तो सभी उसे भूल जाएं। इस अवसर पर दुर्गविजय सिंह, नवनीत कुमार, आस्तिक कुमार, बनवारी लाल मीणा, अमर सिंह, सचिन कुमार, प्रशांत कुमार, राहुल त्रिपाठी, रुआब सिंह, सुलखान सिंह, साकेत सिंह, आनंद गोस्वामी, शिवम कुमार, हितेश कुमार, संजीव कुमार, सुशील दीक्षित सहित कई रेलवे कर्मचारी मौजूद रहे।



विदाई समारोह के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

## श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया कृष्ण-रुक्मणी विवाह का प्रसंग

**फफूंद, औरैया।** कस्बे के महावीर धाम पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य सत्य किशोर पाण्डेय जी महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीला और महारास का वर्णन सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास सत्य किशोर पाण्डेय ने । भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मिणी के साथ संपन्न हुआ, लेकिन रुक्मिणी को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। कथा व्यास ने बताया कि रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकतीं। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर कई लोग रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान चलाया

**24** घंटे तक चला प्रशिक्षण का कार्यक्रम

**औरैया।** नगर के एक गेस्ट हाउस में भाजपाइयो ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान" के अंतर्गत मंडल औरैया देहात में आयोजित प्रशिक्षण के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सत्र संपन्न किए।

इन सत्रों में अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए संगठन के विचारों, पार्टी का इतिहास विकास, वैचारिक अधिष्ठान एवं कार्यपद्धति महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। शनिवार को प्रशिक्षण सत्र के समापन के पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ बैठकर सहभोज किया तथा मातृशक्ति ने भजन-कीर्तन के माध्यम से ईश्वर का स्मरण किया और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया एवं कार्यक्रम स्थल पर ही रात्रि विश्राम भी किया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। पूरे वातावरण में संगठनात्मक ऊर्जा, अनुशासन और आपसी आत्मीयता का भाव देखने को मिला।"यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा को और अधिक मजबूती के साथ समाज तक पहुंचाने हेतु प्रेरित करने वाला सिद्ध हुआ। इस अवसर पर कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह, जिला अध्यक्ष/मुख्य वक्ता सर्वेश कठेरिया , सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल सिंह दोहरे ,जिला महामंत्री/वक्ता शिव भारती, भूषण शर्मा, जिप्रभारी लल्ला शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आयोजन** | सरगम ऑडिटोरियम गेल गांव, दिबियापुर में मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया

# भूकंप से बचाव हेतु मॉक ड्रिल, लोगों को सिखाए सुरक्षा के तरीके

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सरगम ऑडिटोरियम गेल गांव, दिबियापुर में भूकम्प से बचाव के दृष्टिगत एक जनपद स्तरीय संयुक्त मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया।

भूकप आपातकाल स्थिति में आमजनमानस एंव नागरिकों की सुरक्षा भूकंप के दौरान किस प्रकार की जाये एवं क्षतिग्रस्त इमारतों में से किस तरह लोगों को बाहर निकाल कर फंसे हुए/घायल लोगों की जान बचायी जाये। इस मॉक अभ्यास का उद्देश्य आमजन एंव संस्थानों को आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए तैयार करने से रहा। इस मॉक ड्रिल का आयोजन जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस, फायर सर्विस, जिला प्रशासन एवं आपदा मित्रों, होमगार्ड विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान स्वयं सेवकों , कर्मचारियों सहित स्थानीय लोगों को भूकंप के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों और बचाव के तरीकों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल के तहत आपदा की काल्पनिक स्थिति निर्मित की गई, जिसमें भूकंप से भवनों के क्षतिग्रस्त होने, लोगों, के फंसे होने और आग लगने की सूचना जिला स्तर के कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही कन्ट्रोल रूम के माध्यम से जिला प्रशासन सक्रिय हुआ और संबन्धित विभागों को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग, सीएफओ द्वारा कंट्रोल करने की प्रक्रिया शुरू की गई। आग बुझाने के साथ- साथ सर्च एंड रेस्क्यू अभियान चलाया गया। एनडीआरएफ की टीम ने खोजी कुत्तों की सहायता एवं कैमरो की नवीन तकनीकी से भवन में फंसे लोगों का पता लगाया और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अविनाश चंद्र मौर्य की अध्यक्षता में टेबल टॉप सत्र का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) द्वारा भूकम्प से सम्बन्धित संयुक्त मॉक-अभ्यास के आयोजन की रूपरेखा (सिनेरियों) का विस्तार से वर्णन किया गया। उन्होने बताया कि जनपद में चयनित 100 आपदा मित्रों के माध्यम से जनपद में आपदा प्रबन्धन तीव्र गति से कार्य करेगा। समस्त विभागों के समन्वय एवं कार्यों की एकरूपता से ही आपदा प्रबन्धन मजबूत होगा। इस मौके पर मौजूद लोगों को टेबल टॉप सत्र के माध्यम से भूकंप के दौरान सुरक्षित स्थान पर शरण लेने, लिफ्ट का प्रयोग न करने, अफवाहों से बचने और आपातकालीन नंबरों की जानकारी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जागरूक किया गया। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रशासन ने यह संदेश दिया कि आपदा से घबराने के बजाय सजगता, प्रशिक्षण और समन्वय के उपरान्त कार्य की एकरूकता एवं जानकारी ही सबसे बड़ा बचाव है।



भूकंप से बचाव के टिप्स देते अधिकारी। अमृत विचार

# स्कूल प्रबन्ध समिति के कर्तव्यों को बताया

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- सभी के दायित्वों व भूमिका की जानकारी दी
- भाग्यनगर के एसएमसी अध्यक्षों व प्रधानध्यापको का हुआ प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** ब्लाक भाग्यनगर के परिषदीय स्कूलों में गठित विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष व प्रधानाध्यापकों का ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय विद्यालय प्रबंध समिति का प्रशिक्षण बीआरसी दिबियापुर में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में विद्यालय प्रबन्ध समिति के गठन कर्तव्यों, दायित्वों एवं भूमिका के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण उपरांत विद्यालयों में समस्त सदस्यों को भी प्रशिक्षण देना होगा।

शनिवार को बीआरसी भाग्यनगर पर विद्यालय प्रबंध समिति के प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी दाताराम ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन में विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष समेत सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समिति विद्यालय के लिए अभिभावक की तरह है और विद्यालय के अंतर्गत अपनी शक्तियों और एसएमसी मद का प्रयोग करके विद्यालय के शैक्षणिक व भौतिक परिवेश को स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सकता है। सन्दर्भदाता कृष्ण कुमार ने समिति के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, सचिव (प्रधानाध्यापक) को एसएमसी की विस्तृत जानकारी दी। प्रल्हाद कुमार ने एसएमसी गठन दायित्व, शिक्षा अधिकार अधिनियम व विकास योजना, के बारे में बताया। सपना कुशवाहा ने सोशल ऑडिट, बालिका शिक्षा,दिव्यांग बच्चे,आउट ऑफ स्कूल व आपरेशन कायाकल्प की जानकारी दी।प्रशांत चौबे द्वारा स्वास्थ्य कार्यक्रम,एवं अभिभावक/समुदाय भागीदारी पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।इसके प्रशिक्षण में अभिलेखीय रखरखाव सहित कुशल वित्तीय प्रबंधन का पी पी टी प्रस्तुतिकरण भी कराया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षों को सम्मानित किया गया।इस दौरान सौरभ गुप्ता, अरुण कुमार, संदीप कश्यप, अमितेश व लोकेंद्र यादव सहित ब्लाक के एसएमसी अध्यक्ष व प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा

## डीएम एसएसपी के अलावा अन्य अधिकारियों ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा कड़ी निगरानी के बीच दो पालियों में कराई गई। सीसीटीवी से भी परीक्षा पर नजर रखी गई इसके साथ ही अधिकारियों ने भी निरीक्षण किया। मुख्य गेट पर ही अभ्यर्थियों की तलाशी ली गई और आधार कार्ड का मिलान भी किया गया। परीक्षा की पहली पाली सुबह 10 बजे शुरू हुई लेकिन 9 बजे से ही अभ्यर्थियों की परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था।

परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों के आधार कार्ड का मिलान किया गया और अंगूठा भी लगवाया गया । इसके बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र के अंदर जाने की अनुमति मिली।



इस्लामियां परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर वापस निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

दूसरी पाली की परीक्षा 3:00 बजे से शुरू थी और अभ्यर्थियों का 1:00 बजे से ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचना शुरू हो गया था। चेकिंग की यही प्रक्रिया दूसरी पाली में भी अपनाई गई। जिले में इस परीक्षा के लिए 11 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सभी में कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा कराई गई। परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार के आसपास भी पुलिस बल तैनात रहा और परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार की 100 मीटर दूरी तक किसी को रुकने भी नहीं दिया गया।

शनिवार को पहली पाली में जिनकी परीक्षा होनी थी ऐसे बहुत से अभ्यर्थी शुक्रवार की रात तक इटावा पहुंच गए थे और अलग-अलग स्थान पर उन्होंने अपने ठहरने की व्यवस्था की थी। इसके साथ ही सुंदरपुर में स्थित नगर पालिका के रैन बसेरा में भी अभ्यर्थी अपने अभिभावकों के साथ रुके थे। जिला प्रशासन ने साईं उत्सव गार्डन और मधुवन वाटिका में भी अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था की थी। यह अभ्यर्थी रात में किसी से ट्रेन से इटावा पहुंच गए थे और फिर रेलवे स्टेशन के बाहर ही प्लेटफार्म पर चादरा बिछाकर सो गए। जिले में कानपुर के साथ ही मथुरा, अलीगढ़,जालौन, झांसी, औरैया, ललितपुर के अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए आए थे । उनके परीक्षा केंद्र इटावा में बनाए गए थे।

## सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

**इटावा ।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों कक मौत हो गई।

थाना वैदपुरा क्षेत्र के नगला हरे गांव निवासी जितेंद्र 35 वर्ष बाइक से रायनगर बाजार गया था। वह सामान लेकर बाइक से गांव वापस लौट रहा था तभी छिमारा रोड पर रायनगर के पास वाहन की टक्कर से घायल हो गया। लोग उसे डॉक्टर के पास ले गये। जांच के बादडॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं भरथना ऊसराहार मुख्य मार्ग पर नगला चंदेलन गांव जाने वाले मोड़ पर एक युवक को मृत अवस्था में पड़ा देखकर ग्रामीणों व राहगीरों ने पुलिस को जानकारी दी। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंचकर पड़ताल कर शिनाख्त का प्रयास किया। उसी दौरान मृतक की अजीत सिंह 35 के रूप में चचेरे भाई सतेंद्र ने शिनाख्त की । एसआई इद्दू हसन ने बताया कि मृतक युवक शराब पीने का आदी था, शराब के नशे में सड़क से गांव जाने के दौरान किसी वाहन की टक्कर से मौत हो गई।

## भाजपा सरकार ने सभी को लाइन में लगाया : शिवपाल

संवाददताता जसवंतनगर इटावा

अमृत विचार । शनिवार शाम को सपा के राष्ट्रीय महासचिव क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव बस स्टैंड चौराहा पर स्थित सतीश टी स्टॉल पर अचानक अपनी काफिले के साथ रुके और चाय पिलाने को कहा। शिवपाल सिंह की नगर में मौजूदगी की खबर सुनकर सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता टी स्टॉल पर पहुंचे। अचानक अपनी दुकान पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव को देखकर चाय विक्रेता सतीश प्रफुल्लित दिखे ।

श्री यादव ने चाय विक्रेता सतीश से चाय का धंधे के बारे में पूछा तो उसने सिलेंडर न मिलने की समस्या बताई। इस पर शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि चाय वाले ने ही सबको लाइन में लगा दिया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे लोगों से भी सिलेंडर उपलब्धता के बारे में जानकारी की तो अधिकतर ने लाइन में लगने और सिलेंडर न मिलने की



चाय पीते शिवपाल सिह यादव।

समस्या बताई इस पर वहां इकट्ठे लोगों से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कहा के झूठे वादे कर भाजपा वाले सत्ता में आए हैं। श्री यादव ने सभी से कहा कि अब समय आ गया है सभी लोग जिम्मेदारी के साथ इनको सत्ता से हटाएं। इस दौरान सपा कन्नौज जिला प्रभारी अनिल प्रताप सिंह,विधायक प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव ठा. अजेंद्र सिंह गौर,नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता,ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह यादव,सुनील,मुकेश आशीष,चंद्र मोहन यादव,बिल्लू यादव,सुरेश यादव, गोपाल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### छत से फिसलकर गिरा युवक, गंभीर घायल,पीजीआई रेफर

**जसवंतनगर।** बलरई निवासी सुभाष चंद्र (45) पुत्र स्व. रामदयाल रात के समय बिजली न होने के कारण छत पर सोने गए थे। अंधेरा होने से उनका पैर फिसल गया और वह छत से नीचे गिर पड़े, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर

**जसवंतनगर।** कस्बे के बस स्टैंड के पास पालिका बाजार के सामने शनिवार सुबह तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे सैफई मेडीकल कालेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार 48 वर्षीय वसीम शनिवार सुबह बस स्टैंड के पास पालिका बाजार के सामने खड़े थे। इसी दौरान बस स्टैंड चौराहे की ओर से तेज गति से आ रहे एक बाइक सवार युवक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वसीम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए और घायल वसीम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें इलाज के लिए सैफई मेडीकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाई घायल

**बकेवर।** लवेदी थाना क्षेत्र के गांव बरौली से लखना आ रहे बाइक सवार भाइयों को कार चालक ने वन रेंज कोठी के पास टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम बरौली निवासी हरिओम शनिवार की दोपहर घर से छोटे भाई सौर्य को बाइक पर बैठाकर लखना आ रहे थे जैसे ही उनकी बाइक वनरेन्ज कोठी के पास पहुंची कि उसी समय चकरनगर की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार चालक कार सहित भाग गया। गंभीर रूप से घायलों को 50शैया अस्पताल बकेवर पहुंचाया गया। वहां इमरजेंसी चिकित्सक डॉ सत्येन्द्र शाहू ने दोनों भाइयो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### गवर्नमेंट पेशनर्स वेलफेयर बैठक 16 को

**इटावा।** गवर्नमेंट पेशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन की 15 मार्च को कोषागार के पेशनर्स कक्ष में होने वाली बैठक रविवार के कारण नही हो सकेगी। अब बैठक 16 मार्च को साढे बारह बजे होगी। इसकी जानकारी अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने दी। उन्होने लोगों से समय पर बैठक में भाग लेने की अपील की है।

### संकीर्तन मंडल के वार्षिक उत्सव का शुभारंभ

**इटावा ।** अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल शाखा इटावा के दो दिवसीय वार्षिक श्री हरि नाम संकीर्तन उत्सव का शुभारंभ शनिवार को माया मैरिज होम के सभागार में विधि विधान के साथ हुआ। इस अवसर पर शुभारंभ सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि राधा माधव संकीर्तन मंडल के ऐसे उत्सवों और आयोजनों से सनातन धर्म की प्राचीन गौरवपूर्ण संस्कृति को संबल मिल रहा है। हमारा सम्पूर्ण सनातनी समाज से आग्रह है कि राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा सनातन धर्म की जो यह अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई है, उसे और आगे बढ़ाने के लिए आप सिर्फ इतना करें कि सपरिवार और सहयोगियों के साथ ऐसे आयोजनों में भारी संख्या में एकत्र हों। शुभारंभ सत्र में देश के प्रसिद्ध भजन गायक अखिल भारतीय संस्था के युधिष्ठिर मलिक, सुनील मलिक (मिंटू जी) बरेली, राजीव शास्त्री सोनीपत, विवेक सवलोक गोविन्द अम्बाला एवं अंतर्राष्ट्रीय भागवताचार्य मनमोहन गोस्वामी नवकानन गोवर्धन ने कर्ण प्रिय संगीतमय स्वर लहरियों के साथ कन्हैया आ जा रे, सांवरिया आ जा रे, तैने कहां लगाई इतनी देर, अरे ओ सांवरिया, मुझे दुनिया से क्या काम, मगन मैं नाचूंगी सुनाकर भक्त झूमने को विवश कर दिया। दूसरा सत्र अमित दुबे सिब्लू के संयोजन में सायंकाल छह बजे से काली वाहन मंदिर में हुआ, जहां देर शाम तक भक्त श्रोता भक्ति रस के आनंद में डूबे रहे। इस अवसर पर श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा शाखा के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक, महासचिव विष्णु नारायण शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, सचिव नारायण किशोर वाजपेई, महिला अध्यक्ष मनीषा शुक्ला, उर्वशी द्विवेदी रहीं।

## बी फार्मा के प्रथम सेमेस्टर में राघव ने मारी बाजी



छात्रों के साथ कालेज का स्टाफ। अमृत विचार

संवाददता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** चौ. सुघर सिंह फार्मेसी कॉलेज के बी.फार्मा प्रथम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है।

परिणाम में कई छात्रों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। परीक्षा परिणाम में राघव ने 725 में से 588 अंक (81.10 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं साहिल यादव ने 586 अंक (80.82 प्रतिशत) प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। गौरव गोयल ने 585 अंक (80.68 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में हर्षिता ने 574 अंक (79.17 प्रतिशत) तथा अर्जुन यादव ने 550 अंक (75.86 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्था के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव एवं डायरेक्टर डॉ. प्रदीप यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

## मारपीट करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**जसंवतनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिनदहाड़े कार सवार युवकों द्वारा मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारकर गिरा देने बाद में उसे दौड़ाकर लाठी-डंडों से मारपीट करने का मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने दोनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

मोहित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 मार्च 2026 को वह अपने साथी सिंकू के साथ बाइक से नगर से वैदपुरा जा रहा था। एनएच-2 स्थित पेट्रोल पंप के सामने कार ने जान से मारने की नीयत से उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। आरोप है कि कार सवार लोगों ने उतरकर उसे दौड़ाते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की थी। इसका वीडियों भी तेजी से वायरल हो गया था। पुलिस हरकत में आई और उसने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिवेंद्र और सचिन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## गैस किल्लत को लेकर सपाई व आप ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार ।** गैस किल्लत को लेकर सपाइयों ने विरोध प्रदर्शन किया। शहर के सबसे व्यस्त शास्त्री चौराहे पर दो दर्जन से अधिक समाजवादियों ने खाली गैस सिलेंडर रखकर लकड़ी का चूल्हा जलाया और उसी पर रोटियां बनाकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि गैस की आपूर्ति न होने से आम लोग परेशान है। सरकार को तुरंत व्यवस्था सुधारनी चाहिए। गैस की कमी की खबरों के बीच समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता शनिवार को शहर के शास्त्री चौराहे पर एकत्र हुए उन्होंने खाली गैस सिलेंडर के साथ चूल्हा जलाकर रोटियां बनाईं और गैस संकट को लेकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से आम लोगों के सामने खाना बनाने तक की समस्या खड़ी हो गई है। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि गैस एजेंसियों पर लंबी



चूल्हे पर खाना बनाकर प्रदर्शन करते सपाई।



आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ज्ञापन देते हुए

लाइनें लग रही हैं और लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। सपा नेताओं का कहना है कि सरकार को इस समस्या का जल्द समाधान करना चाहिए ।

सपा महिला मोर्चा की नेता मालती ने कहा कि कई घरों में गैस सिलेंडर खत्म हो चुका है और लोग खाना तक नहीं बना पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं पति और बच्चों को समय पर खाना नहीं दे पा रही हैं। इसके लिए देश के मुखिया जिम्मेदार हैं। लगी हुई है और सिलेंडर के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

### आप ने गैस की कीमतें कम करने को लेकर दिया ज्ञापन

■ **इटावा।** देश में लगातार एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस सिलेंडर की किल्लत के चलते आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध में आप ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर राकेश सिंह को ज्ञापन सौंपा। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज देश की आम जनता न केवल महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है, बल्कि गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के चलते एक बार फिर लाइनों में लगने को मजबूर हो गई। जिला महासचिव इक़रार अहमद ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये तथा कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 120 रुपये की वृद्धि ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। इसे वापस लिया जाए । ज्ञापन देने वालों में संजीव शाक्य जिला अध्यक्ष, इकरार अहमद , ऋचा कुशवाह , अशोक यादव , रामदत्त यादव , सत्यनारायण दोहरे , भारत सिंह, ओम प्रकाश सिंह, हरिशंकर आदि लोग रहे।

## लापता हुई युवती

**कालपी ।** शुक्रवार शाम परिजनों के पास सोई युवती गायब हो गई। पिता ने पड़ोसी युवक पर उसे बहला फुसला कर ले जाने का आरोप लगाया है।

नगर के मुहल्ला तरीबुल्दा निवासी व्यक्ति की 19 वर्षीय पुत्री कुठौन्द स्थित महाविद्यालय में बीकाम में पढ़ रही है और कुछ ही दिन पहले परीक्षा देकर लौटी थी। शुक्रवार शाम ही वह अपने परिजनों के साथ खाना खाने के बाद सो गई थी, लेकिन शनिवार सुबह वह घर पर नहीं मिली थी। गायब हुई युवती के पिता के अनुसार विगत कुछ दिनों से पड़ोसी युवक नीरज उसकी पुत्री को परेशान कर रहा था, जिसकी शिकायत उसने युवक के परिजनों से की थी जिसपर उन्होंने आईन्दा ऐसी हरकत न किए जाने का आश्वासन दिया था लेकिन अब वह गायब हो गई है, जिससे लग रहा है कि युवक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी के अनुसार शिकायत मिली है, जांच की जा रही है।

## महिला की संदिग्ध हालात में मौत, मायके वालों ने मारपीट का लगाया आरोप

संवाददताता भरथना इटावा

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के गांव गोपियागंज में शनिवार सुबह एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को घटना की जानकारी दी।



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व गांव के लोग ।

गोपियागंज निवासी इन्द्रेश कुमार की 21 वर्षीय पत्नी एकता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एकता ने घर के कमरे में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मायके पक्ष के लोगों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर बेटी को लगातार प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया है। कानपुर देहात जिला निवासी मृतका की मां मीना ने बताया कि उनकी बेटी एकता की शादी जुलाई 2024 में इन्द्रेश के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ दिन तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन उसके बाद पति आए दिन मारपीट करने लगा। परिजनों के अनुसार शादी के कुछ समय बाद दोनों नोएडा में रहने लगे थे, जहाँ पति आए दिन एकता के साथ मारपीट करता था। झगड़ा बढ़ने पर जेठ उसे गांव ले आए। कुछ समय बाद इन्द्रेश भी गांव आ गया। आरोप है कि वह बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर एकता को प्रताड़ित करता था। आरोप है कि एकता मायके में एक शादी में शामिल होने जा रही थी पति ने मना किया और मारपीट की। पति की प्रताड़ना से तंग आकर एकता ने फांसी लगा ली। सूचना पर सीओ आरडी मौर्य और थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मायके पक्ष के लोगों के आरोपों तथा उन्हें आक्रोशित होता देख पति को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## रेलवे ट्रैक किनारे मिले दो युवकों के शव, हड़कंप

**भरथना।** भरथना रेलवे स्टेशन के पूर्वी डाउन लाइन पर शनिवार दोपहर दो युवकों के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस और थाना पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार घटना करीब दोपहर 1 बजकर 33 मिनट की बताई जा रही है। ट्रेन नंबर 08310 मुरी एक्सप्रेस से सफर कर रहे दो युवक अचानक रेलवे ट्रैक के किनारे गिर गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना भरथना रेलवे स्टेशन के पूर्वी डाउन लाइन पर पोल संख्या 1136/10-11 के पास की है। घटना की खबर मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते भीड़ लग गई। मृतकों की पहचान सोहिल व राशिद निवासी अमौली रूरा के रूप में की गई।

## दो लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार ।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर किसी विवाद के चलते दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**थाना जसवंतनगर** क्षेत्र के अंतर्गत नगला खुशहाली निवासी शकुंतला देवी 28ने शनिवार सुबह अपने घर में दुपट्टे से पंखे के कुंडे में डालकर फांसी लगा ली। मृतका की शादी करीब छह वर्ष पहले विजय कुमार के साथ हुई थी। पति पेशे से वाहन चालक है। मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गई इनमें विराज बाबू डेढ़ वर्ष और सनाया कुमारी तीन वर्ष शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी गांव पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल करने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**लवेदी थाना** क्षेत्र के ग्राम लखनपुरा में युवक ने पत्नी के मायके से न लौटने के कारण कमरे के अंदर साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम लखनपुरा निवासी कुन्दन दोहरे ने बताया कि मतृक की पत्नी रूबी होली के पहले अपने मायके चली गई थी पत्नी घर नही लौट रही थी । इसी के चलते बडे भाई महेंद्र ने कमरे के अंदर कुन्डी में साड़ी बांधकर फांसी लगा ली जब वह सुबह नहीं जागे तो छोटे भाई ने जाकर देखा तो बड़ा भाई महेन्द्र फांसी के फंदे पर लटका देख कर जोर जोर से रोने लगा। बेटे की आवाज सुन कर परिजन मौके पर पहुंचे और महेंद्र सिंह को फंदे से उतारा लेकर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। लवेदी थानाध्यक्ष पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियो को बताने के बाद मौके पर फोरेंसिक टीम बुलायी पुलिस ने जांच के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए इटावा भिजवा दिया।

लोक अदालत | 17 वैवाहिक प्रकरणों का निस्तारण कराया गया

## 1.32 लाख वादों का हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की ओर से जिला जज रजत सिंह जैन की अध्यक्षता में लोक अदालत लगाई गई। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सकल रूप से 1,32,782 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें 17 वैवाहिक प्रकरणों का निस्तारण किया गया व 4 जोड़ों की विदाई कराई गई।



लोक अदालत का फीता काटकर शुभारंभ करते जिला जज रजत सिंह जैन। अमृत विचार

इसमें जिला जज रजत सिंह जैन ने 2, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार ने 3, विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट संजय कुमार चतुर्थ ने 5, विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र आलोक कुमार श्रीवास्तव 1 और विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट अंकुर शर्मा ने 405 मामलों का निस्तारण किया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अजय कृष्ण अतिरिक्त न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुबोध वार्ष्णेय ने 17 वैवाहिक प्रकरणों का निस्तारण किया गया व 4 जोड़ों की विदाई कराई गई। पीठासीन अधिकारी एमएसीटी रामचंद यादव प्रथम ने 108 वादों का, पीठासीन अधिकारी उपभोक्ता न्यायालय गुलाब सिंह ने 5 वादों का ,अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत देवेंद्र सिंह ने 3 वादों का निस्तारण किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्विनी कुमार प्रथम व अन्य फौजदारी न्यायालय ने 4295 शमनीय आपराधिक वादों का निस्तारण किया गया। जिला जिला विधायक सेवा प्राधिकरण की सचिव आरती द्विवेदी ने बताया कि विभिन्न विभागों, बैंकों से संबंधित प्री लिटिगेशन के 1,26,741 वाद निस्तारित किए गए। जिनमें 27,89,51,076 रुपए वसूल किए गए। प्री लिटिगेशन व लंबित वादों का निस्तारण करते हुए सकल रूप से 34,17,00,024 रुपए वसूल किए गए । लोक अदालत में बडी संख्या में वादकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

## 2007 में हुए घोटाले की जांच हुई पूरी

कार्यालय संवाददताता जालौन

**अमृत विचार ।** वर्ष 2007 मे हुए केरोसीन तेल घोटाले मे तत्कालीन एसडीएम सहित पांच लोगों को जेल जाना पड़ सकता है। आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा की जांच मे उनकी संलिप्तता उजागर हो गई है।

### एसडीएम और पूर्ति निरीक्षक हो चुके हैं सेवानिवृत्त डीलरों की डीलरशिप भी हुई खत्म

■ **जालौन।** रिजर्व सूखा राहत के दौरान आमजनता को मुफ्त में वितरित करने वाले केरोसीन तेल को ठिकाने लगाने वाले बहुचर्चित एसडीएम इन्द्रपाल उत्तम तथा आरोपित पूर्ति निरीक्षक अनिल श्रीवास्तव काफी वर्षों पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं और वर्तमान मे साधु का वेश बनाकर घूम रहे हैं । वहीं इस गड़बड़ी में शामिल नगर के दोनो केरोसीन तेल के डीलरो का लाईसेंस भी निरस्त हो चुके है।

वर्ष 2007 में सूखा राहत के नाम पर शासन ने जनता को केरोसीन तेल का आवंटन किया था लेकिन वह कार्ड धारकों तक नहीं पहुंचा था, जिसकी शिकायत जालौन नगर निवासी महेन्द्र ने शासन से की थी। इसमें तत्कालीन एसडीएम इन्द्रपाल उत्तम, पूर्ति निरीक्षक अनिल श्रीवास्तव, केरोसीन डीलर रविन्द्र गुप्ता तथा फर्म राकेश कुमार राजीव कुमार ने तेल का आवंटन उचित दर विक्रेताओ को करने का दावा किया था जिसके लिए आवंटन रजिस्टर भी पेश किए थे । हालांकि यह मामला ठंडे बस्ते मे चला गया था, पर इस मामले की आग सुलगती रही थी और इस मामले आर्थिक अपराध शाखा ने खुद ही मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस दौरान उचित दर विक्रेताओ ने शपथपत्र देकर कहा था कि उन्हें तेल नही मिला है और इसी के चलते वर्ष 2019 मे तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक कालपी कमल सिंह कुशवाहा की तहरीर पर केरोसीन तेल घोटाले में तत्कालीन एसडीएम इन्द्रपाल उत्तम, पूर्ति निरीक्षक रहे अनिल कुमार श्रीवास्तव, केरोसीन डीलर रविन्द्र गुप्ता उर्फ मीनू तथा दूसरे केरोसीन डीलर राजीव पुरवार तथा राकेश पुरवार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था , जिसकी जांच भी ईओ डब्ल्यू कर रही थी और लगभग 7 वर्ष तक चली जांच अब लगभग पूरी हो गई है। ई ओ डब्ल्यू के विवेचक शाकिर के मुताबिक सूखा राहत के दौरान जनता के लिए आए तेल को डीलरों को न देकर एसडीएम तथा पूर्ति निरीक्षक ने थोक डीलरो के साथ मिलकर ठिकाने लगा दिया था। जांच अधिकारी के अनुसार सभी तेल राकेश कुमार के पेट्रोल पंप पर डीजल में मिलाकर बेचा गया है। जल्द ही इस घोटाले के आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा।

अमृत विचार

कानपुर, रविवार, 15 मार्च 2026 हमीरपुर

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने की खुदकुशी

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के कैंथा गांव में पशुबाड़े में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है। घटना के कारणों को लेकर परिजन चुप्पी साधे हुए थे। शनिवार की दोपहर कैंथा गांव निवासी संतोष कुमार (19) पुत्र मानसिंह ने शुक्रवार की शाम पशुबाड़े में फांसी लगा ली। शनिवार को जब परिजन पशुबाड़े में पहुंचे और युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। परिजनों ने शव को नीचे उतारा। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है।

### समाधान दिवस में एक शिकायती पत्र आया

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना परिसर में नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति की देखरेख में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में लेखपालों की संख्या बहुत कम रही है। जिसमें जमीन से विवादित एक शिकायती पत्र मुटनी गांव का आया। समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या नगण्य रही। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि राजस्व विभाग की टीम के साथ पुलिस को भेजकर शिकायती पत्र को निस्तारित किए जाने का कार्य किया जाएगा।

### बोलेरो की टक्कर से शिक्षक घायल

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** टेढ़ा के प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक को पंधरी गांव के निकट पीछे से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। प्राथमिक विद्यालय टेढ़ा के शिक्षक अनिरुद्ध कुमार (42) छुट्टी होने के बाद बाइक से कस्बे की ओर आ रहे थे। तभी पंधरी गांव के निकट पीछे से आ रही बोलेरो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस ने इन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### ससुराल से लौटे अधेड़ ने पी डाई, हालत गंभीर

**मौदहा (हमीरपुर)।** ससुराल से लौट कर आए अधेड ने डाई पी ली जिसका सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरौंदा निवासी अरविंद (50) पुत्र परमेश्वरी दयाल शनिवार दोपहर अपनी ससुराल कबरई थाना क्षेत्र के गांव से लौट कर घर आया था तभी उसने घर में आकर डाई पी ली जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर अरविन्द का इलाज किया जा रहा है।

# महंगाई व गैस सिलेंडरों की कीमतों की वृद्धि के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** देश में बढ़ती महंगाई एवं गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए चार सूत्री मांगों का ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी को सौंपा है।

शनिवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता के नेतृत्व में देश में बढ़ती महंगाई व गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए बताया की वर्तमान समय में देश में बढ़ती महंगाई केंद्र सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है। हाल ही में एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में हुई वृद्धि के कारण आम जनता सहित छोटे व्यापारी की परेशानी बढ़ गई है। देश के कई हिस्सों से होटल रेस्टोरेंट के बंद होने की खबर चिंताजनक है। वहीं आप पार्टी ने आरोप लगाते हुए बताया की अमेरिकी के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी करने के कारण देश को लगभग आठ लाख करोड़ का वार्षिक नुकसान हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर ईरान पर हमलों और निर्दोष स्कूली बच्चों की मौत जैसे मामलों पर केंद्र सरकार की चुप्पी भी कई सवाल खड़े करती है। आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति से घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में की गई हालिया वृद्धि को तत्काल वापस लिए जाने, पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ठोस और पारदर्शी नीति लागू करने, गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी प्रदान की जाने व महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार से स्पष्ट और जवाबदेही नीति घोषित करने की मांग की है। इस दौरान नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद, त्रिलोक चंद, अत्रि यादव, इमामुद्दीन, रविशंकर, अरविंद शिवहरे, रामप्रकाश आदि रहे।




विरोध-प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विचार



गैस सिलेंडर के इंतजार में बैठे उपभोक्ता। अमृत विचार

### तमाम दावों के बाद गैस संकट से नहीं मिल रहा छुटकारा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण उत्पन्न हुआ गैस सिलेंडर आपूर्ति का मामला तमाम प्रयासों के बाद पटरी में आता नहीं दिख रहा है। कस्बे में गत 5 दिनों से उपभोक्ता सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं। एजेंसी में लगातार सिलेंडर आने के बाद ग्राहकों को नहीं प्राप्त हो रहे हैं उधर ग्रामीण क्षेत्र के तीन एजेंसियों के 25000 ग्राहकों को पिछले 10 दिनों से सिलेंडर नहीं प्राप्त हो रहे हैं। इससे ग्राहक परेशान है। शासन प्रशासन के तमाम दावों के बाद गैस सिलेंडर का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कस्बे की एकमात्र गैस एजेंसी में आपूर्ति प्रतिदिन हो रही है। इसके बाद ग्राहकों सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। कस्बे की निवासी रेखा गौतम, अमित कुमार, शिवा गुप्ता, इंद्र कुमार, सिया प्यारी, राजेंद्र कुमार ने बताया कि बुकिंग होने के बाद उन्हें 5 दिन से सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। सुबह 9 बजे से एजेंसी के बाहर बैठे हैं। 1 बज गया है अभी तक सिलेंडर नहीं प्राप्त हुआ है देने का आशवासन दिया जा रहा है। वहीं सुरौली के इण्डेन गैस एजेंसी में 12 दिन बाद शनिवार को 356 सिलेंडर प्राप्त हुए हैं। छानी एवं इंगोहटा की एजेंसी में गैस सिलेंडर नहीं है।

## पिता-पुत्र के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**बिवांर (हमीरपुर)।** नाती के साथ अभद्रता करने से मनाही के करने पर वृद्ध को जमीन में पटकनी देकर जमकर मारपीट की। वृद्ध ने युवक सहित उसके पिता के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थानाक्षेत्र के रोहारी गांव निवासी वृद्ध रामसेवक ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि छोटा नाती उत्कर्ष अपने घर के दरवाजा के बाहर सुबह गेंद खेल रहा था। तभी पड़ोस के आशु पुत्र शिवकुमार के गेंद खेलने से मना करने पर नाती नहीं माना। तभी युवक नाती के साथ अभद्रता करने लगा। वृद्ध के मना किए जाने पर युवक ने उसे पकड़ कर दबाते हुए जमीन में पटक दिया और मारपीट की। जिससे वह लहूलुहान हो गया। युवक के घर उलाहना देने पर उसका पिता भी उसके साथ अभद्रता करने लगा। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि वृद्ध की तहरीर पर पिता पुत्र दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पिता पुत्र दोनों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।



रोते-बिलखते मृतक के परिजन।। अमृत विचार



शव का पंचनामा करती पुलिस। अमृत विचार

# बालू निकालते मिट्टी का टीला धंसने से दबे किसान की मौत

## ललपुरा थानाक्षेत्र के सहुरापुर गांव का मामला, बेतवा नदी किनारे निकाल रहा था बालू

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बालू खोद रहा मजदूर टीला ढहने से दबकर घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर भागे जहां प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर में इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गई। इस घटना से पत्नी और बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है।

ललपुरा थानाक्षेत्र के सहुरापुर गांव निवासी रंजीत (50) पुत्र स्व सुखलाल बुधवार दोपहर बेतवा नदी किनारे फावड़े से बालू निकाल रहा था।

तभी मिट्टी के ऊपरी परत का फावड़े की चोट लगने से टीला धंस गया। हादसे में वह मिट्टी में दब गया। जानकारी मिलने पर चचेरा भाई जगदेव व अन्य मजदूर उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। शुक्रवार को कानपुर के प्राइवेट अस्पताल में बीती रात उसकी मौत हो गई।

सुबह सूचना मिलने पर पहुंची ललपुरा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के चाचा शिवलाल ने बताया कि मृतक रंजीत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के माता पिता व दो अन्य भाइयों की पहले ही मौत हो चुकी थी। बताया कि मृतक अपने पीछे पत्नी संपत पुत्री काजल (14), पुत्री नैन्सी (5), बेटा सत्यम (3) को रोता बिलखता छोड़ गया। बताया कि मृतक की पत्नी सुनीता आंखों से कमजोर है।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार तीन लोग घायल

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** शनिवार को दोपहर करीब 1:30 बजे कस्बे के अंदर हाईवे में नौनिहालों के अचानक साइकिल मोड़ देने से मुख्यालय की ओर जा रहा बाइक सवार साइकिल से टकरा गया। इस घटना में साइकिल सवार दो नौनिहालों सहित बाइक सवार हाईवे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को मौके से गुजर रहे यातायात प्रभारी ने अपनी सरकारी गाड़ी से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

कस्बे के वार्ड संख्या 16 के निवासी लक्ष्य 11 वर्ष पुत्र स्वर्गीय नीलू शिवहरे, ऋतिक 8 वर्ष पुत्र राम प्रकाश दोपहर करीब 1.30 बजे साइकिल से बस स्टॉप की तरफ से आ रहे थे। काली मंदिर के समीप इन्होंने पीडब्ल्यूडी स्टोर की तरफ को अचानक साइकिल मोड दी। इससे मौदहा की ओर से हमीरपुर की तरफ बाइक से जा रहा ललित यादव निवासी भदरस कानपुर साइकिल से टकरा गया और सभी हाईवे में गिरकर तड़पने लगे। मौके से गुजर रहे यातायात प्रभारी हरवेंद्र यादव ने सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।




उन्नयन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। अमृत विचार

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं के मध्य प्रतिभा उन्नयन प्रतियोगिता ओम हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सम्पन्न कराई गई।

ओम हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा विगत वर्षों से इंटर मीडियट की परीक्षा देने वाले छात्र/छात्राओं के मध्य प्रतिभा उन्नयन प्रतियोगिता सम्पन्न कराई जाती रही है। इसी क्रम में इस वर्ष भी जनपद के विभिन्न इंटर कालेजों में वर्तमान सत्र में अध्ययनरत रहे छात्र-छात्राओं के मध्य उनमें प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता एवं रूचि पैदा करने के उद्देश्य से सामान्य ज्ञान आधारित एक प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

जिसमें मधु महाराज इंटर कॉलेज, मां गीता महेश्वरी इंटर कॉलेज, केपी इंटर कॉलेज, गायत्री बालिका इंटर कॉलेज, परमहंस इंटर कॉलेज, रोटी राम महाराज इंटर कॉलेज, गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सरदार पटेल इंटर कॉलेज, मौनी बाबा इंटर कॉलेज, दुलीचंद पाल इंटर कॉलेज, डालसिंह इंटर कॉलेज आदि के सैकड़ों छात्र/छात्राओं ने उत्साह पूर्ण ढंग से प्रतिभाग किया। प्राचार्य डॉ. स्वामी प्रसाद ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं को उनके स्थान प्राप्त करने के आधार पर पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# कड़ी निगरानी के बीच हुई पहले दिन की एसआई भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक की भर्ती परीक्षा के लिए बनाए गए जिले के चार परीक्षा केंद्रों में शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोनों पालियों की परीक्षा संपन्न हुई। जिले में बांदा, प्रतापगढ़, फतेहपुर, प्रयागराज के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया था। केंद्रों में सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। कुल 3360 पंजीकृत परीक्षार्थियों में दोनों पालियों में 1120 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जनपद में यूपी पुलिस एसआई की भर्ती की परीक्षा 14 व 15 मार्च को संपन्न होनी है। जिसमें कुल 6720 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इसके लिए चार केंद्रों राजाराम इंटर कॉलेज झलोखर, पीजी कॉलेज कुछेछा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 240 और अन्य तीन केंद्रों में 480-480 परीक्षार्थियों के परीक्षा देने की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज, फतेहपुर, महोबा, प्रतापगढ़ के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सुबह की पाली में इन चारों केंद्रों में 1680 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 1114 ने परीक्षा दी और 566 गैरहाजिर रहे। जीजीआईसी में 240 के सापेक्ष 152, श्री राजाराम इंटर कॉलेज झलोखर में 480 के सापेक्ष 318, पीजी कॉलेज कुछेछा में 480 के सापेक्ष 322 और श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 480 के सापेक्ष 322 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे।

### डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

परीक्षा को लेकर प्रशासन भी अलर्ट मोड पर रहा। प्रथम पाली की परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व पीजी कॉलेज कुछेछा का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने द्वितीय पाली में संपन्न हुई परीक्षा को लेकर कुरारा के झलोखर स्थित राजा राम इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

## किशोरी से बात करने पर मां ने युवक को पीटा

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के बांधुर गांव में बाहर भागने की योजना को बनाते समय किशोरी की मां के पहुंचने पर जमकर हंगामा हुआ। किशोरी की मां ने युवक की चप्पलों से जमकर पिटाई कर दी।

एक युवक ने बांधुर गांव निवासी एक किशोरी को फोन से कस्बे में बुला लिया है। जहां युवक बस स्टॉप के पास एक दुकान में बैठकर किशोरी के आने की प्रतीक्षा करने लगा। दोपहर को घर में अपने परिजनों को बहाना बनाकर किशोरी युवक के पास आ गई है। शक होने पर किशोरी की मां पीछे से आकर दोनों को दुकान में बातचीत करते हुए देखकर आग बबूला हो गई। मां ने युवक की जमकर चप्पल से पिटाई कर दी। मौके पर सैकड़ों तमाशबीनों की भीड़ लग गई।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 3 दिवसीय प्रशिक्षण पूरा

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

- सरीला ब्लॉक सभागार दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** बाल विकास और पुष्टाहार विभाग की ओर से चलाए गए केंद्र सरकार की पोषण भी पढ़ाई भी योजना के तहत ब्लॉक सभागार में शनिवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और शुरुआती शिक्षा को जोड़ना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रैकर एप प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और बच्चों को कैसे पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने के बारे में बताया गया। भावगीत, कहानी, खेल-खिलौने के साथ छोटे-छोटे बच्चों को प्रशिक्षित करने का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रथम दिन पढ़ाई, दूसरे दिन पोषण तथा अंतिम दिन पोषण एवं पढ़ाई विषयों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षक मुख्य सेविका गीता विश्वकर्मा व सुशीला और ब्लाक समन्वयक दीपक सिंह ने बताया कि पोषण भी पढ़ाई भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है। इसका लक्ष्य बच्चों के पोषण और शुरुआती शिक्षा को मजबूत करना है। उन्हें खेल-आधारित शिक्षा, पोषण प्रबंधन और दिव्यांग बच्चों की जरूरतों को समझने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। ताकि 0-6 वर्ष के बच्चों का समग्र विकास हो सके। यह नई शिक्षा नीति-2020 और आधारशिला व नवचेतना जैसे दस्तावेजों के अनुरूप है, जो उन्हें कुपोषण से लड़ने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सक्षम बनाता है। दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग, समावेशन एवं रेफरल प्रक्रिया की जानकारी दी। जन्म से तीन वर्ष तक के बच्चों के लिए नवचेतना एवं गतिविधि उत्तेजना कैलेंडर पर विस्तृत जानकारी साझा की। बच्चों के मूल्यांकन तथा सीखने के परिणामों पर प्रकाश डाला। इस दौरान मुख्य सेविका गीता विश्वकर्मा, सुशीला, ब्लाक समन्वयक दीपक सिंह सहित क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहीं।



प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते प्रशिक्षक व मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

मुद्दा — शिकायतकर्ता बोले जिम्मेदारों के खिलाफ की जाए कार्रवाई

# समाधान दिवस में उठा सुंदरीकरण को ढहाने का मामला

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के श्री गायत्री गंगा घाट में चल रहे ध्वस्तीकरण का मामला 16वें दिन समाधान दिवस में पहुंचा। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि अगर बगैर टेंडर प्रक्रिया के नगर पंचायत कार्य करा रही थी तो अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए अन्यथा सुंदरीकरण को ढहाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है।

कस्बे के श्री गायत्री गंगा घाट में नगर पंचायत की ओर से सुंदरीकरण का कार्य जा रहा है। इसको कस्बे के निशांत सिंह ने बीते 26 फरवरी को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया था। घटना के 16 वें दिन कस्बे के समाजसेवी ओमप्रकाश उर्फ मधु महाराज सहित एक दर्जन तपोभूमि के भक्तों ने समाधान दिवस में पहुंचकर मामले की शिकायत करते हुए स्पष्ट किया है कि अगर नगर पंचायत नियम विरुद्ध टेंडर आदि के बिना कार्य करा रही थी तो नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाए। अन्यथा सुंदरीकरण को ढहाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। मामले की जांच के लिए टीम बनाई गई है। जिसमें राजस्व, पुलिस एवं नगर पंचायत के कर्मियों को शामिल किया गया है।




थाने में आयोजित समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराते लोग। अमृत विचार

# 3 दिवसीय शारदा प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कमल के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में नोडल शिक्षक, विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष, सदस्यों सहित अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को शारदा कार्यक्रम के उद्देश्यों, विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, अभिभावकों को जागरूक करने तथा विद्यालय विकास में सामुदायिक सहभागिता की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही विद्यालय से बाहर बच्चों की पहचान कर उन्हें दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और ड्रॉपआउट बच्चों की वापसी सुनिश्चित करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर प्रतिभागियों को शारदा कार्यक्रम को ग्राम स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करने, विद्यालय से बाहर व ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा नामांकन और उपस्थिति में वृद्धि के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### भागवत कथा : श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का कराया रसपान



कथा सुनाते कथा व्यास भागवत द्विवेदी।

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे मराठीपुरा मुहल्ले स्थित छोटी मंदिर प्रांगण में आयोजित भागवत कथा में शनिवार को कथा व्यास भागवत द्विवेदी ने कथा का रसपान कराया। व्यासपीठ से कहा कि सर्वेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज में अनेकानेक बाल लीलाएं की, जो वात्सल्य भाव के उपासकों के चित्त को अनायास ही आकर्षित करती हैं। जो भक्तों के पापों का हरण कर लेते हैं, वही हरि हैं। कथा व्यास ने कहा कि नंदालय में गोपियों का तांता लगा रहता है। हर गोपी भगवान से प्रार्थना करती है कि किसी न किसी बहाने कन्हैया मेरे घर पधारें। जिसकी भगवान के चरणों में प्रगाढ़ प्रीति है, वही जीवन्मुक्त है। माखन चोरी के दौरान उन्होंने माता को मुख के अंदर ब्रह्मांड दिखा दिया।

**निर्वाचन सूचना**

**श्री गंज बिहारी कुशवाहा कल्याण समिति राठ (हमीरपुर) उ०प्र०**

**चुनाव व परिणाम तिथि 12 अप्रैल 2026**

समिति के सभी पदों का चुनाव होगा जिसकी प्रक्रिया 15 मार्च 2026 से शुरू होगी। मतदाता बनाने से लेकर सभी पदों का निर्वाचन एक साथ संपन्न होगा।

चुनाव कार्यालय
समता बुद्ध बिहार, पठानपुरा (गंज) राठ
मोबाइल- 8127695383

चुनाव पर्यवेक्षक
गया प्रसाद कुशवाहा
मोबाइल-9451133361

## न्यूज ब्रीफ

### खनिज कारोबारी के ठिकानों पर आयकर-ईडी का छापा

**चित्रकूट।** जिले में खनिज कारोबार से जुड़े एक चर्चित व्यवसायी के कई ठिकानों पर आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। शहर के बेड़ीपुलिया स्थित उसकी चर्चित हवेली और पत्थर खदान पर अलग-अलग टीमों ने एक साथ कार्रवाई की। सूत्रों के मुताबिक संयुक्त टीम ने गुरुवार को करीब आठ घंटे तक विभिन्न ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की। इस दौरान निवास स्थान से कुछ अहम दस्तावेज बरामद किए गए, जबकि लगभग एक लाख 60 हजार रुपये की नकदी भी जब्त की गई है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति और संभावित टैक्स चोरी की आशंका को लेकर की गई है। हालांकि आधिकारिक स्तर पर अभी तक कार्रवाई को लेकर विस्तृत बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार टीम ने कई कागजात अपने कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। छापेमारी की खबर फैलते ही इलाके में चर्चाओं का दौर तेज हो गया।

### जिलास्तरीय जूनियर खेलकूद कल से

**चित्रकूट।** क्रीड़ाधिकारी अरविंद कुमार सोनकर ने बताया कि क्षेत्रीय खेल कार्यालय चित्रकूट एवं खेल संघों के तत्वावधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिलास्तरीय जूनियर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रवेश नि:शुल्क है। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को पुरस्कार दिया जाएगा। बताया कि इसमें हॉकी बालक, बैडमिंटन बालक-बालिका, बास्केटबाल बालक-बालिका की स्पर्धाएं 16 मार्च को, एथलेटिक्स बालक-बालिका, वालीबाल बालक-बालिका, कबड्डी बालक-बालिका 17 मार्च को और हैंडबाल बालक-बालिका, कुश्ती बालक-बालिका, बॉक्सिंग बालक-बालिका व फुटबाल बालक की प्रतियोगिता 19 मार्च को प्रात: नौ बजे से कराई जाएंगी।

### बेरोजगारों को रोजगार के लिए प्रेरित किया

**मऊ (चित्रकूट)।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र ने मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विकासखंड की ग्राम पंचायत कोलमजरा में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रभारी धीरेंद्र कुमार भारती ने लोगों को रोजगार के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन ग्राम प्रधान शोभनाथ प्रजापति ने किया। विषय विशेषज्ञ प्रभात कुमार, भागवत पाल ने लाभार्थियों को जानकारी दी।

### विधायक ने किया डेंटल क्लीनिक का उद्घाटन

**मऊ (चित्रकूट)।** नगर पंचायत मऊ निवासी डॉ. ऋषभ भार्गव (आईएमएस, बीएचयू) ने अपने आवास पर डेंटल क्लीनिक की शुरुआत की है। इसका उद्घाटन मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि स्थानीय स्तर पर दंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने से लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें बेहतर उपचार मिल सकेगा। इस मौके पर महामति डिग्री कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर डा. मुरली मनोहर द्विवेदी, प्राचार्य दिनेश कुमार भार्गव, डा. कुशला भार्गव, डा राजेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे। क्षेत्र के लोगों ने डा. भार्गव के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए उपयोगी पहल बताया। कोतवाली पुलिस ने वारंटी को दबोचा चित्रकूट। कोतवाली के एसआई कैलाश राम ने वारंटी आरोपी अर्जुन पुत्र धर्मपाल निवासी सरह बरौलिया थाना उधौती जनपद बदायूं हालमुकाम थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी नागेश कुमार, रविशंकर और श्यामलली मौजूद रहीं।

# कालाबाजारी को रखे 21 सिलेंडर बरामद

## पुलिस ने गैस की कालाबाजारी पर चलाया हंटर, अमानपुर और बेड़ी पुलिया में की गई छापेमारी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले में रसोई गैस के सिलेंडरों की कालाबाजारी की शिकायतों के बीच शनिवार को प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कई जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। एक दुकान से 21 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए।

एसडीएम सदर पूजा साहू, सीओ सिटी अरविंद कुमार वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह, तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी और कोतवाली प्रभारी श्याम प्रताप सिंह पटेल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की जमाखोरी कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं को गैस के लिए भटकना पड़ रहा है। अमानपुर स्थित दुकान में छापा मारकर एचपी और इंडेन कंपनी के 21 घरेलू सिलेंडर बरामद किए गए। माना जा रहा है कि इन सिलेंडरों को अवैध तरीके से जमा कर कालाबाजारी के लिए रखा गया था। कार्रवाई के दौरान दुकान मालिक मौके से भाग गया, जिसकी तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि प्रशासन के दावों के बाद भी रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है। कई जगहों पर लोगों का कहना है कि समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जबकि दूसरी ओर जमाखोरी और कालाबाजारी के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल मुख्यालय क्षेत्र में कई अन्य संदिग्ध दुकानों पर भी छापेमारी जारी है और जहां भी अनियमितता मिलेगी वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी।


दुकान पर छापा मारने पहुंची टीम। अमृत विचार


गैस सिलेंडर लेकर विरोध प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### आम आदमी पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन

- **चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी की जिला इकाई ने गैस सिलेंडरों की कमी और कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन भेजा। आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज देश की आम जनता न केवल महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है, बल्कि गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के चलते फिर लाइनों में लगने को मजबूर हो गई। जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला ने कहा कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये तथा कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 120 रुपये की वृद्धि ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। कारोबारियों के सामने आज गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पार्टी का आरोप है कि अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी करने से देश को लगभग आठ लाख करोड़ रुपये का वार्षिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर महंगाई के रूप में पड़ रहा है। इस दौरान विवेक जैन, अंकित सिंह, नर्वदा प्रसाद यादव, लवलेश केशरवानी, शिवशंकर सिंह, श्याम बाबू त्रिपाठी, वीरेंद्र सिंह, डा. रमाकांत गुप्ता, अरुण कुमार, ज्योति देवी, कविता देवी, अरुण केशरवानी, महफूल अहमद, पूरन सिंह, सलाहुद्दीन, सन्नो देवी मौर्या, दीपिका वर्मा, डा राकेश सिंह पटेल, राज बहादुर साहू, मनधूमन पांडेय, दिनेश सिंह पटेल, संतोष कुमार कुशवाह, शिव सिंह, बसंत पटेल, सोनम श्रीवास आदि मौजूद रहे।

# खेलकूद में प्रतिभा दिखा बच्चों ने झटके पदक

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** पीएमश्री कंपोजिट विद्यालयों की जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं उत्सव भवन परिसर में संपन्न हुईं। इसमें जिले के पीएमश्री विद्यालयों के लगभग 400 बच्चों ने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पीएमश्री विद्यालय कछारपुरवा के बच्चों ने अव्वल स्थान पाया।

विजेताओं को खंड शिक्षाधिकारी शशांक शेखर शुक्ला व सभासद शंकर प्रसाद यादव ने पुरस्कार दिए। बीईओ ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद के आयोजन कराए जाते हैं। जिले में सात पीएमश्री विद्यालय हैं। सभासद शंकर यादव ने कहा कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा निखारने के लिए खेलकूद आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेलकूद के लिए भी प्रेरित किया जाना चाहिए। संयोजक जिला समन्वयक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान कसहाई, तृतीय स्थान बरुआ के स्कूल के बच्चों को मिला। कार्यक्रम के आयोजन में जिला समन्वयक मणिकांत, प्रभारी पीएमश्री विद्यासागर सिंह, प्रबंध समिति अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद, ग्राम प्रधान कमला देवी, श्यामसुंदर यादव, श्रीकेशन सिंह, रामयश, अजय सिंह, चरण सिंह, विद्यासागर, जय सिंह, आनंद सिंह, नवल सिंह, राममनी, निशा सिंह, रश्मि पांडेय, अखिलेश सिंह, ऊषा रानी त्रिपाठी, रचना यादव, सुशीला पांडेय रहीं।


पीएमश्री विद्यालयों की प्रतियोगिता में पुरस्कार पाने वाले बच्चे। अमृत विचार

# गैस सिलेंडर की कमी को दूर करे सरकार : त्रिपाठी

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** नगर पंचायत मऊ निवासी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर की कमी का आरोप लगाते हुए सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

उन्होंने कहा कि आम जनता इस सरकार से त्रस्त हो चुकी है। लोगों के लिए घर का चूल्हा जलाना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए और अब सिलेंडर की कमी के कारण आम लोगों के साथ-साथ होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को भी गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द गैस सिलेंडर की कमी की समस्या का समाधान किया जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके। उन्होंने इस दौरान चूल्हे में पूड़ी तलकर विरोध जताया। इस दौरान शिवा केशरवानी, अंकिता श्रीवास्तव, निर्मला यादव, सुषमा यादव, रेनू भारती, चंचल, शिवा बागी, आदित्य पटेल आदि रहे।


विरोध जताते हुए मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी।

# कंपोजिट विद्यालय की भूमि को देखा

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ ग्राम अगरहुंडा-सरैया बोडी पोखरी मार्ग के पास प्रस्तावित मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण हेतु चयनित भूमि को देखा। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 2449.63 लाख रुपये है, जिसमें प्रथम किस्त के रूप में 1220.315 लाख की वित्तीय स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की जा चुकी है। गौरतलब है कि इसमें लगभग 1500 विद्यार्थियों के अध्ययन की समुचित व्यवस्था की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि विद्यालय भवन का निर्माण मुख्य मार्ग के समीप किया जाए तथा खेल मैदान को विद्यालय परिसर के पीछे प्रस्तावित किया जाए।

# कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र की शिवरामपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-35 पर मंगलवार दोपहर करीब साढ़े चार बजे तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने एक ई-रिक्शा चालक की जान ले ली। दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि टक्कर से चालक लगभग दस फीट ऊपर उछलकर नीचे गिरा। इससे उसकी आंखें तक निकल आईं। जिसने भी यह मंजर देखा दहल गया। उधर कार सवार पांच लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, राजबहादुर (50) पुत्र बेला प्रसाद निवासी रामजीपुर जबरापुर थाना फतेहगंज ई-रिक्शा में आरा मशीन की लकड़ियां लादकर शिवरामपुर की ओर से कर्वी जा रहा था। इसी दौरान कर्वी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार अचानक गलत साइड में पहुंच गई और ई-रिक्शाचालक के बचाते बचाते यह उससे जा भिड़ी। टक्कर की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ई-रिक्शा दो हिस्सों में टूट गया और चालक कई फीट दूर जा गिरा। गंभीर चोटों के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में कार चालक पवन पुत्र अशोक कुमार निवासी कर्वी सहित विक्रम वाल्मीकि (25), मनीष वाल्मीकि (23), शिवम वाल्मीकि (16) और प्रांशु (20) निवासी अतर्रा जनपद बांदा घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी लोग मानिकपुर क्षेत्र से एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस अतर्रा लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही शिवरामपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने राजबहादुर को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरातफरी का माहौल रहा। सड़क पर बिखरे ई-रिक्शा के मलबे और लकड़ियों को हटवाकर पुलिस ने यातायात बहाल कराया।


हादसे के बाद ई-रिक्शा की यह हो गई हालत।

### करंट की चपेट से किशोर की मौत, चचेरा भाई झुलसा

- **राजापुर चित्रकूट।** करंट की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। उसका चचेरा भाई बचाने की कोशिश में गंभीर रूप से झुलस गया। ग्राम पंचायत बकट्टा खुर्द के मजरा अमवा में शनिवार लगभग ढाई बजे बुद्धराज (14) अपने चचेरे भाई सुनील कुमार (21) के साथ खेत गया था। बताते हैं कि खेत के पास लगे खंभे के सपोर्टर को छूने से बुद्धराज इसमें चिपक गया। उसकी चीख सुनकर चचेरा भाई सुनील भी पहुंचा और उसे बचाने का प्रयास करने लगा। इससे करंट की चपेट में आकर वह भी गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों और ग्रामीणों ने इनको निकालकर अस्पताल भेजा। यहां पर डॉक्टरों ने बुद्धराज को मृत घोषित कर दिया गया। सुनील की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उसे प्रयागराज के लिए ले गए हैं। तहसीलदार राजापुर भारत प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और शासनादेश के अनुसार आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया।

### शांतिपूर्वक हुई पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा


**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर लिखित परीक्षा के मद्देनजर शनिवार को डीएम पुलकित गर्ग व एसपी अरुण कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, शुचिता तथा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। उधर, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह और एसडीएम सौरभ यादव ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों और केंद्र निरीक्षकों ने अभ्यर्थियों की तलाशी ली। अमृत विचार

# कोल परिवारों के बच्चों की प्रतिभा देख लोग मंत्रमुग्ध

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** पाठा के कोल परिवारों के बच्चों के लिए अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान द्वारा संचालित भारत माता बाल अभ्युदय केंद्रों का वार्षिकोत्सव नई बस्ती मारकुंडी में मनाया गया।

व्यक्तिगत गीत, सामूहिक गीत, नाटक, प्रहसन, लोकगीत राई, कोलहाई आदि की प्रस्तुतियों ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। एकांकी से सड़क दुर्घटनाओं से बचने की सीख प्रेरणादायक रही। जारोमाफ़ी की खुशबू ने बलमा गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नई बस्ती के बुजुर्ग दादूलाल कोल ने की। उन्होंने स्वयं राई, कोलहाई, बलमा गीतों को गाकर और नृत्य कर दिखाया कि इतने वृद्ध होने के बाद भी उनमें स्फूर्ति बरकरार है। कल्याण केंद्र मानिकपुर के संगठन मंत्री महेश ने प्रयास की सराहना की। संस्थापक गोपाल भाई ने सभी का आभार प्रकट किया।


कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बच्चे। अमृत विचार

# किशोरी सशक्तिकरण की हुई शुरुआत

**पहाड़ी।** ब्लॉक स्थित सिधौली गांव में आरोही किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उद्घाटन रेनू द्विवेदी ने किया। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरबंस लाल ने कहा कि जल ही जीवन है और पानी संस्थान द्वारा किशोरियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं प्रशंसनीय हैं। पानी संस्थान की सदस्य शिखा तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों की 10-19 वर्ष की लड़कियों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और संविधान में प्रदत्त अधिकारों के मुद्दों पर केंद्रित है। काजल ने जानकारी दी कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से किशोरियों में आत्मविश्वास एवं शिक्षा के साथ आत्मनिर्भरता बढ़ाया जा रहा है।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा सही नाम विवेक कुमार भटनागर (VIVEK KUMAR BHATNAGAR) है, किन्तु त्रुटिवश मेरे बच्चे विहान भटनागर(VIHAAN BHATNAGAR) के आधार कार्ड में मेरा नाम विवेक भटनागर (VIVEK BHATNAGAR) अंकित हो गया है। अतः विवेक कुमार भटनागर एवं विवेक भटनागर दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे विवेक कुमार भटनागर के नाम से ही जाना जाए।

**सूचना**
मैं, **स्वाती सिंह पत्नी मुनेन्द्र देव, निवासिनी ग्राम कचूरा पो. हर्रई शाहाबाद हरदोई,** मेरे पुत्र स्वयं सिंह, उम्र 2 वर्ष का नाम मूल कागजों में स्वयं गौतम लिख गया है। आज से मेरे पुत्र को स्वयं सिंह के नाम से जाना जाए।

**सूचना**
मैं, **स्वाती सिंह पत्नी मुनेन्द्र देव, निवासिनी ग्राम कचूरा पो. हर्रई शाहाबाद हरदोई** की पुत्री द्रति सिंह, उम्र 6 वर्ष का नाम मूल कागजों में द्रति गौतम लिख गया है। आज से मेरी पुत्री को द्रति सिंह के नाम से जाना जाए।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कल्पेश राजेंद्र भाई पटेल पुत्र श्री राजेंद्र भाई पटेल अपना नाम कल्पेश राजेंद्र भाई पटेल को परिवर्तित करके कल्पेश पटेल कर रहा हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यो हेतु कल्पेश पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **कल्पेश पटेल पुत्र श्री राजेंद्र भाई पटेल माकन संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**
मैं **गंगा देवी पत्नी श्याम मनोहर निवासी ग्राम पिपरी राउत ब्लाक हलधरमऊ तहसील करनैलगंज जिला गोंडा** की निवासिनी हूँ। मेरे आधार कार्ड सहित सभी दस्तावेजों में नाम और पता यही है। जबकि पूर्व में नाम कुछ जगहों पर रामावती दर्ज हो गया था। जिसे मैंने सही करा दिया है। मेरे वास्तविक नाम गंगा देवी पत्नी श्याम मनोहर के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अवन्तिकाबेन कल्पेश पटेल पुत्री श्री अरुणभाई मूलजीभाई पटेल अपना नाम अवन्तिकाबेन कल्पेश पटेल को परिवर्तित करके अवन्तिकाबेन पटेल कर रही हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु अवन्तिकाबेन पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **अवन्तिकाबेन पटेल पुत्री श्री अरुणभाई मूलजीभाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेंद्र भाई पुत्र श्री मगन भाई पटेल अपना नाम राजेंद्र भाई को परिवर्तित करके राजेंद्र भाई पटेल कर रहा हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु राजेंद्र भाई पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा । **राजेंद्र भाई पटेल पुत्री श्री मगन भाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**
मैं **ध्रुव मिश्रा पुत्र मनीष कुमार मिश्रा पूरे भूपाल सिंह वि.ख. गौरा, तहसील डलमऊ जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड में रुद्र पुत्र मनीष मिश्रा निवासी दांदूपुर बराडीह तहसील. सलोन जिला रायबरेली अंकित है, जो कि गलत है। सही नाम और पता ध्रुव मिश्रा पुत्र मनीष कुमार मिश्रा पूरे भूपाल सिंह वि.ख. गौरा, तहसील डलमऊ जिला रायबरेली जिसे आधार कार्ड में अंकित किया जाए।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सपनाबेन राजेंद्र भाई पटेल पुत्री श्री कान्ति भाई पटेल अपना नाम सपनाबेन राजेंद्र भाई पटेल को परिवर्तित करके सपना पटेल कर रही हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु सपना पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **सपना पटेल पुत्री श्री कान्ति भाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**


## खेती-किसानी

### कृषि विज्ञान केंद्र में कृषकों को दिया गया प्रशिक्षण

# जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती का बढ़ेगा क्षेत्रफल

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले में किसानों की आय बढ़ाने तथा दलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने की मंशा से कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में ग्रीष्मकालीन (जायद) मूंग की खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 45 ग्रामों से आए 273 कृषकों ने भाग लिया। आशा जताई गई कि इस प्रशिक्षण से किसान जागरूक होंगे और जिले में मूंग की खेती का क्षेत्रफल बढ़ेगा।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजेंद्र सिंह नेगी ने किसानों से अपील की कि वे जायद में मूंग एवं तिल की खेती करें तथा अन्य किसानों को भी प्रेरित करें। बताया कि जिलाधिकारी की पहल पर जिला खनन निधि से जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती को बढ़ावा देने के लिए धनराशि उपलब्ध कराई गई है। सभी मिलकर आने वाले पांच वर्षों में जिले में जायद की खेती का क्षेत्रफल 50 हजार हेक्टेयर तक बढ़ाने का संकल्प लें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत किस्मों के चयन, बीज उपचार, बुआई तकनीक, उपयुक्त बुआई समय, सिंचाई प्रबंधन तथा कीट एवं रोग नियंत्रण की वैज्ञानिक जानकारी दी। बताया गया कि रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को खाली न छोड़कर जायद में कम अवधि में तैयार होने वाली मूंग की खेती अपनाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। जिले में लगभग 500 किसानों ने ग्रीष्मकालीन खेती की शुरुआत की है। इन किसानों को एक-एक एकड़ क्षेत्र के लिए मूंग की उन्नत प्रजाति 'शिखा' का 10-10 किलोग्राम बीज उपलब्ध कराया गया है, जिसमें किसानों ने 20 प्रतिशत (लगभग 280 रुपये) की सहभागिता राशि स्वयं वहन की गई है।



### प्रति एकड़ 25 हजार तक की होगी आय

- वैज्ञानिकों ने बताया कि जायद में मूंग की खेती से किसानों को प्रति एकड़ लगभग 25 हजार रुपये तक की आय प्राप्त हो सकती है। यह फसल मृदा उर्वराशक्ति बढ़ाने में भी सहायक होती है। भूसी पशुओं के लिए पौष्टिक आहार का कार्य करती है। दुधारू पशुओं को खिलाने से दूध उत्पादन में भी वृद्धि होती है।

### 10 अप्रैल से पहले हर हालत में करें बुआई

- फसल वैज्ञानिक विजय गौतम ने मूंग उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक विस्तार से बताई। शिखा, विराट, सम्राट, आईपीएम-205-7 तथा एमएच-1142 जैसी उन्नत एवं पीला मोजेक रोग प्रतिरोधी किस्मों के प्रयोग की सलाह दी। उन्होंने किसानों को हर हाल में 10 अप्रैल से पहले बुआई करने की सलाह दी। बताया कि देर से बुआई करने पर उत्पादन में कमी आ जाती है। उन्होंने खेत खाली होते ही पलेवा करके तुरंत बुआई करने की सलाह भी दी।

### सरकार ने तय की इसकी एमएसपी

- डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि लगभग 60-70 दिनों में तैयार होने वाली यह फसल प्रति एकड़ छह क्विंटल तक उत्पादन दे सकती है। सरकार ने ग्रीष्मकालीन मूंग के लिए 8,682 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। कमला शंकर शुक्ला ने बताया कि विशेष रूप से पानी की कमी वाले क्षेत्रों में यह फसल किसानों के लिए एक बेहतर विकल्प सिद्ध हो सकती है।



उस दा मुख इक जोत है,
घुंघट है संसार।
घुंघट में ओह छुप्प गया,
मुख पर आंचल डार।।

बुल्ले शाह कहते हैं, परमात्मा का मुख एक दिव्य ज्योति (रोशनी) के समान है, जबकि यह संसार एक घूंघट के समान है। भगवान ने इस संसार रूपी घूंघट को अपने मुख पर डाल लिया है, जिसके कारण वह छिपे हुए हैं और हमें दिखाई नहीं देते।

# विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा ही हिंदुत्व

> वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिंदू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु-पक्षी और कीट-पतंगा भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां-औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है, लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है। वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

वैज्ञानिक खोजों ने मानव संहार के अनेक उपकरण बनाए हैं। मध्य पूर्व में युद्ध जारी है। मानवता बारूद के ढेर पर है। विज्ञान निर्मम है। उसका लोकमंगल से कोई लेना-देना नहीं है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिंदू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु-पक्षी और कीट-पतंगा भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां-औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है, लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है। वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। लोकमंगल का उद्देश्य है और विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा है। इन सबका सार हिंदुत्व है। कोई अंधविश्वास नहीं। कोई जबरदस्ती नहीं। असहमत के प्रति भी आदर भाव है। हिंदुत्व में प्रेय श्रेय साथ-साथ हैं। विज्ञान और लोक मंगल भी परस्पर प्रीति में हैं।

डॉ. राधा कृष्णन ने कहा है, 'वैज्ञानिक हमें ऐसे विभिन्न ढंग बताते हैं, जिनसे पृथ्वी नष्ट हो सकती है। यह कभी सुदूर भविष्य में चंद्रमा के बहुत निकट आ पहुंचने से या सूर्य के ठंडा पड़ जाने से नष्ट हो सकती है। कोई पुच्छल तारा पृथ्वी से टकरा सकता है। धरती से ही कोई जहरीली गैस निकल सकती है, परंतु यह सब बहुत दूर की संभावनाएं हैं; जबकि अधिक संभावना इस बात की है कि मानव-जाति स्वयं जान-बूझकर किए गए कार्यों से और अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण, जो मानव-स्वभाव में मजबूती से जमे हुए हैं, नष्ट हो सकती है। यह बड़ी करुणाजनक बात है कि ऐसे संसार में जो हम सब के आनंद लेने के लिए है और जो हम यदि आजकल युद्ध यंत्रजात को पूर्णता तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े-से हिस्से का ही इसके लिए उपयोग करें, तो सबके जीवन को आनंदमय बनाया जा सकता है।'

हिंदुत्व भारत की प्रकृति है और संस्कृति भी। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। इस जीवन शैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है, लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिंदुत्व के अनेक चेहरे है। उग्र हिंदुत्व, मुलायम (सॉफ्ट) हिंदुत्व, सांप्रदायिक हिंदुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिंदुत्व पर आक्रामक हैं। अंग्रेजी भाषांतर में हिंदुत्व को हिंदुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी एक विचार होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिंदुइज्म भी हिंदूवाद का अर्थ देता है, लेकिन हिंदुत्व हिंदूवाद नहीं है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

हिंदुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। वीर होना वीरवाद नहीं होता, वीर होने का भाव वीरता है। दयावान होना दयावाद नहीं दयालुता है। हिंदू होना हिंदुता या हिंदुत्व है। कुछ विद्वान हिंदू को मुसलमानों द्वारा दिया गया शब्द मानते रहे हैं, लेकिन यह सही नहीं है। हिंदू शब्द का प्राचीनतम उल्लेख 'अवेस्ता' में है और अवेस्ता इस्लाम से सैकड़ो वर्ष पुराना है। डेरियस (522-486 ईपू) के शिलालेख में भी हिंदू शब्द का उल्लेख है। हिंदू शब्द विशेष संस्कृति वाले जनसमूह का द्योतक है।

डॉ. राधा कृष्णन ने वाराणसी हिंदू विश्व विद्यालय व कलकत्ता (कोलकाता) विश्व विद्यालय में हिंदू तत्व पर 1942 में भाषण दिए थे। उन्होंने 'धार्मिक आदर्शों' की दृष्टि से समाज के पुनर्गठन' पर कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में कहा, "भारतीय जीवन और विचार के किसी पहलू पर तुलनात्मक दृष्टि से विवेचन एक विस्तृत विषय है।" जीवन मूल्यों से समाज के आदर्श व सांस्कृतिक व्यवहार प्रभावित होते हैं और सभ्यता की उम्र भी। भारतीय राष्ट्रजीवन की सांस्कृतिक निरंतरता स्वयं सिद्ध है और प्राचीनता का मूल कारण विचारणीय है।

डॉ. राधा कृष्णन ने औरंगजेब द्वारा अपने अध्यापक मुल्ला साहब को लिखे पत्र का सुंदर उदाहरण दिया है, "तुमने मेरे पिता शाहजहां से कहा था कि तुम मुझे दर्शन पढ़ाओगे। यह ठीक है, मुझे भली भांति याद है कि तुमने अनेक वर्षों तक मुझे वस्तुओं के संबंध में ऐसे अनेक अव्यक्त प्रश्न समझाए, जिनसे मन को कोई संतोष नहीं होता और जिनका मानव-समाज के लिए कोई उपयोग नहीं है। ऐसी थोथी धारणाएं और खाली कल्पनाएं, जिनकी केवल यह विशेषता थी कि उन्हें समझ पाना बहुत कठिन था और भूल पाना बहुत सरल था। क्या तुमने कभी मुझे यह सिखाने की चेष्टा की कि शहर पर घेरा कैसे डाला जाता है या सेना को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है?" औरंगजेब के जीवन का आदर्श युद्ध है। युद्ध मानवीय मूल्य रहित हिंसा है।

डॉ. राधा कृष्णन के अनुसार, 'तत्कालीन विश्व का संकट यही है कि वह सैनिक व्यवस्था के विषय में सब कुछ जानता है और जीवन मूल्यों के दर्शन व धर्म के केंद्रीभूत प्रश्नो कें संबंध में बहुत कम जानता है।' भारतीय संस्कृति में मनुष्य की महिमा है। आनंदमय जीवन की अभिलाषा है। इस अभिलाषा को पूरा करने की आचार संहिता है। यह संहिता हिंदू धर्म है। इस आचार संहिता में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। गांधी जी अहिंसा को उत्कृष्ट जीवन मूल्य बताते थे। इस आदर्श का प्रेरणा केंद्र हिंदुत्व है।

संप्रति दुनिया में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आंधी है। भारत में यह सेकुलरवाद के रास्ते हिंदू धर्म को भी कालवाह्य घोषित करने पर आमादा है। अन्य पंथ रिलीजन अपनी कट्टरता के चलते वैज्ञानिक दृष्टिकोण को श्रेष्ठ नहीं मानते। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अनुचित नहीं है। वैज्ञानिकों ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उघाड़ने का काम किया है। अंधविश्वासी मतों, पंथों को भी चुनौती मिली है।

विज्ञान सत्य की खोज करता है। समाज ऐसी खोजों का उपयोग करता है। समाज इनका दुरूपयोग भी करता है। विश्व में पंथिक मजहबी मान्यताओं को लेकर तमाम युद्ध हुए हैं। हिंदू दर्शन भी सत्य का शोध करता है। दर्शन का उद्देश्य केवल सत्य का निर्वचन करना ही नहीं है। इसका ध्येय मनुष्य का दुख दूर करना है। हिंदू धर्म का उद्देश्य दुख का निवारण और आनंद की प्राप्ति है। समाज में आनंद का आपूरण विज्ञान का लक्ष्य नहीं है। विज्ञान के गले में लोकमंगल की घंटी डालने की आवश्यकता है। यह कार्य हिंदुत्व के रास्ते अधिक संभव है। हिंदुत्व लोकमंगल का पर्याय है।

भारत का जीवन ध्येय आनंद है। केवल वैयक्तिक आनंद नहीं; सामाजिक सामूहिक आनंद भी। विवेकानंद ने कहा है, "सभी देशों के निचले स्तर के मनुष्य इन्द्रियों के आनंद में उत्साह दिखाते हैं, किंतु जो सच्चे अर्थों में शिक्षित और सुसंस्कृत हैं, उनके आनंद का आधार विचार और कला होती है। दर्शन और विज्ञान होता है।" सुख और आनंद के अनेक मानसिक व बौद्धिक तल होते हैं। इंद्रिय भोग का सुख निम्न तल है। ज्ञान का सुख आनंद उच्च तल पर है। कला का आनंद गहरा है, लेकिन अनुभूति दर्शन का आनंद बहुत गहरा है। उपनिषद् दर्शन में आनंद की गहन अनुभूति है। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद की व्याख्या है। शुरुआत में कहते हैं, "सैषा आनंदस्य मीमांसा भवति-अब उस आनंद की मीमांसा करते हैं।"

बताते हैं, 'मनुष्य युवा हो, श्रेष्ठ आचरण वाला हो। अध्ययनशील हो। संपूर्ण अंग बल युक्त हो। स्वस्थ हो। धन संपदा से युक्त हो तो इस लोक में आनंद है।' यहां आनंद के सभी उपकरण प्रत्यक्ष हैं। भौतिक हैं। संसारी हैं। कोई अंध आस्था नहीं। भाववाद नहीं। आनंद की प्राप्ति का स्थान भी यही लोक है। आनंद का आनंद इसी संसार में है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# क्रीमी लेयर: आय के आधार पर वर्गीकरण उचित नहीं

भारत में आरक्षण व्यवस्था सामाजिक न्याय और समान अवसर की अवधारणा को मजबूत करने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसका मूल लक्ष्य उन वर्गों को मुख्यधारा में लाना है, जो ऐतिहासिक रूप से सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े रहे हैं। इसी व्यवस्था के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया है, हालांकि यह सुनिश्चित करने के लिए कि आरक्षण का लाभ वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे, क्रीमी लेयर की व्यवस्था बनाई गई है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इसी विषय से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि क्रीमी लेयर का निर्धारण केवल माता-पिता की आय के आधार पर नहीं किया जा सकता, बल्कि उनके पद और सामाजिक स्थिति को भी ध्यान में रखना आवश्यक होगा।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

इसकी सुनवाई न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर माधवन की पीठ ने की। पीठ ने केंद्र सरकार की उन अपीलों को खारिज कर दिया, जो मद्रास, केरल और दिल्ली उच्च न्यायालयों के फैसलों के खिलाफ दायर की गई थीं। न्यायालय ने कहा कि क्रीमी लेयर का निर्धारण करते समय केवल वेतन या आय को आधार बनाना उचित नहीं है। इसके साथ-साथ यह भी देखना जरूरी है कि माता-पिता किस पद पर कार्यरत हैं और उनकी सामाजिक स्थिति क्या है। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्रीमी लेयर की अवधारणा का उद्देश्य केवल आय के आधार पर वर्गीकरण करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में सामाजिक व शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों तक पहुंचे।

> सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्रीमी लेयर की अवधारणा का उद्देश्य केवल आय के आधार पर वर्गीकरण करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों तक पहुंचे।

इस मामले में एक महत्वपूर्ण विवाद वर्ष 1993 में जारी केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन और वर्ष 2004 में जारी स्पष्टीकरण पत्र को लेकर सामने आया। वर्ष 1993 के कार्यालय ज्ञापन में क्रीमी लेयर निर्धारित करने के लिए आय के साथ-साथ माता-पिता के पद और सामाजिक स्थिति को भी महत्व दिया गया था। उस समय यह व्यवस्था बनाई गई थी कि श्रेणी-एक और कुछ श्रेणी-दो अफसरों के बच्चों को क्रीमी लेयर माना जाएगा, क्योंकि उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर मानी जाती है। अन्य मामलों में आय की एक सीमा तय की गई थी, जो उस समय ढाई लाख रुपये प्रतिवर्ष थी। बाद में इसे बढ़ाकर आठ लाख प्रतिवर्ष किया गया।

इसके विपरीत वर्ष 2004 में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी स्पष्टीकरण में यह कहा गया कि विश्वविद्यालयों, बैंकों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों के लिए क्रीमी लेयर का निर्धारण मुख्य रूप से आय सीमा के आधार पर किया जाएगा। इस व्याख्या के कारण कई ऐसे अभ्यर्थियों को क्रीमी लेयर में शामिल कर दिया गया, जिनके माता-पिता सरकारी सेवा में नहीं थे, लेकिन उनकी आय निर्धारित सीमा से अधिक थी। परिणामस्वरूप ऐसे कई अभ्यर्थी ओबीसी के गैर-क्रीमी लेयर वर्ग का लाभ लेने से वंचित हो गए। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि वर्ष 2004 का यह स्पष्टीकरण वर्ष 1993 के कार्यालय ज्ञापन की मूल भावना के विपरीत है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# आनंद के संग्रह का महीना है रमजान

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का महीना 9वां महीना है, जबकि 10 महीने शव्वाल महीने में ईद का पर्व मनाया जाएगा। इस दृष्टि से 10वें महीने के स्वागत का महीना है रमजान। अंक के हिसाब से देखें तो 9 का अंक इकाई ही है और 10वां माह इकाई से दहाई में बदल जा रहा है। इसके सूक्ष्मभाव पर नजर डालें, तो व्यक्ति को समूह में जीने का संदेश भी दे रहा है रमजान का महीना। समूह में जीने के लिए स्नेह, प्रेम, दया की जरूरत होती है और जिसके पास यह है, उसका जीवन खुद-ब-खुद खुशी से भरा रहेगा। ईद के आने के पहले मन-मस्तिष्क में आनंद का सैलाब पैदा करने के पीछे पूरा विज्ञान शामिल है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

10वें माह में आने वाले ईद पर्व के लिए तन-मन को तैयार करने के लिए रमजान महीने के कुछ नियम बने, ताकि व्यक्ति अपने निजी जीवन में भी नियम के साथ रह सके। सहरी यानी सूरज निकलने के पहले फज्र की नमाज़ के पहले सो के उठना, मेडिकल साइंस के हिसाब से सेहत के लिए लाभप्रद है।

ताजा रिसर्च के अनुसार शरीर के हार्मोन्स आंतरिक सफाई का काम उसी समय करते हैं और उसके बाद सूरज डूबने के समय मगरिब की नमाज के समय अफ्तार (सूरज डूबने के पहले) का वक्त है। इस समय वातावरण में ऐसी तरंगें होती हैं, जिसमें किए गए भोजन से तन और मन स्वस्थ रहता है। विभिन्न धर्मावलंबी भी सूर्य डूबने के पहले भोजन कर लेते हैं।

रमजान महीने में रात को इशा के नमाज के बाद तरावीह की नमाज के दौरान कुरान पाक को सुना जाता है। कुरान पाक में तीस 'पारे', छोटी-बड़ी 114 'सूरतें' हैं। इस प्रकार धार्मिक पद्धति से एक माह कुरान को पढ़ या सुनकर शव्वाल महीने में आने वाले ईद के लिए पूरी तरह दुरुस्त होने का यह रिहर्सल का महीना है। ईद भी 'ऊद' शब्द से बना है, जिसका मतलब सुगंध है। जीवन को सुगंधित बनाने का रमज़ान का माह यह संदेश लेकर हर साल आता है कि इस्लाम धर्मावलंबी ऐसा कार्य करें, जिससे वह जहां रहें और जहां जाएं खुशबू बिखेर दें।

रमज़ान महीने में रोज़ा रखने का यह भी उद्देश्य है कि दिन भर बिना कुछ खाए-पीए रहने से शरीर को जो तकलीफ मिलती है, वह यह संदेश देता है कि जो लोग आर्थिक दृष्टि से मजबूर हैं, वे बिना खाए-पीए रहते हैं तो कितनी तकलीफ उन्हें मिलती होगी, इसलिए सिर्फ इस्लाम में ही नहीं, हर धर्मों में कहा गया है कि सक्षम व्यक्ति को चाहिए कि वह आसपास-पड़ोस के उन लोगों की जानकारी रखें तथा उनकी मदद करें जो अभावग्रस्त हैं। किसी अभावग्रस्त व्यक्ति की सहायता करने से सुकून मिलता है। प्रयास यही करना चाहिए कि अभावग्रस्त व्यक्ति को स्वावलंबी बनाने में मदद की जाए न कि उन्हें खैरात में कुछ पाने की आदत बन जाए। जकात या दान सही व्यक्ति को ही करने से पुण्य (सवाब) मिलता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# अमेरिकी अपना रहे 'ऑफ-ग्रिड' जीवनशैली

> अमेरिका में 'ऑफ-ग्रिड' जीवनशैली अपनाने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। 'ऑफ-ग्रिड' यानी भौतिक सुविधाओं को छोड़ना। दिलचस्प यह है कि इस रुझान को आरामदेह और आत्मनिर्भर जीवन की चाहत समझा जा रहा है न कि महज मजबूरी।

अमेरिका इन दिनों युद्ध को लेकर इतना आक्रमक है, उसके नागरिकों के बीच 'ऑफ-ग्रिड' जीवन शैली अपनाने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। 'ऑफ-ग्रिड' यानि सार्वजनिक उपयोगिताओं या भौतिक सुविधाओं को छोड़ना। दिलचस्प यह है कि इस रुझान को आरामदेह और आत्मनिर्भर जीवन की चाहत समझा जा रहा है, न कि महज मजबूरी। अनुमान है कि वर्ष 2035 तक अमेरिका में लगभग 12 प्रतिशत घर ऑफ-ग्रिड हो जाएंगे। रोचक तथ्य यह भी है कि ताजा प्रवृत्ति सिर्फ पर्यावरण प्रेमियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि मुख्यधारा में भी अब लोकप्रिय हो रही है। जमीनी जीवन शैली के इस क्रम में लोग सोलर पैनल, विंड टर्बाइन और निजी जल स्रोतों (कुएं, वर्षा जल संचयन) का उपयोग करके बिजली और पानी की पब्लिक सप्लाई का त्याग कर रहे हैं। यही कवायद आत्मनिर्भरता और सुकून वाले जीवन का आधार बनती जा रही है।

ऐसी लाइफ स्टाइल को अपनाने के कारण भी हैं। अमरीका के कैलिफोर्निया, टेक्सास और लुइसियाना जैसे राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं के कारण भी बिजली कटौती के चलते तमाम ग्रिड से अलग हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक उपयोगिताओं की बढ़ती लागत भी एक प्रमुख वजह है। ऐसा भी नहीं है कि वहां लोग आधुनिक ऑफ-ग्रिड शैली अपना कर आदिम युग में जीने लगे हों। इससे अलग उनके पास उन्नत तकनीक जैसे लिथियम बैटरी, स्मार्ट होम सिस्टम आदि विकल्प हैं, जिससे उनकी जीवन शैली पहले से तनावमुक्त है।



अजय दयाल
हल्द्वानी

इसी कड़ी में यह भी समझना होगा कि ऊर्जा की बढ़ती दरों के कारण 2025 तक 19 प्रतिशत अमेरिकियों को बिजली की आपूर्ति बंद होने का सामना करना पड़ा, जिससे त्रस्त आकर उन्होंने विकल्प के तौर पर आत्मनिर्भरता का रास्ता पकड़ा। साफ शब्दों में समझें तो अमरीका में एक नई जीवन शैली आकार ले रही है, जहां लोग सरकारी या निजी ग्रिडों की निर्भरता से अलग होकर, निजी संसाधनों से मानसिक तकलीफ से दूर होकर स्वतंत्र जीना पसंद कर रहे हैं।

थोड़ा रिसर्च कीजिए तो प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रह कर सफल जीवन जीने वालों के और भी उदाहरण देशी-विदेशी लेखकों की पुस्तकों और इन पर बनी फिल्मों में मिल जाएंगे। ऐसी ही एक सच्ची कहानी जहाज दुर्घटना में फंसे रॉबिन्सन परिवार की है। 19वीं सदी की शुरुआत में पूर्वी इंडीज में आए एक भयंकर तूफान के कारण उनकी जहाज यात्रा एक ऐसे टापू पर अटकती है, जहां भौतिक कुछ था ही नहीं।

यहां दस वर्षों से अधिक समय गुजारने वाले परिवार को अनेक रोमांच और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पेड़ पर घर बनाने से लेकर नए-नए उपकरण और संरचनाएं बनाते सभी ने जीवन यापन किया। वास्तव में यह सच्ची घटना उनके आरामदेह और टिकाऊ जीवन बनाने के प्रयासों और अंततः सकुशल जिंदा रहने के जज़्बे का उदाहरण बनी।

उदाहरण उन लोगों के लिए है, जो बिना बिजली अथवा गैस सिलेंडर के जीवन यापन करने की कल्पना मात्र से भयभीत हैं। रॉबिन्सन फैमिली की ऐतिहासिक जुगत विकासशील दुनिया में रह रहे आम लोगों के सामने नजीर है, जिनपर ताजा युद्ध का प्रभाव पड़ने जा रहा है। आग पर खाना पकाना, नदियों में नहाना है और एक साधारण बल्ब या लकड़ी की रोशनी भी विलासिता ही समझनी होगी, क्योंकि इस नये जीवन में लोग सार्वजनिक उपयोगिताओं से मुक्त होकर आरामदेह बल्कि आत्मसंतुष्ट जीवन शैली जी रहे हैं।

रॉबिन्सन फैमिली की तरह प्राकृतिक चिकित्सक मिस्टर हॉल और उनकी पत्नी एलिसिया ब्लिस हॉल का उदाहरण है, जो ऐसे इलाके में रहते हैं जहां बिजली की सुविधा बिल्कुल नहीं है। उनके दो केबिनों में बिजली पूरी तरह से सौर पैनलों से आती है। पानी के लिए नदी, जबकि खाना पकाने के लिए लकड़ी से जलने वाले चूल्हे हैं। वे धारा में एक जलविद्युत प्रणाली स्थापित कर रहे हैं जो सौर ऊर्जा में योगदान देगी।

ऐसे लोंगों का ग्रिड से अलग रहकर जीवन यापन करना पहले से कहीं अधिक व्यावहारिक और आरामदेह हो गया है। लेखक रोसेन का अनुमान है कि अमेरिका में बिना बिजली-पानी के जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या में भी प्रति वर्ष लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है।

# कैनेडी बने थे उपभोक्ता अधिकारों की पहली आवाज

15 मार्च यानी वो तारीख जब उपभोक्ता अधिकारों की मशाल जलाई गई, जिसकी नींव 1962 में अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने रखी थी। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करते हुए पहली बार उपभोक्ता के अधिकारों को परिभाषित किया था। उन्होंने कहा था, "उपभोक्ता अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा समूह है, जो लगभग हर आर्थिक निर्णय को प्रभावित करता है, लेकिन फिर भी उसकी आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है।" इस दिवस को आधिकारिक रूप से मनाने की शुरुआत 15 मार्च 1983 से हुई थी।

वर्तमान परिदृश्य में बाजार का स्वरूप बिल्कुल बदल चुका है। उपभोक्ताओं के सामने कई चुनौतियां खड़ी हैं।



संजीव मेहरोत्रा
रिटायर बैंककर्मी

इस बार की थीम 'सुरक्षित उत्पाद, आश्वस्त उपभोक्ता' है, जो कहीं न कहीं आज के दौर की सबसे बड़ी जरूरत को दर्शाती है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत चार अधिकार दिए गए हैं, जिनमें सुरक्षा, सूचना, चयन और सुनवाई का अधिकार शामिल है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि दिए गए अधिकारों का क्या हम उपयोग कर पा रहे हैं, क्या हमें उनका लाभ मिल पा रहा है।

आज बाजार में विकल्पों की लंबी फेहरिस्त है। लुभावने विज्ञापन और सस्ते दामों में चीजें देने का दावा है। उपभोक्ता अब दुकानों तक सीमित नहीं है, वह उससे भी आगे निकल चुका है। वह ई-कामर्स की दुनिया में है, जिसके अपने फायदे और नुकसान हैं। यहां उपभोक्ता को लुभावने और गुमराह करने वाले तरीकों से अनचाही खरीदारी करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई उत्पादों का फेक रिव्यूज दिया जाता है। इंटरनेट पर तमाम ऐसे प्लेटफार्मस हैं, जो उत्पादों के रिव्यूज के नाम पर फेक यानी गलत जानकारी देकर गुमराह करते हैं।

भारत में 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019' ने ई-कॉमर्स को अपने दायरे में लिया और यहां से उपभोक्ताओं को नई मजबूती दी, जिसके तहत गुमराह करने वाले विज्ञापनों के लिए हस्तियों व कंपनियों पर भारी जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। लोगों को भी खरीदारी के समय बिल लेने, आईएसआई, एगमार्क जैसे मानकों सहित उत्पाद की एक्सपायरी तिथि जांचने की आदत डालनी होगी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल में बालेन शाह का चुना जाना महज इत्तेफाक नहीं



नेपाल में बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली नई सरकार के कामकाज के तौर-तरीकों की प्रतीक्षा में दुनिया के कई देश हैं, लेकिन नेपाल के पड़ोसी देशों को खास तौर पर इसकी प्रतीक्षा बेसब्री से है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मतदान के चुनाव की गिनती पूरी हो चुकी है, दोनों चुनाव प्रणाली में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को 175 से अधिक सीटें हासिल हुई हैं। प्रत्यक्ष प्रणाली के चुनाव में 165 सीटों में से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को सर्वाधिक 125 सीटें हासिल हुई हैं, जो अब तक किसी भी पार्टी को मिली सीटों से कहीं ज्यादा है। अप्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में अभी कुछ आधिकारिक औपचारिकता बाकी है, जिस वजह से नेपाल में नई सरकार के सत्तारूढ़ होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इस बीच यह साफ है कि नई सरकार का गठन बालेन शाह के नेतृत्व में ही होगा।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

राजशाही के परंपरागत राजाओं के राजतिलक को छोड़ दें, तो दुनिया में इक्का-दुक्का उदाहरण ही मिलेंगे, जब किसी देश ने 35 वर्षीय एक नौजवान पर भरोसा जताते हुए सत्ता की चाभी सौंप दी हो। काठमांडू के नारा देवी में पैदा हुए, बालेन शाह का पैतृक गांव मधेश के महोत्तरी जिले में है। उनके पिता आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं। बालेन शाह के रैप सांग में मुख्यतः नेपाल की पीड़ा और दुश्वारियों का दर्दनाक वर्णन होता था और यही कारण है कि वे नेपाल के युवाओं में रोल-मॉडल बन गए। युवाओं ने उन्हें 2023 में पहले काठमांडू का मेयर बनाया और अब नेपाल भर के इन्हीं युवाओं ने नेपाल की सत्ता सौंप दी। बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली इस सरकार में अपेक्षाकृत युवाओं की भरमार होगी। राजनीतिक विश्लेषकों के आकलन में इस युवा सरकार को लेकर आशा और उम्मीद तो है, लेकिन कुछ भ्रांतियां और संशय भी है, जिस पर से पर्दा हटना बाकी है।

वाकई यह हैरत की बात है कि जिस आंदोलन में राजधानी काठमांडू तबाह हुआ हो, उसका इल्जाम युवाओं पर लगा हो और उन्हीं युवाओं में से कुछ राजनीति में आकर चुनाव लड़ रहे हों और जनता इन पर विश्वास जताते हुए सत्ता सौंपने का निर्णय ले रही हो, तो यह महज एक्सीडेंटल नहीं है। सोचिए नेपाल की जनता अपनी ही चुनी हुई सरकारों द्वारा कितना धोखा खाई होगी और कितनी बार ठगी गई होगी, तब ऐसा निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा होगा। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने वाली नेपाल की अपेक्षाकृत युवा सरकार नेपाल के लोगों की अपेक्षानुरूप काम कर पाएगी, इसका रुझान सत्तारूढ़ होने के कुछ दिन बाद ही पता चल पाएगा।

बालेन शाह का प्रधानमंत्री चुना जाना मधेश क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है, क्योंकि पहली बार ऐसा है कि नेपाल की सर्वोच्च सत्ता पर मधेश का कोई शख्स आसीन होने जा रहा है। इस क्षेत्र में पूर्व में नेपाली कांग्रेस का वर्चस्व रहा करता था। मधेश क्षेत्र के सांसद की बदौलत कोइराला परिवार के सदस्य स्व. वीपी कोइराला से लेकर गिरिजा प्रसाद कोइराला और सुशील कोइराला तक प्रधानमंत्री होते रहे हैं, लेकिन इस परिवार ने प्रधानमंत्री तो दूर मधेश से नेपाली कांग्रेस का सभापति तक के बारे में नहीं सोचा। इस बार काफी संभावना है कि प्रधानमंत्री के साथ नेपाली कांग्रेस के संसदीय दल का नेता भी मधेश से हो। हालांकि अंकगणित के हिसाब से नेपाली कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी तो है, लेकिन प्रमुख विपक्षी के लायक नहीं है।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के दो तिहाई से अधिक सदस्य युवा हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जो नई सरकार में गृह मंत्री हो सकते हैं, वे भी युवा हैं और संभावित प्रधानमंत्री बालेन शाह तो महज 35 वर्ष के ही हैं। सुडान गुरुंग, जिनकी पहचान जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में है, वे भी बमुश्किल 30 के ही होंगे। नेपाल में बदलाव का साक्षी बने नेपाल के युवा पॉवर की चर्चा अब पूरी दुनिया में है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल

महोबा। थाना पनवाड़ी क्षेत्र के वैंदो गांव के पास बीती रात दो एक बाइकों का संतुलन बिगड़ने पर पीछे जा रही बाइक उससे से भिड़ गई, जिससे दोनों बाइकें सड़क पर गिर गईं और उसमें सवार तीन युवक घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी में भर्ती कराया, जहां से डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में लोहर गांव निवासी ब्रजेंद्र (19) पुत्र नृपत, पुष्पेंद्र (26) पुत्र जानकी एक बाइक पर और दूसरी बाइक पर भागीरथ पुत्र पन्नालाल पनवाड़ी से वापस लौट रहे थे। रात होने के कारण दोनों बाइकें आगे पीछे चल रहीं थीं, तभी आगे चल रही बाइक का अचानक संतुलन बिगड़ गया, जिससे पीछे वाली बाइक चालक का भी संतुलन बिगड़ गया, जिससे दोनों बाइकों में टक्कर हो गई। इससे दो बाइकों में सवार तीनों लोग घायल हो गए। बाद में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

महोबा। शहर के मोहल्ला बंधानवार्ड एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन तत्काल जिला अस्पताल ले गए। डाक्टरों ने महिला को इमरजेंसी वार्ड भर्ती किया। मोहल्ला बंधानवार्ड निवासी रामकुमार की पत्नी माया (42) ने शनिवार की दोपहर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसने परिजनों को जहर खाने की बात बताई। महिला के जहर खाने की बात सुनते ही परिजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया। उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार बताई जा रही है। माया ने किसी बात को लेकर जहर का सेवन किया परिजन को इस बात की कोई जानकारी नहीं है।

### युवक पर इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज व चैट करने का आरोप

राठ (हमीरपुर)। सिकंदरपुरा चरखारी रोड इलाके की निवासी एक महिला ने एक अंजान युवक पर सोशल मीडिया इंस्टाग्राम से उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील मैसेज भेज कर गंदी बात करने तथा उसके मोबाइल नंबर पर फोन कर अश्लील शब्दों का इस्तेमाल कर गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने आज शनिवार को राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के सिकंदरपुरा चरखारी रोड इलाके की निवासी एक महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीते करीब 15 दिनों से एक अज्ञात व्यक्ति जो कि बाबा रैकवार के नाम से इंस्टाग्राम आईडी बनाए हुए हैं। उक्त व्यक्ति उसकी इंस्टाग्राम आईडी में अश्लील मैसेज भेज कर उसके साथ अश्लील वार्तालाप कर रहा है। उसके मोबाइल नंबर पर फोन कर उसके साथ गंदी बात कर उसे गालियां भी दे रहा है। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो व्यक्ति ने फोन पर उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। महिला ने कार्रवाई की मांग की है। मामले में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जाएगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# डीएम,एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से जिले में आयोजित उपनिरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 2025 को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का स्थलीय भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, यातायात व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी, सुचितापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनुचित गतिविधि, नकल अथवा कानून व्यवस्था से संबंधित समस्या उत्पन्न न होने पाए, इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निरंतर निगरानी बनाए रखते हुए पूरी सजगता के साथ कार्य करें। निरीक्षण दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सघन चेकिंग अभियान चलाने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के साथ साथ यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं नियंत्रित बनाए रखने के भी निर्देश दिए, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह सहित समस्त पुलिस व प्रशासनिक अमले ने भी जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया।

### परीक्षा को लेकर बनाई गई हेल्प डेस्क

महोबा। उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा के अन्य जनपदों से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े, इसको लेकर जिला पुलिस ने रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं। यहां आए अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों की जानकारी के अलावा अन्य आवश्यक सहायता मुहैया रहेगी।

# संस्कृत बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य पूरा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** संस्कृत बोर्ड परीक्षा के उत्तर मध्यमा की 14000 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय से पूर्व ही किए जाने पर उपनियंत्रक मूल्यांकन केन्द्र गुमान बिहारी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुखनन्दन मिश्र ने मूल्यांकन से जुड़े अध्यापकों की सराहना की है।

संस्कृत बोर्ड लखनऊ द्वारा गुमान बिहारी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय चरखारी को चित्रकूट धाम मण्डल का मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया था जिसमें बोर्ड द्वारा महोबा, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट जनपद के 149 अध्यापकों की ड्यूटी मूल्यांकन के लिए लगायी गयी थी लेकिन चित्रकूट एवं बांदा जिलों के अध्यापक मूल्यांकन केन्द्र पर नहीं पहुंचे और 60 अध्यापकों द्वारा मूल्यांकन का कार्य किया गया। संस्कृत बोर्ड ने मूल्यांकन के लिए 7 मार्च से 16 मार्च तक का समय निर्धारित किया गया था लेकिन केन्द्र मूल्यांकन के लिए पहुंचे 60 अध्यापकों ने 14000 उत्तर पुस्तिकाओं का निर्धारित समय से दो दिन पूर्व ही मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर दिया। इस पर उपनियंत्रक मूल्याकंन केन्द्र डॉ. सुखनन्दन मिश्र ने अध्यापकों के कार्य की सराहना की तथा सभी को बधाई दी।

# 23.83 लाख की अधिक संपत्ति, इंस्पेक्टर पर रिपोर्ट

## इंद्रकांत त्रिपाठी आत्महत्या मामले से जुड़े हैं इंस्पेक्टर के तार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**06** साल पुराने मामले में चल रही थी जांच

**अमृत विचार।** जिले की पत्थर उद्योग नगरी कबरई में क्रशर कारोबारी इंद्रकांत त्रिपाठी की मौत से जुड़े मामले की जांच में पुलिस विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीओ) झांसी ने वर्ष 2020 में जिले में तैनात रहे तत्कालीन निरीक्षक विपिन कुमार त्रिवेदी (एसपी कार्यालय) के खिलाफ शहर कोतवाली में भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कराया था और जांच में इंस्पेक्टर के पास आय के ज्ञात स्रोतों से 23.83 लाख रुपये से ज्यादा की संपत्ति होने की पुष्टि हुई है।

7 सितम्बर 2020 में व्यापारी इंद्रकांत त्रिपाठी ने तत्कालीन एसपी मणिलाल पाटीदार पर 6 लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इसके अगले ही दिन व्यापारी को तनाव के चलते स्वयं को गोली मार ली थी और 13 सितंबर को इलाज के दौरान इंद्रकांत त्रिपाठी की मौत हो गई थी।

इस चर्चित मामले की जांच एसआईटी ने की थी, जिसमें तत्कालीन एसपी, थानाध्यक्ष कबरई देवेंद्र शुक्ला और अन्य को आत्महत्या के लिए उकसाने और भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया था। इसी प्रकरण के बाद जिले में तैनात रहे सभी निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों की संपत्तियों की गोपनीय जांच शुरू की गई थी। इसी जांच के तहत एसीओ झांसी के निरीक्षक शादाब खान की तहरीर पर निरीक्षक विपिन कुमार त्रिवेदी निवासी अंगदपुर, कानपुर देहात वर्ष 2020 में एसपी कार्यालय में तैनात थे और वर्तमान में वह सीबीसीआईडी प्रयागराज में संबद्ध हैं इनकी भी जांच हुई। जांच एजेंसी ने रिपोर्ट में पाया कि निर्धारित अवधि के दौरान निरीक्षक की कुल वैध आय 1,38,95,850 रुपये थी। इसी अवधि में उनकी चल अचल संपत्तियों और भरण पोषण पर कुल व्यय 1,62,79,532 रुपये पाया गया। अपनी आय के सापेक्ष 23,83,662 रुपये अधिक खर्च करने के संबन्ध में निरीक्षक कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके। शहर कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार पांडेय ने बताया कि भ्रष्टाचार निवारण संगठन की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी विस्तृत विवेचना भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ को सौंपी गई है।

# प्लाटिंग के लिए कृषि भूमि बेच रही युवा पीढ़ी

संवाददाता कार्यालय, महोबा


कृषि भूमि पर की गई प्लाटिंग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सालों से खेती करते आ रहे परिवार के लोगों ने अपनी पुश्तैनी भूमि को बचाए रखने के लिए मेहनत और मजदूरी करके परिवार को चलाया, लेकिन अन्न उगाने वाली कृषि भूमि को बेचने का कभी दिल में ख्याल तक नहीं आया। लेकिन आज की पीढ़ी को कृषि भूमि रास नहीं आ रही है। यही वजह है कि शहर के आसपास की बात तो दूर गांव में भी सड़कों के किनारे कृषि जमीन युवा पीढ़ी बेचने में जुटी है। हालत यह है कि सोना उगलने वाली भूमि अब हरी भरी न रहकर बंजर सी हो गई है। इस भूमि पर अब फसल की पैदावार करने की जगह प्लाटिंग करके इमारतें तैयार हो रही है, जिसके चलते कृषि क्षेत्र का रकबा तेजी से घटता जा रहा है। यही हाल रहा तो खेती करने वाला अन्नदाता खुद बाजार से अन्न खरीदने को मजबूर हो जाएगा।

मालूम हो कि जिले में एक दशक पहले 2.40 लाख हेक्टेयर में कृषि भूमि में फसल की पैदावार होती थी। शहर के आसपास की भूमि में भी किसान फसल की बुवाई करता था। ग्रामीण अंचलों में सड़क से निकलने पर दोनों ओर हरी भरी फसल लहलहाती दिखाई देती थी, खेतों का बड़ा अच्छा नजारा दिखता था। 75 फीसदी से ज्यादा ग्रामीण कृषि कार्य में जुटा रहता था, लेकिन प्लाटिंग की चकाचौंध के चलते शहर के आसपास फसल से लहलहाने वाले खेतों का तो अता पता नहीं, उन खेतों में बड़ी बड़ी इमारतें, विद्यालय और सरकारी कार्यालय बनकर तैयार हो गए हैं और अब एकाध प्रतिशत शहर के आसपास भूले भटके बच गए खेतों में भी धड़ल्ले से प्लाटिंग चल रही है। हर छोटे से छोटा किसान अपनी जमीन बेंचकर करोड़पति बनने का सपना देख रहा है, यही वजह है कि कृषि योग भूमि पर धड़ल्ले से प्लाट काटकर लोग कमाई करने में जुटे हुए हैं।

जिला मुख्यालय से दस किमी. की दूरी तक हर मार्ग पर जमीन की प्लाटिंग हो चुकी है। इतना ही नहीं ग्रामीण अंचलों में भी सड़क के दोनों तरफ प्लाटिंग चल रही है, जिससे कृषि क्षेत्र का रकबा 2.40 लाख हेक्टेयर से घटकर 2.10 लाख हेक्टेयर रह गया है, इससे गेहूं, चना, मटर, राई, अलसी, मसूर, मूंग, अरहर का उत्पादन भी घट गया है और साल दर साल उत्पादन कम होता जा रहा है। शहर हो या गांव किसान पहले प्लाटिंग करने वालों को हेक्टेयर के हिसाब से बेच देता है, इसके बाद खरीददार उसकी प्लाटिंग करके लाखों रुपये की जमीन खरीदकर करोड़ों रुपये में बेचता है।

### पूर्वजों ने मुसीबतें उठाई पर नहीं बिकने दी जमीन

महोबा। पूर्वजों द्वारा मुसीबत के वक्त भी अपनी कृषि भूमि को न बेचकर परेशानी उठाई। यहां तक कि कर्ज लेकर काम चला लिया, लेकिन अपनी कृषि भूमि को नहीं बेचा और उसकी रखवाली करने के साथ साथ उसमे बच्चों की परवरिश और शिक्षा के लिए पैदावार करके काम चलाते रहे। आज की पीढ़ी पूर्वजों की एक एक रुपये जोड़कर खरीदी गई भूमि को सहेज कर रख पाना तो दूर उसकी बाजार में कीमत लगाकर धड़ल्ले से बेचकर मालामाल बन रहे हैं।

# बच्चों ने रैली निकाल गंगा की स्वच्छता का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश के निर्देश पर कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय सलारपुर में वन विभाग एवं कोर अर्थ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयाजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली, जो गांव का भ्रमण कर वापस विद्यालय पहुंची। विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण संरक्षण के अलावा गंगा स्वच्छता विषय पर निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। निबंध प्रतियोगिता में मनोज व चित्रकला में यश ने प्रथम स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम के तहत कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय सलारपुर से छात्र छात्राओं ने फाउंडेशन व वन विभाग के लोगों की देखरेख में गांव में रैली निकाली। रैली मुख्य सड़क के अलावा गांव की गलियो से गुजरी और ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण व गंगा स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया। रैली में बच्चे हाथों में बैनर और जागरुकता नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली समाप्त होने के बाद विद्यार्थियों के लिए निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 8 के मनोज ने पहला, कक्षा 7 की प्रियांशी ने दूसरा और कक्षा 6 की पूजा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 8 के यश और अभिषेक ने क्रमशः पहला व दूसरा स्थान हासिल किया, वहीं कक्षा 7 की कोमल को तृतीय स्थान पर संतुष्ट करना पड़ा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया और गंगा की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# 23वें रमजान को शहर की दो मस्जिदों में हुआ खत्मुल कुरान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान के दो अशरे से ज्यादा बीत जाने के साथ अब मस्जिदों में चल रही तरावीह में कुरान मुकम्मल होने का भी सिलसिला भी तेज हो गया है। अलविंदा जुमा के दिन शहर की सर्राफा मस्जिद और अब्बा हुजूर की मस्जिद में हाफिजों ने तरावीह सुनाते हुए कुरान मुकम्मल किया। दोनों मस्जिदों में तरावीह पढ़ने वालों की खासी भीड़ रही, जिन्होंने हाफिजों के पीछे खड़े होकर 24 दिन तक कुरान को सुना। खत्मुल कुरान के दिन मस्जिद कमेटी ने नजराना पेश कर हाफिजों का इस्तकबाल किया।

शहर की सर्राफा बाजार की मस्जिद में भटीपुरा निवासी हाफिज सैयद समीर अली ने तरावीह सुनाते हुए कुरान मुकम्मल किया। खत्मुल कुरान के बाद हाफिज को लोगों ने फूलमाला पहनाई साथ ही उनसे मुसाफा कर उन्हें नजराना भी दिया। वहीं मस्जिद कमेटी ने हाफिज को 51786 रुपये, एक जोड़ा कपड़ा व अन्य सामान देकर तरावीह खत्म होने की मुबारकबाद दी। इस मौके पर आलिम जमालुद्दीन ने खिताब करते हुए कहा कि कुरान किसी मुसन्निफ (राइटर) ने नहीं लिखा है। कुरान आल्लाह ने इसी मुकद्दस माह में नाजिल किया था, इसलिए इसे आसमानी किताब भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि इस माह में एक कुरान पढ़ने से सत्तर कुरान का सवाब मिलता है। हर नेकी पर सत्तर सत्तर गुना सवाब मिलता है। इस मौके पर मुतब्बली हाजी जफर उल्ला, अशरफ खान, हाजी मजूंर, मल्लन रजा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


फूलमाला पहने लोगों के साथ खड़े हाफिज समीर। अमृत विचार

उधर समदनगर स्थित बाबा हुजूर मजार की मस्जिद में हाफिज कारी मुअज्जम ने रमजान के चांद रात से तरावीह शुरू की और 23वें रोजे को कुरान मुकम्मल किया। हाफिज ने फातिहा के बाद मुल्क की तरक्की की दुआएं की गई। खत्मुल कुरान के बाद तकरीर हुई, जिसमें हाफिज ने कहा कि इस मुबारक माह की बेइंतहा फजीलत है, इस महीने में हर घर में बरकत बढ़ जाती है। अल्लाह ताअला अपने बंदें के गुनाह माफ कर देता है और रोजेदार की हर जायज मुराद को पूरी करता है। तरावीह के अखिरी दिन हाफिज को मस्जिद कमेटी ने नजराना पेश किया और सभी लोगों को तबरूख तक्सीम किया गया।

# जलते हुए दिये को बुझाया न कीजिये, हंसता अगर हो...

**काव्य गोष्ठी**

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। कलार्पण (भारत) जिला इकाई के तत्वावधान में विचार/ काव्य गोष्ठी का आयोजन बलदाऊ मंदिर में अपरान्ह 2 बजे से आयोजित की गई। कवि वीरेंद्र पाल 'शजर' ने गजल-जलते हुए दिये को बुझाया न कीजिये। हंसता अगर हो कोई, रुलाया न कीजिए के साथ गोष्ठी की शुरुआत की।

वरिष्ठ कवि गणेश सिंह विद्यार्थी ने पढ़ा - तूफानों से घिर कर भी, दीप जलाया है। घातें प्रतिघातें सह कर भी, प्रीति निभाया है। कवि अवधेश कुमार साहू 'बेचैन' ने अपनी सम सामयिकी कविता पढ़ी - एक बात पूछता हूं बताओ न मोदी जी। क्या नींद तुमको आती नहीं? कलार्पण के जिला अध्यक्ष शिवकरण सिंह 'सरस' ने संगीत साहित्य कला के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त करने के उपरांत कविता पढ़ी - साहित्य कि पतवार कलाएं नौका विहार, उत्ताल तरंगों मध्य स्वयं इठलाती हैं। अभिव्यक्ति साहित्य संस्था के अध्यक्ष कवि प्रेमपाल द्विवेदी ने अभियान गीत पढ़ा - हिन्दू आज बचाना है, एक अभियान चलाना है। घर घर जा कर घर की कुण्डी, अपने हाथ बजाना है। रेवती कुमार पाठक 'शेखर' ने पढ़ा- राणा का भाला अति विशाल, जाकी अनी में बसत काल। भाला का वार न सकत टाल, पैठत कराल तो कटत भाल। देवनारायण सोनी ने पढ़ा - मेरे जख्मों को नासूर बनाकर, पूछ रहे हो कैसे हो? मेरी राहों में कांटे फैलाकर, पूछ रहे हो कैसे हो? हास्य कवि दिनेश दुबे ने अपनी हास्य रचना पढ़ी - जनता पर पड़ने लगी महंगाई की मार। गैस सिलेंडर हो गया देखो नौ सौ पार। इसके अलावा कवि कैलाश प्रसाद सोनी, देवीदीन, राकेश कुमार तिवारी, नीतिराज ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। अध्यक्षता कवि हरिराम गुप्त ने की।

**समस्या**

8 दिन में मिलने वाला सिलेंडर 25 दिन बाद मिलेगा, कैसे पकेगा भोजन

# गैस की बढ़ती किल्लत के चलते मिड-डे-मील पर संकट!

कार्यालय संवाददाता, महोबा




एजेंसी में गैस बुकिंग कराते भीड़ में शिक्षक व रखे सिलेंडर।

**अमृत विचार।** जिले में बढ़ती गैस की किल्लत में जहां गैस उपभोक्ता परेशान है, वहीं दूसरी तरफ शिक्षकों को मिड-डे-मील के लिए सिलेंडर के लाले पड़े हुए हैं। हालत यह है कि दिन भर बुकिंग के लिए खड़े रहने के बाद भी बुकिंग न होने से उपभोक्ताओं को चूल्हों में आग जलाकर खाना बनाना पड़ रहा है। वहीं शिक्षक मिड डे मील के लिए गैस सिलेंडर हासिल करने के लिए स्कूल से लौटने के बाद बुकिंग के लिए जद्दोजहद करते है।

गौरतलब है कि पूर्व में मिड डे मील के एक सप्ताह में सिलेंडर मिल जाता था, लेकिन अब 25 दिन के बाद ही मिड डे मील का सिलेंडर का नंबर लगेगा, जबकि विद्यालयों में सैकड़ों बच्चों का प्रतिदिन भोजन बनने के कारण एक सप्ताह से दस दिन के अंदर ही सिलेंडर खत्म हो जाता है, ऐसी स्थिति में अब 25 दिन बाद एक सिलेंडर मिलने से गैस में भोजन बनाना मुश्किल होगा।

इस पर अधिकारियों ने भी मिड डे मील के लिए पर्याप्त सिलेंडर की व्यवस्था किए जाने के कोई इंतजाम नहीं किए हैं।

पूर्व में फोन द्वारा, मिस कॉल, व्हाट्सएप व आनलाइन बुकिंग हो जाती थी, जिससे लोग घर बैठे ही बुकिंग कर लेते थे, लेकिन अब आनलाइन और मिसकाल व फोन से बुकिंग न होने पाने के कारण सबसे ज्यादा दिक्कत मिड डे मील सिलेंडरों को लेकर शिक्षकों को उठानी पड़ रही है। सुबह से तीन बजे तक शिक्षक शिक्षण कार्य कराते इसके बाद करीब चार बजे तक विद्यालय से घर लौटते हैं।

### घर में सिलेंडर उतारने का वीडियो वायरल

विकासखंड जैतपुर के चमरूआ गांव में कालाबाजारी के लिए एक मकान में अवैध रूप से रखे 50 एलपीजी गैस सिलेंडर का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन ने सतर्कता दिखाते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वायरल हो रहे वीडियो में एक पिकअप वाहन से गैस सिलेंडर उतारकर एक मकान में तीन युवकों द्वारा तेजी से रखे जाते हुए दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वह लंबे समय से गैस की कालाबाजारी में लिप्त है। उधर जिलापूर्ति अधिकारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है पूर्ति निरीक्षक को जांच के आदेश दिए गए हैं।

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत की दी शानदार प्रस्तुति

संवाददाता, अजनर (महोबा)


कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अजनर के जूनियर हाई स्कूल व कन्या जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ अभिभावकों व क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति रही। जिन्होंने बच्चों की प्रस्तुति देखकर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत्त शिक्षक मोहन सिंह राजपूत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इसके बाद विद्यालय के अच्छा छात्राओं ने गीत नाटक की प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य धर्मेश कुशवाहा, शिक्षिका शांति व निर्मला रैकवार सहित सभी शिक्षकों ने अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज त्रिपाठी ने किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की। मुख्य अतिथि एसआई धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा को मंच मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर शिक्षक हरिश्चंद्र, पुरुषोत्तम,नेहा अग्रवाल सहित मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अजनर नन्हेराम अनुरागी ,समाजसेवी अरविंद कुशवाहा एस एस आई धर्मेन्द्र सिह ने बच्चो को पुरस्कृत किया।

## बंगाल: एलपीजी वितरण केंद्रों पर लगी लंबी कतारें

**कोलकाता।** आपूर्ति बाधित होने की खबरों के बीच पश्चिम बंगाल के कोलकाता और कई जिलों में एलपीजी वितरण केंद्रों पर शनिवार को लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। सुबह से ही कोलकाता, दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना जिलों में कई स्थानों पर एलपीजी वितरण केंद्रों के बाहर लोगों की भारी भीड़ नजर आई। अधिकारियों ने कहा कि इस बीच, एलपीजी सिलेंडरों की कथित जमाखोरी और हेराफेरी को रोकने के लिए अधिकारियों ने राज्य भर में निरीक्षण तेज कर दिया है।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 15 मार्च 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### अकासा एयर 15 मार्च से टिकटों पर लगाएगी ईंधन अधिभार

**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अकासा एयर 15 मार्च से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर 199 रुपये से 1,300 रुपये तक ईंधन अधिभार लगाएगी। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर समान शुल्क लगाना शुरू कर दिया है। अकासा एयर ने शनिवार को बयान में कहा कि वह प्रत्येक उड़ान के लिए ईंधन अधिभार लगाएगी और यह राशि उड़ान की अवधि के आधार पर होगी।

### 5 करोड़ टन लौह अयस्क उत्पादन वाली पहली कंपनी बनी एनएमडीसी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी ने शनिवार को कहा कि वह एक ही वित्त वर्ष में पांच करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन करने वाली देश की पहली खनन कंपनी बन गई है। एनएमडीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अमिताव मुखर्जी ने कहा कि भारत 2030 तक अपनी इस्पात उत्पादन क्षमता को 30 करोड़ टन तक बढ़ाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में एक रणनीतिक प्राथमिकता बन गई है। लौह अयस्क इस्पात निर्माण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कच्चा माल है।

### हेटिच ने इंदौर में खोली नई विनिर्माण इकाई

**नयी दिल्ली।** जर्मनी की फर्नीचर बनाने वाली कंपनी हेटिच ने भारत को एक प्रमुख वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के इरादे से मध्य प्रदेश के इंदौर में अपनी नई विनिर्माण इकाई खोली है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह भारत में हेटिच का पहला समर्पित अंडरमाउंट ड्रॉर रनर (विशेष किस्म की फिटिंग) विनिर्माण संयंत्र है और यह देश में कंपनी के कुल लगभग 2,000 करोड़ रुपये के निवेश का हिस्सा है।

### गौर्स ग्रुप की बिक्री बुकिंग अप्रैल-दिसंबर में 12% बढ़ी

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी गौर्स ग्रुप की आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों की मजबूत मांग के कारण चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान बिक्री बुकिंग 12 प्रतिशत बढ़कर 5,347 करोड़ रुपये हो गई। गौर्स ग्रुप ने अप्रैल-दिसंबर 2024 अवधि में 4,786 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची थीं। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तीन तिमाहियों के दौरान, गौर्स ग्रुप ने 2,578 इकाइयों में लगभग 59 .2 लाख वर्ग फुट क्षेत्र बेचा। कुल बुकिंग में आवासीय संपत्तियों की हिस्सेदारी लगभग 95 प्रतिशत थी।

### जायडस की दवा को चीन के एनएमपीए से मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** दवा कंपनी जायडस लाइफसाइंसेज ने शनिवार को कहा कि उसकी नवोन्मेषी दवा ' 'डेसिडुस्टैट' ' को चीन के राष्ट्रीय चिकित्सा उत्पाद प्रशासन (एनएमपीए) से विपणन की मंजूरी मिल गई है। इस दवा का उपयोग गुर्दे की बीमारी से संबंधित खून की कमी के इलाज में किया जाता है। कंपनी ने अपनी डेसिडुस्टैट टैबलेट के लिए चाइना मेडिकल सिस्टम होल्डिंग्स लिमिटेड (सीएमएस) की एक सहायक कंपनी को लाइसेंस दिया है।

# 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुई कॉमर्शियल एलपीजी की बिक्री

## रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने को छापेमारी, 20 पर एफआईआर दर्ज

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पेट्रोलियम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू हो गया है। साथ ही, रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए देशभर में छापेमारी और औचक निरीक्षण तेज कर दिए गए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के बावजूद घबराहट में बुकिंग लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के पास पर्याप्त कच्चा तेल भंडार है और घरेलू रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। शर्मा ने कहा कि किसी भी खुदरा बिक्री केंद्र से भंडार खत्म होने की खबर नहीं है। हम घरेलू स्तर पर अपनी जरूरत के अनुसार पर्याप्त पेट्रोल-डीजल का उत्पादन करते हैं और हमें आयात की आवश्यकता नहीं है। अधिकारी ने बताया कि खाड़ी देशों से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बावजूद सरकार स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और घरेलू एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो खाड़ी देशों से ऊर्जा के परिवहन का सामान्य मार्ग है। अधिकारी ने बुकिंग नियमों को स्पष्ट करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में पिछली डिलीवरी और अगली बुकिंग के बीच न्यूनतम 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का अंतर होना अनिवार्य है। सरकार ने घरेलू एलपीजी उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि की है। कालाबाजारी रोकने को उत्तर प्रदेश में 1,400 स्थानों पर छापेमारी कर 20 एफआईआर दर्ज की गई हैं। महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी औचक निरीक्षण किए गए हैं।



### पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति बनी रहेगी: एलआईओसी

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (एलआईओसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में ईंधन की आपूर्ति लगातार जारी रहेगी। यह बयान श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिथा हेरथ द्वारा अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए किए गए अनुरोध के बाद आया। हेरथ ने इस विषय पर छह मार्च को भारत दौरे के दौरान जयशंकर से चर्चा की थी। शनिवार को यहां प्रबंधन छात्रों की एक सभा को संबोधित करते हुए एलआईओसी के प्रबंध निदेशक के रघु ने कहा कि लंका आईओसी के प्रबंध निदेशक के रूप में मैं केवल लोगों को यह बताना चाहता हूं कि आप सभी सुरक्षित हाथों में हैं।

### 55 से बढ़कर 88 लाख हो गयी दैनिक बुकिंग

अधिकारी ने बताया कि युद्ध शुरू होने से पहले एलपीजी सिलेंडर की दैनिक बुकिंग लगभग 55 लाख थी। शुक्रवार को यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 75 लाख था और आज बढ़कर 88 लाख तक पहुंच गया। उन्होंने उपभोक्ताओं से केवल आवश्यकता होने पर ही सिलेंडर बुक करने का आग्रह किया।

### पीएनजी कनेक्शन देगी गेल

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल ने शहरी गैस परिचालकों से वाणिज्यिक ग्राहकों को पीएनजी कनेक्शन देने को कहा है। इसके अलावा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में उद्योगों और होटलों को एक महीने तक वैकल्पिक ईंधन के रूप में बायोमास के उपयोग की अनुमति दी है।

## नोटबंदी में नोट जमा न करने पर एक्सिस बैंक को 3.19 करोड़ रुपये देने का आदेश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) ने एक्सिस बैंक को दिल्ली स्थित प्रोकेयर लॉजिस्टिक्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को 3.19 करोड़ रुपये देने का आदेश दिया है। आयोग ने बैंक को सेवा में कमी का दोषी ठहराया क्योंकि उसने 2016 के नोटबंदी के दौरान नोटों को जमा करने से मना किया था। आयोग ने कंपनी की बैंक के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई की। आयोग में पीठासीन सदस्य एवीएम जे. राजेंद्र और न्यायिक सदस्य अनूप कुमार मेंदीरत्ता शामिल थे।

आयोग ने 10 मार्च के आदेश में कहा कि बैंक ने बार-बार अनुरोध के बावजूद शिकायतकर्ता को अपने केवाईसी सत्यापित खाते में नोट जमा करने से रोक दिया और यह समस्या नोटबंदी की पूरी अवधि तक बनी रही। आयोग ने कहा कि बैंक के पास ऐसा कोई अधिकार नहीं था कि वह ग्राहक के पैसे जमा करने से सीधे मना कर दे।

यदि बैंक को पैसों पर कोई शक था, तो वह इसकी सूचना अधिकारियों को दे सकता था, लेकिन नोट स्वीकार करना बैंक की मुख्य जिम्मेदारी थी।

## सेबी चेयरमैन की सलाह- अनिश्चित माहौल में धैर्य बनाए रखें निवेशक

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को निवेशकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की और इसे अनिश्चित समय में सबसे अच्छी रणनीति करार दिया।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण बाजारों में बिकवाली के दबाव के बीच पांडेय ने कहा कि कोरोना महामारी या रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी पिछली घटनाओं ने यह दिखाया है कि समय के साथ बाजार स्थिर हो जाते हैं।

सेबी के चेयरमैन ने बताया कि वैश्विक स्तर पर स्थिरता बहाल करने के प्रयास जारी हैं, हालांकि दुनिया के कुछ हिस्सों में जारी तनाव ने ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता पैदा की है। उन्होंने कहा कि कई निवेशकों, खासकर खुदरा निवेशकों के लिए, ऐसे अनिश्चित समय में सबसे अच्छी रणनीति धैर्य बनाए रखना है। भारतीय पूंजी बाजार नियामक के प्रमुख ने माना कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अनिश्चितता हावी है, जो प्रौद्योगिकी बदलाव, कृत्रिम मेधा (एआई) के अपनाने और भू-राजनीतिक तनावों के कारण उत्पन्न होती है।



● कोरोना-युद्ध ने दिखाया कि समय के साथ स्थिर हो जाते हैं बाजार

पांडेय ने पिछले अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि बाजारों में उतार-चढ़ाव आया ... लेकिन वे अंततः स्थिर हो गए। उन्होंने कहा कि अनिश्चितता अपवाद नहीं बल्कि वित्तीय बाजारों की एक सामान्य विशेषता है।

पांडेय ने कहा कि अनिश्चित समय में पूंजी बाजार की ताकत अस्थिरता की अनुपस्थिति में नहीं है। अस्थिरता बाजारों की एक प्राकृतिक विशेषता है। असली ताकत इस विश्वास में है कि प्रणाली तनाव के समय भी निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से काम करेगी। पांडेय ने कहा कि यदि हम संस्थानों को मजबूत बनाना जारी रखें, सहभागिता बढ़ाएं और शासन व्यवस्था को बनाए रखें, तो भारतीय पूंजी बाजार अनिश्चितता से निपट कर और मजबूत भी बन सकते हैं।

## उद्योग की परिभाषा पर 17 को सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीमकोर्ट की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ 17 मार्च से औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत 'उद्योग' शब्द की परिभाषा के विवादास्पद मुद्दे पर सुनवाई शुरू करने वाली है। न्यायालय की 17 मार्च की कार्यसूची के अनुसार, इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ करेगी।

इस पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भूयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली शामिल हैं।

इससे पहले 16 फरवरी को न्यायालय ने उन व्यापक मुद्दों को तैयार किया था, जिन पर इस पीठ को निर्णय लेना है। देश के सर्वोच्च न्यायालय को विचार करना है कि क्या 1978 के बेंगलुरु वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड मामले में न्यायमूर्ति वी आर कृष्णा अय्यर द्वारा 'उद्योग' को परिभाषित करने के लिए तय किए गए मानक सही हैं? साथ ही, पीठ यह भी देखेगी कि औद्योगिक विवाद (संशोधन) अधिनियम, 1982 और औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (जो 21 नवंबर, 2025 से



प्रभावी है) का मूल अधिनियम में 'उद्योग' शब्द की व्याख्या पर क्या कानूनी प्रभाव पड़ता है।

पीठ द्वारा तय किए गए मुख्य मुद्दों में से एक यह है कि क्या सरकारी विभागों द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कल्याण कार्यों, योजनाओं या अन्य उद्यमों को औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 2(जे) के तहत औद्योगिक गतिविधियां माना जा सकता है।

अदालत ने संबंधित पक्षों को 28 फरवरी तक अपनी लिखित दलीलें देने का मौका दिया था। नौ न्यायाधीशों की यह पीठ 17 मार्च को सुनवाई शुरू करेगी और इसे 18 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि 2017 में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश टी एस ठाकुर की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने इस मुद्दे के गंभीर और व्यापक प्रभावों को देखते हुए इसे नौ न्यायाधीशों की पीठ को भेजने का निर्णय लिया था।

# खाद की कोई कमी नहीं, सरकार ने दिया भरोसा

## पश्चिम एशिया संकट के बीच स्पष्ट किया-आगामी खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त से अधिक है भंडार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। सरकार ने स्पष्ट किया कि यूरिया और अन्य पोषक तत्वों का भंडार पर्याप्त से अधिक है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत के अंतरराष्ट्रीय साझेदारों ने भी उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति का आश्वासन दिया है। पश्चिम एशिया संकट से जुड़े घटनाक्रमों पर एक अंतर मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में जायसवाल ने कहा कि मैं आपको बता सकता हूं कि इस समय भारत के पास उर्वरकों का पर्याप्त भंडार है, विशेष रूप से आगामी खरीफ सत्र के लिए। हमारे पास यूरिया का भंडार पिछले



साल की इसी अवधि की तुलना में अधिक है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भारत का डीएपी (डाइअमोनियम फॉस्फेट) भंडार 2025 की तुलना में दोगुना है, जबकि एनपीके (नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम) की स्थिति भी पहले से काफी बेहतर है। उन्होंने विश्लेषकों से आग्रह किया कि वे तथ्यात्मक स्थिति को देखें और अधूरी जानकारी के आधार पर घबराहट न फैलाएं।

प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान घरेलू उत्पादन हमारी सामान्य खपत से अधिक है, क्योंकि रबी का मौसम अब समाप्ति की ओर है। सरकार ने संयंत्रों का वार्षिक रखरखाव समय से पहले ही पूरा कर लिया है ताकि उपलब्ध गैस के साथ उत्पादन को अधिकतम किया जा सके। उर्वरक विभाग ने समय रहते वैश्विक निविदाएं जारी की थीं, जिन्हें अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और मार्च के अंत तक बड़ी आपूर्ति की उम्मीद है।

### गर्मियों में बढ़ सकती है कोयले की मांग, सरकार तैयार: रेड्डी

**चंद्रपुर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने से कोयले की मांग और अधिक बढ़ सकती है, लेकिन सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि कोयला कंपनियां अतिरिक्त उत्पादन कर रही हैं और सरकार लगातार उनसे संपर्क में है ताकि किसी भी बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। मंत्री ने कहा कि हम सभी कोयले की जरूरतें देश में ही पूरा करते हैं। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने से कोयले की मांग और बढ़ सकती है, लेकिन हम इसे पूरा करने के लिए तैयार हैं। गर्मियों में कोयले की मांग बढ़ जाती है। इसी तरह, सर्दियों में हीटर के बढ़ते उपयोग से बिजली की जरूरत बढ़ जाती है, खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में जहां बिजली की मांग तेजी से बढ़ती है। केंद्रीय कोयला और खनिज मंत्री यहां वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के मुरपार भूमिगत कोयला खदान के सतत और वैज्ञानिक बंद करने तथा पुन: उपयोग के कार्यक्रम का उद्घाटन करने आए थे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने खदान के बंद होने से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और प्रगति की समीक्षा की। इस खदान में 2003 में कोयला उत्पादन शुरू हुआ था और 2022 में इसे बंद कर दिया गया था, जब इसे ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व (टीएटीआर) के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र का हिस्सा घोषित किया गया। मंत्री ने कहा कि खदान का बंद होना अंत नहीं बल्कि सतत विकास की दिशा में एक नई शुरुआत है।

### पश्चिम एशिया में तनाव से कच्चे तेल में उछाल, 15 दिनों में 40% तक बढ़े दाम,

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब वैश्विक ऊर्जा बाजार पर साफ दिखाई देने लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 15 दिनों के भीतर 40 प्रतिशत से अधिक की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि क्षेत्रीय संघर्ष और बढ़ता है या महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग प्रभावित होते हैं, तो आने वाले दिनों में कीमतों में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

#### क्या बता रहे आंकड़े

आंकड़ों के अनुसार, 27 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत करीब 73 डॉलर प्रति बैरल थी। हालांकि, पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य टकराव और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर पैदा हुई चिंताओं के कारण शनिवार तक यह कीमत लगभग 103 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। इस प्रकार केवल 15 दिनों के भीतर प्रति बैरल करीब 30 डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो लगभग 41 प्रतिशत के उछाल के बराबर है। बताया जा रहा है कि अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच तनाव 28 फरवरी से और तेज हो गया, जब अमेरिकी और इस्राइली बलों ने ईरान के सैन्य ठिकानों तथा शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर हमले किए। इस घटनाक्रम के बाद वैश्विक बाजारों में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता गहराने लगी है।

विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बाजार में आशंका बढ़ी हुई है। यह जलमार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा परिवहन मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचती है। यदि इस मार्ग पर किसी प्रकार की रुकावट आती है, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है।

#### बाजार को लेकर विशेषज्ञों की राय

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाला सप्ताह ऊर्जा बाजार के लिए काफी उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोनमुडी आर के अनुसार निवेशकों की नजरें पूरी तरह पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रम पर टिकी रहेंगी। सरकारों के बयान, सैन्य गतिविधियां और संभावित कूटनीतिक पहल बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

**उड़ान** | सस्ती और अच्छी शिक्षा के प्रति चाहत बना रही एनआरआई

# यूरोप, सिंगापुर की ओर उड़ने को बेताब भारतीय छात्र

## अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों का आकर्षण भी बरकरार

**मुंबई, एजेंसी**

किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के कारण भारतीय छात्र तेजी से स्पेन, जर्मनी, सिंगापुर, यूएई और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को पढ़ाई के लिए चुन रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

शिक्षा क्षेत्र पर केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ऑक्सिलो फिनसर्व की रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश अब भी भारतीय छात्रों के लिए काफी आकर्षक बने हुए हैं, खासकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित से जुड़े पाठ्यक्रमों के लिए। हालांकि, अब भारतीय छात्र पढ़ाई के लिए अन्य देशों को भी तेजी से विकल्प के रूप में चुन रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार इस बदलाव के पीछे कम लागत, अच्छे शिक्षण



संस्थान, वीजा के आसान नियम, प्रशिक्षण और नौकरी के बेहतर अवसर तथा छात्रों की सुरक्षा जैसे कुछ कारण हैं।

ऑक्सिलो फिनसर्व में विदेशी शिक्षा ऋण से जुड़ी मुख्य अधिकारी श्वेता गुरु ने कहा कि आज भारतीय छात्र विदेश में पढ़ाई के मामले में अधिक व्यावहारिक हो गए हैं और वे खर्च के बदले मिलने वाले लाभ को ध्यान में रखकर निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्पेन, जर्मनी और न्यूजीलैंड जैसे देशों में पढ़ाई के लिए मांग तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि वहां अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा, कम खर्च, स्पष्ट वीजा प्रक्रिया और पढ़ाई के बाद रोजगार के बेहतर अवसर मिलते हैं, खासकर स्नातकोत्तर स्तर और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग तथा गणित से जुड़े पाठ्यक्रमों में। रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोप के कई नए शिक्षा केंद्रों में वर्ष 2023 से 2025 के बीच लगातार मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार इन देशों में पढ़ाई का कुल खर्च लगभग 18 से 40 लाख रुपये प्रति वर्ष है, जबकि ब्रिटेन जैसे पारंपरिक देशों में यह 60 से 90 लाख रुपये प्रति वर्ष तक पहुंच जाता है।

वहीं जर्मनी, स्पेन और अन्य उभरते देशों में पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी मिलने में औसतन छह से नौ महीने लगते हैं, जबकि पारंपरिक देशों में यह समय नौ से 15 महीने तक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि इन देशों में शुरुआती वेतन लगभग 25 से 45 लाख रुपये सालाना होता है, जबकि पारंपरिक देशों में यह 45 से 75 लाख रुपये तक हो सकता है।

## मोजाम्बिक में कोयला खदान विकसित करेगी जेएसडब्ल्यू स्टील

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू स्टील अफ्रीकी देश मोजाम्बिक में कोयले की एक खदान (मिनास डी रेवुबोए) को विकसित करने जा रही है। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि यह काम अलग-अलग चरणों में पूरा किया जाएगा। यह खदान मोजाम्बिक के टेते प्रांत के मोआटाइज कोयला क्षेत्र में स्थित है। इसमें कुल 85 करोड़ टन कोयले का भंडार है, जिसमें से 25 करोड़ टन कोकिंग कोल निकल सकता है।

जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि वह इस खदान को कई चरणों में विकसित करेगी। पहले चरण का विकास अगले लगभग ढाई साल में पूरा करने की योजना है। इसके बाद खदान से हर साल करीब 24 लाख टन उच्च गुणवत्ता वाले कोकिंग कोयले का उत्पादन किया जा सकेगा। भारत में अच्छी गुणवत्ता वाले कोकिंग कोयले के भंडार बहुत कम हैं, इसलिए ये जरूरी है।

# टिकटॉक से अमेरिका की मौज, मिलेंगे अरबों डॉलर और डेटा भी होगा सुरक्षित

**वाशिंगटन, एजेंसी**

चीनी एप टिकटॉक के साथ सौदा करने से अमेरिका को बड़ा लाभ होने वाला है। इससे अमेरिका को लगभग 10 अरब डॉलर की फीस मिलेगी।। साथ ही अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट में ये दावे के अनुसार इस सौदे के अंतर्गत अमेरिकी यूजर्स का डेटा भी सुरक्षित होगा।

टिकटॉक की मूल कंपनी चीनी कंपनी बाइट डांस है। लेकिन बीते जनवरी माह में अमेरिकी सरकार के दबाव के बाद बाइट डांस ने अमेरिकी कंपनी के साथ संयुक्त रूप से टिकटॉक चलाने का सौदा किया था। इस सौदे के अंतर्गत अमेरिका के यूजर्स का डेटा सुरक्षित होगा साथ ही अमेरिका को 10 अरब डॉलर मिलेंगे। बता दें कि अमेरिका में टिकटॉक के करीब 20 करोड़




यूजर्स हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बीते सितंबर में बताया था कि चीनी कंपनी के साथ संयुक्त उपक्रम वाली अमेरिकी कंपनी का मूल्य करीब 14 अरब डॉलर होगा।

सौदे के तहत अमेरिकी निवेशक ट्रंप प्रशासन को फीस के तौर पर 10 अरब डॉलर का भुगतान करेंगे। अमेरिकी निवेशकों में ओरेकल, सिल्वर लेक हैं।

ट्रंप सरकार के अधिकारियों का कहना है कि यह शुल्क जायज है क्योंकि टिकटॉक के अधिग्रहण में चीन के साथ बातचीत में ट्रंप की अहम भूमिका थी।

## सरकार ने बिजली उत्पादन मानदंडों में संशोधन किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र ने कंपनियों के कैप्टिव विद्युत उत्पादन संयंत्रों (सीजीपी) से जुड़े नियमों की व्याख्या को अधिक स्पष्ट करने और इसे व्यवसाय के लिए अधिक आसान एवं अनुकूल बनाने के लिए विद्युत नियमावली , 2005 के नियम 3 में संशोधन किये हैं। विद्युत मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस संबंध में विद्युत (संशोधित) नियमावली-2026 को अधिसूचित कर दिया गया है। मंत्रायल ने कहा कि 0इन संशोधनों का उद्देश्य नियमों की व्याख्या से जुड़ी अस्पष्टताओं को दूर करना, उद्योगों के लिए कारोबार में आसानी को सुधानाऔर कैप्टिव बिजली संयंत्र व्यवस्था को भारत के ऊर्जा संक्रमण और औद्योगिक विकास के लक्ष्यों के साथ समन्वित करना है। नये संशोधनों के कुछ प्रावधान कुछ प्रावधान 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे जबकि अन्य संशोधन तुरंत प्रभाव से लागू होंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वीजा धोखाधड़ी में 11 भारतीयों पर आरोप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 11 भारतीय नागरिकों पर वीजा धोखाधड़ी के लिए दुकानों में फर्जी हथियारबंद डकैती की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों पर फर्जी डकैतियों को अंजाम देने का आरोप है ताकि दुकान के लिपिक ग्रीन कार्ड प्राप्त करने के लिए आव्रजन आवेदनों में खुद को अपराध का शिकार बता सकें। इन 11 लोगों में 39 वर्षीय जीतेंद्रकुमार पटेल, 36 वर्षीय महेशकुमार पटेल, 45 वर्षीय संजयकुमार पटेल, 40 वर्षीय दीपिकाबेन पटेल, 52 वर्षीय रमेशभाई पटेल, 43 वर्षीय अमिताबहेन पटेल, 28 वर्षीय रौनककुमार पटेल, 36 वर्षीय संगीताबेन पटेल, 42 वर्षीय मिंकेश पटेल, 42 वर्षीय सोनल पटेल और 40 वर्षीय मितुल पटेल शामिल हैं जिन पर वीजा धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप है।

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोलसोनारो बीमार

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो निमोनिया से पीड़ित हैं और देश की राजधानी ब्रासीलिया के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में उनका इलाज किया जा रहा है। अस्पताल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उनके चिकित्सक ब्रासिल कैआडो ने पत्रकारों को बताया कि 70 वर्षीय बोलसोनारो की स्वास्थ्य की स्थिति गंभीर है। कैआडो ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के रोगियों में निमोनिया हमेशा गंभीर होता है क्योंकि यह सेप्टीसीमिया में बदल सकता है और इस बैक्टीरिया के रक्तप्रवाह में प्रवेश करने की आशंका रहती है इसलिए इससे अधिक गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है।

### 110 साल के बाद लौटा आइवरी कोस्ट का ढोल

**अबिदजान।** फ्रांस ने औपनिवेशिक काल के दौरान लूटी गई एक अमूल्य विरासत, जिजी अयोक्वे नाम वाले एक पवित्र 'ढोल' को आधिकारिक तौर पर उसके मूल देश आइवरी कोस्ट को लौटा दिया है। परंपरा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक रहे इस ढोल को शुक्रवार सुबह एक विशेष विमान के जरिए अबिदजान के हवाई अड्डे पर पहुंचाया गया, जहां आदिवासी कबीलों के पारंपरिक प्रमुखों और सांस्कृतिक अधिकारियों ने भावुक होकर इसका नाच गाकर स्वागत किया। लगभग 3 .3 मीटर लंबा और 430 किलोग्राम वजनी यह विशाल ढोल आइवरी कोस्ट के 'अचान' समुदाय की पहचान का प्रतीक है।

# उत्तर कोरिया ने जापान सागर में दागीं मिसाइलें

- अमेरिका- दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान किया शक्ति प्रदर्शन

**सियोल, एजेंसी**

अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं।

दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने कहा कि मिसाइलें उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के निकटवर्ती क्षेत्र से दागी गईं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कितनी दूर तक गईं। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये हथियार देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर के जलक्षेत्र में गिरे। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स' ने कहा कि सेना ने निगरानी बढ़ा दी है और संभावित अतिरिक्त हमलों के खिलाफ तत्परता बनाए रखी है तथा वह अमेरिका एवं जापान के साथ जानकारी साझा कर रही है। यह प्रक्षेपण ऐसे समय में किया गया है, जब उत्तर कोरिया ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 11 फ्रीडम शील्ड युद्धाभ्यास जारी है। अमेरिका-द. कोरिया के अभ्यासों को उत्तर कोरिया खुद पर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी की रैली से पूर्व भाजपा-तृणमूल कार्यकर्ताओं में झड़प

- मंत्री के घर पर भी पथराव, भाजपा नेता व एक पुलिस अफसर घायल

**कोलकाता, एजेंसी**

मध्य कोलकाता में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली से करीब आधा घंटा पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प हुई, जिसमें एक पुलिस अधिकारी और भाजपा के एक नेता घायल हो गए।

झड़प के बीच, यह आरोप भी सामने आया कि गिरीश पार्क इलाके में पश्चिम बंगाल की मंत्री शशि पांजा के आवास पर पथराव किया गया। यह झड़प रैली स्थल से लगभग पांच किलोमीटर दूर उस समय हुई जब भाजपा समर्थक प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने के लिए ब्रिगेड परेड मैदान की ओर जा रहे थे। यह रैली विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा' के समापन का प्रतीक है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के समर्थकों ने कथित तौर पर एक-दूसरे पर पत्थर फेंके और नारे लगाए, जिससे इलाके में तनाव पैदा हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास में बोबाजार पुलिस थाना प्रभारी बप्पादित्य नस्कर भी घायल हो गए। भाजपा ने दावा किया कि झड़प के दौरान उत्तरी कोलकाता जिला अध्यक्ष तमघनो घोष और कई पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गए। पार्टी नेताओं ने बताया कि घोष को अस्पताल ले जाया गया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि रैली स्थल की ओर जाते समय उनके समर्थकों पर हमला किया गया। भाजपा के एक कार्यकर्ता ने एक बांग्ला समाचार चैनल को बताया, बिना किसी उकसावे के हम पर पत्थर फेंके गए। हमें गालियां भी दी गईं। पार्टी ने आरोप लगाया कि झड़प में रैली में समर्थकों को ले जा रही बसों सहित कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, टीएमसी कार्यकर्ताओं ने इन आरोपों का खंडन किया और दावा किया कि ब्रिगेड रैली में जाते समय भाजपा समर्थकों ने पांजा के आवास पर हमला किया था। पांजा ने दावा किया कि भाजपा समर्थकों ने उनके आवास को निशाना बनाया और खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। मंत्री ने आरोप लगाया, भाजपा के गुंडों ने हमला किया। रैली में जा रही बसों में ईंटें, कांच की बोतलें और बम ले जाए जा रहे थे।



मध्य कोलकाता में शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी की रैली के पूर्व भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के बाद सड़क पर बिखरीं ईंटें और मौजूद पुलिस।

### शुरुआत में निष्क्रिय बनी रही पुलिस

कुछ भाजपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि स्थिति बिगड़ने पर पुलिस शुरू में निष्क्रिय रही। बाद में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और झड़प करने वाले समूहों को तितर-बितर करके स्थिति को नियंत्रण में किया। इलाके में तनाव बढ़ने के बाद दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं। ये झड़प ब्रिगेड परेड मैदान में मोदी की रैली से ठीक पहले हुई।

# भाजपा की सरकार बनने पर दो वर्ष में पंजाब को करेंगे नशामुक्त: शाह

## केंद्रीय गृहमंत्री ने कानून व्यवस्था, धर्मांतरण और भ्रष्टाचार पर मान सरकार को घेरा

- कहा-आप प्रमुख केजरीवाल के लिए एटीएम बनी मान सरकार

**मोगा (पंजाब), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून-व्यवस्था, नशे की समस्या, धर्मांतरण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर शनिवार को पंजाब की भगवंत मान सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बन गई है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक मौका दें ताकि राज्य में बदलाव लाया जा सके।

मोगा में एक बदलाव रैली में चुनावी बिगुल बजाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने राज्य के लोगों से कहा कि उन्होंने कांग्रेस, अकाली दल और 'आप' को कई मौके दिए हैं। शाह ने आरोप लगाया, आज पंजाब कर्ज, नशे, धर्मांतरण, भ्रष्टाचार और गैंगस्टरों के आतंक के कारण बर्बाद हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पंजाब को नशे और अन्य समस्याओं से मुक्त कर सकता है, तो वह केवल नरेन्द्र मोदी और भाजपा ही हैं। उन्होंने वादा किया कि यदि भाजपा 2027 में सत्ता में आई तो नशे के कारोबार को सिर्फ दो साल में जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। शाह ने कहा, इस राज्य में कोई सरकार नहीं है। अगर कोई सरकार होती, तो कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब नहीं होती; राज्य नशे की समस्या से जूझता नहीं और किसान इतनी पीड़ा में नहीं होते मान केवल केजरीवाल के पायलट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार भ्रष्टाचार में डूब गई है।

शाह ने कहा, मुख्यमंत्री मान को शर्म आनी चाहिए कि दिल्ली के चार 'सूबेदार' राज्य में बैठे हुए हैं और इसकी सारी संपत्ति बाहर भेज रहे हैं। पंजाब में आप की सरकार अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बन गई है। यह पंजाब की गरिमा के साथ खिलवाड़ कर रही है। शाह ने कहा, भाजपा को एक मौका दें, हम पंजाब में बदलाव लाएंगे। शाह ने बताया कि पार्टी ने 2027 के चुनावों के लिए अपनी चुनावी मुहिम मोग़ा से शुरू की है। उन्होंने कहा, मैं पंजाब के लोगों से अपील करने आया हूं कि भाजपा को वोट दें। शाह ने कहा कि भाजपा पहले अकालियों के जूनियर सहयोगी के रूप में पंजाब में सरकार का हिस्सा रही है। उन्होंने कहा, जब भी हम आपके सामने आए, हम छोटे भाई के रूप में आए। कहा कि भाजपा 2027 के चुनावों के बाद सरकार बनाने के लिए लड़ाई लड़ने जा रही है।



पंजाब के मोगा में बदलाव रैली के दौरान मंच पर भाजपा नेताओं तरुण चुघ, रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य नेताओं के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिखाई दे रहे हैं।

### किसानों को गुमराह कर रही आप-कांग्रेस

राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर हमलावर रुख अपनाते हुए शाह ने कहा कि 2026 में तीन गांव के सरपंच मारे गए जबकि गैंगस्टर लोगों से पैसे उगाह रहे हैं। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर, शाह ने 'आप' सरकार और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधा और किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया। मोगा के किली चाहलान गांव में रैली के लिए व्यापक इंतज़ाम किए गए थे। मोगा पंजाब के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मालवा क्षेत्र में है, राज्य की 117 विधानसभा सीटों में से 69 इस क्षेत्र में हैं।

# पाकिस्तान ने मार गिराए अफगानी ड्रोन, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए गए अफगान तालिबान के ड्रोन के मलबे की चपेट में आने से दो बच्चों सहित कम से कम चार लोग घायल हो गए। पाकिस्तान की सेना ने शनिवार को बताया कि इन ड्रोन को शुक्रवार को उनके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही राजधानी इस्लामाबाद से सटे रावलपिंडी, क्वेटा और कोहाट में रोककर नष्ट कर दिया गया। सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के अनुसार, इन हमलों का मकसद लोगों में डर पैदा करना था और ये हमें उस आतंकवादी मानसिकता की याद दिलाते हैं, जिससे अफगान तालिबान प्रेरित है।

सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि इन ड्रोन को बीच रास्ते में ही रोक दिया गया और वे अपने तयशुदा लक्ष्यों तक नहीं पहुंच सके लेकिन इनके मलबे के कारण क्वेटा में दो बच्चे तथा कोहाट एवं रावलपिंडी में एक-एक नागरिक घायल हो गए। उसने कहा, अफगान तालिबान एक ओर दुनिया की सहानुभूति हासिल करने के लिए खुद को पीड़ित के रूप में पेश करता है, वहीं दूसरी ओर वह अपने आतंकवादी सरगनाओं और अपने ड्रोन के जरिए नागरिकों को सक्रिय रूप से निशाना बनाता है।

# ब्रेन इम्प्लांट के व्यावसायिक उपयोग को चीन ने दी मंजूरी

- लकवाग्रस्त मरीजों के इलाज के लिए जगी नई उम्मीद

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन ने लकवाग्रस्त व्यक्तियों के हाथों में जान डालने में मदद के लिए डिज़ाइन किए गए दुनिया के पहले ब्रेन इम्प्लांट को व्यावसायिक उपयोग के लिए आधिकारिक मंजूरी दे दी है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला चीन दुनिया का पहला देश बन गया है।

इस डिवाइस को चीनी कंपनी 'न्यूरैकल मेडिकल टेक्नोलॉजी' ने विकसित किया है और यह 'ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस' तकनीक पर आधारित है। यह डिवाइस मुख्य रूप से उन वयस्कों (18 से 60 वर्ष) के लिए है जो गर्दन में रीढ़ की हड्डी की गंभीर चोट के कारण लकवे का शिकार हो गए हैं। बीसीआई तकनीक, किसी इंसान के तंत्रिका तंत्र को ऐसे उपकरणों से जोड़ती है जो मस्तिष्क की गतिविधियों को समझ सकते हैं। सरल शब्दों में, यह मशीन मरीज के दिमाग में चलने वाले 'हाथ हिलाने के विचार' को पकड़ती है और उसे सॉफ्टवेयर के जरिए एक रोबोटिक दस्ताने को भेजती है। यह दस्ताना मरीज के हाथ को खोलने और बंद करने में मदद करता है, जिससे मरीज चीजों को पकड़ पाता है। चीन ने हाल के वर्षों में बीसीआई तकनीक को अपनी राष्ट्रीय रणनीतिक प्राथमिकता में शामिल किया है। साउथ चायना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, चीन इसे भविष्य की आर्थिक वृद्धि के एक बड़े कारक के रूप में देख रहा है। पिछले साल, एक अन्य चीनी कंपनी 'न्यूरोएक्सिस' ने भी तब सुर्खियां बटोरी थीं, जब आठ साल से फालिज या लकवाग्रस्त एक इंसान ने इम्प्लांट के महज पांच दिन बाद अपने विचारों से डिजिटल उपकरणों को नियंत्रित करना शुरू कर दिया था।



दूसरी ओर, एलन मस्क की कंपनी 'न्यूरालिंक' भी इस दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रही है। श्री मस्क ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि उनकी कंपनी 2026 में बीसीआई उपकरणों का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर देगी। न्यूरालिंक के अनुसार, दुनिया भर में अब तक 12 गंभीर रूप से लकवाग्रस्त लोग उनके इम्प्लांट का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, कमर्शियल मंजूरी के मामले में चीन ने फिलहाल बाजी मार ली है।

# राजकोट में एम्स के प्रशिक्षु डॉक्टर ने की आत्महत्या

- सुसाइड नोट में अपने सहपाठियों पर लगाया राजस्थान निवासी डॉक्टर ने मारपीट का आरोप

**राजकोट (गुजरात), एजेंसी**

राजकोट के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कार्यरत 25 वर्षीय प्रशिक्षु चिकित्सक ने शनिवार को आत्महत्या कर ली। मौके से मिले एक सुसाइड नोट में दावा किया गया है कि सहपाठियों ने उस पर हमला किया था।

पुलिस उपायुक्त (जोन 2) राकेश देसाई ने बताया कि राजस्थान के जैसलमेर निवासी रतनकुमार मेघवाल का शव शहर के पास घंटेस्वर और पारा पिपलिया के बीच रेलवे ट्रैक पर मिला। अधिकारी ने बताया कि गांधीग्राम पुलिस को सुबह करीब 5:30 बजे घटना की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और मेघवाल का शव बरामद किया।

देसाई ने बताया कि रेलवे ट्रैक के पास से मेघवाल का लैपटॉप, मोबाइल फोन, मेडिकल फाइलें और पहचान पत्र बरामद हुए। प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस को प्रशिक्षु चिकित्सक के पास से एक नोट मिला है जिसमें मेघवाल ने अपने सहपाठियों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।



अधिकारियों ने बताया कि मेघवाल ने 27 जनवरी को भी उसी स्थान पर आत्महत्या का प्रयास किया था लेकिन तब पुलिस मौके पर पहुंची थी और उसे राजस्थान स्थित उसके घर भेज दिया था।

# अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व पर घोषित किया एक करोड़ डॉलर का इनाम

- रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस कार्यक्रम के तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने की घोषणा

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई समेत कई प्रमुख नेताओं की जानकारी देने वाले को एक करोड़ डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्रालय के 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' कार्यक्रम के तहत की गई है।

इसमे विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस सूची में मोजतबा खामेनेई के अलावा अली असगर हेजाजी (डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ), मेजर जनरल यहया रहीम सफावी ( सैन्य सलाहकार), अली लारीजानी ( सलाहकार), ब्रिगेडियर जनरल एस्कंदर मोमेनी (आंतरिक मामलों के मंत्री), इस्माइल खतीब (खुफिया और सुरक्षा मंत्री) शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये व्यक्ति इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के विभिन्न अंगों का संचालन करते हैं, जो दुनिया भर में आतंकवाद की योजना बनाने और अंजाम देने का काम करता है। नोटिस में अमेरिका ने यह भी स्पष्ट किया है कि महत्वपूर्ण जानकारी देने वाले व्यक्ति को न केवल नकद पुरस्कार दिया जाएगा, बल्कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर बसाने की सुविधा भी देगा। यह कदम हाल ही में आयतुल्लाह खामेनेई और अन्य शीर्ष ईरानी अधिकारियों की मौत के बाद जारी सैन्य अभियानों की पृष्ठभूमि में उठाया गया है।

### मोजतबा को निशाना बनाया तो ईरान गंभीर कार्रवाई करेगा

**मास्को।** रूस में ईरान के राजदूत काज़ेम जलाली ने रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि यदि अमेरिका ईरान के नय सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या करने का प्रयास करता है, तो उसे गंभीर जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जब उनसे पूछा गया कि यदि अमेरिका और इज़रायल ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या का प्रयास करते हैं, तो ईरान की क्या प्रतिक्रिया होगी, तो जलाली ने कहा, आप आज ईरान की प्रतिक्रिया देख रहे हैं। हम अपने नेता (अयातुल्ला अली खामेनेई) के लिए खून का बदला चाहते हैं।

# एम्सटर्डम में यहूदी स्कूल पर हमला, कोई हताहत नहीं

**एम्सटर्डम/हेग।** नीदरलैंड्स की राजधानी एम्सटर्डम में शुक्रवार देर रात एक यहूदी स्कूल में विस्फोट हुआ जिससे स्कूल की बाहरी दीवार को काफी नुकसान पहुंचा है। घटना के समय कोई भी वहां मौजूद नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। डच प्रधान मंत्री रॉब जेटन ने भी इस हमले को भयानक बताया और स्पष्ट किया कि नीदरलैंड्स में यहूदी-विरोध के लिए कोई स्थान नहीं है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिला है जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति विस्फोटक उपकरण रखते हुए दिखाई दे रहा है। इस मामले में बड़े पैमाने पर जांच शुरू कर दी गई है। एम्सटर्डम की मेयर फेमके हल्सेमा ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे यहूदी समुदाय के खिलाफ कायरतापूर्ण आक्रमण" करार दिया है। मेयर ने कहा कि समुदाय में व्याप्त डर और गुस्सा जायज है क्योंकि वे लगातार बढ़ते यहूदी-विरोध का सामना कर रहे हैं, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है। यह घटना रॉटरडैम में एक सिनेगॉग (यहूदी प्रार्थना स्थल) पर शुक्रवार को हुई आगजनी की कोशिश के ठीक बाद हुई है, जिसके बाद से पूरे देश में यहूदी संस्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रॉटरडैम पुलिस ने सिनेगॉग के बाहर विस्फोट करने और आग लगाने के संदेह में चार युवाओं को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों का कहना है कि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या ये संदिग्ध अन्य सिनेगॉगों को भी निशाना बनाने की योजना बना रहे थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** आज दिन की शुरुआत काफी अच्छी रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। अपनी बातों को प्रभावी ढंग से रखेंगे।

**वृष** आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। स्वयं के लिए कुछ समय अवश्य निकालें। उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है।

**मिथुन** आज निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें। आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में कुछ नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**कर्क** आज आपका मन अत्यधिक प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है।

**सिंह** आज दूसरे के मामलों में अधिक हस्तक्षेप करना उचित नहीं है। रुके हुए कार्यों को पूर्ण करेंगे। कार्यक्षेत्र में समस्याओं का अनुभव होगा।

**कन्या** आज घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर अत्यधिक प्रभाव रहेगा।

**तुला** आज आय की अपेक्षा धन अधिक खर्च हो सकता है। वैवाहिक संबंधों में कुछ कड़वाहट आ सकती है। शरीर में पानी की कमी न होने दें।

**वृश्चिक** आज आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर होंगे।

**धनु** आज व्यापार में नया प्रयोग करने से बचें। आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं।

**मकर** आज कार्यक्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। सामाजिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। व्यापारिक घाटे में कमी आएगी।

**कुंभ** आज आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। व्यवसाय में आपको लाभ हो सकता है। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें।

**मीन** आज फाइनेंस से जुड़े कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जाएंगे।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 15 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 09 .16 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- श्रवण 16 मार्च 05 .56 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

### सुडोकू - 88 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 1 |

### सुडोकू -89

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 7 | | 8 | |
| | | 2 | | 9 | | | | 5 |
| | 8 | | | 2 | | 4 | | |
| 4 | 3 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 6 | | | | 3 | | | | 1 |
| | 4 | 9 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 4 | | 2 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 5 | |

# ईरानी नागरिक व कुछ नौसैनिक स्वदेश रवाना

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण भारत में फंसे कई ईरानी नागरिक ईरान की एक चार्टर्ड उड़ान में शुक्रवार रात को कोच्चि हवाई अड्डे से रवाना हुए जिनमें ईरानी दूतावास के कर्मचारी, पर्यटक और कोच्चि बंदरगाह पर लंगर डालने वाले ईरान के युद्धपोत आईआरआईएस लावन के कुछ नौसैनिक शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को पश्चिम एशिया की स्थिति के बारे में विभिन्न मंत्रालयों की ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।

## विचार

### कानूनी कामकाज में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल पर बोले उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ

# न्यायाधीश की नैतिक जिम्मेदारी का स्थान नहीं ले सकता एआई

**हैदराबाद, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने शनिवार को कहा कि बुद्धिमत्तापूर्ण तरीके से इस्तेमाल किए जाने पर कृत्रिम मेधा (एआई) समय बचा सकती है और कानूनी कार्य के कुछ पहलुओं को अधिक प्रबंधनीय बना सकती है, लेकिन यह एक वकील की प्रतिभा, न्यायिक अधिकारी की नैतिक जिम्मेदारी या न्यायाधीश से अपेक्षित अनुशासित निर्णय का स्थान नहीं ले सकती।

### विरोधाभास का बुद्धिमत्तापूर्वक समाधान करना संस्थाओं की जिम्मेदारी

शीर्ष अदालत के न्यायाधीश ने कहा कि यह हमारे युग का विरोधाभास है, लेकिन इस विरोधाभास का बुद्धिमत्तापूर्वक समाधान करना हमारी संस्थाओं की जिम्मेदारी भी है। इसलिए हमारा दृष्टिकोण सैद्धांतिक अनुकूलन का होना चाहिए। हमें प्रौद्योगिकी को केवल इसलिए अस्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि यह नई है। हमें इसे अंधाधुंध स्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि यह कारगर है।उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था का भविष्य केवल प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण से सुरक्षित नहीं होगा। यह सुनिश्चित करने से सुरक्षित होगा कि प्रौद्योगिकी कानूनी व्यवस्था के मूलभूत आदर्शों से जुड़ी रहे। उच्चतम न्यायालय के एक अन्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और तेलंगाना हाईकोर्ट के सीजे न्यायमूर्ति अपारेश कुमार सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

न्यायामूर्ति विक्रम नाथ ने यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी किसी नोट का मसौदा तैयार करने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने उच्चतम न्यायालय में भी कृत्रिम मेधा से उत्पन्न सामग्री के लापरवाहीपूर्वक उपयोग के मामलों पर चिंता व्यक्त जताई, जिनमें ऐसे उद्धरणों और संदर्भों का उल्लेख शामिल है जो अस्तित्व में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि झूठे उद्धरण केवल तकनीकी त्रुटियां नहीं हैं, वे कानूनी दलीलों की शुचिता और स्वयं न्याय प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर प्रहार करते हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा, लेकिन एक उपकरण को उपकरण ही रहना चाहिए। यह एक वकील के प्रशिक्षित दिमाग, अदालत के अधिकारी की नैतिक जिम्मेदारी या न्यायाधीश से अपेक्षित अनुशासित निर्णय का स्थान नहीं ले सकता।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी किसी नोट का मसौदा तैयार करने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। साथ ही कहा कि, एआई के दुरुपयोग से हमें इसके विपरीत चरम सीमा तक नहीं पहुंचना चाहिए।



> वह आईपीएल के आने वाले सत्र में वह दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स अपने आईपीएल 2026 सत्र की शुरुआत एक अप्रैल को लखनऊ में इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच से करेगा
>
> -केविन पीटरसन



## हाईलाइट

### किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना नहीं लगाया गया : पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को कहा कि उसने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहने के कारण टीम के किसी भी सदस्य पर जुर्माना नहीं लगाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की टीम के सुपर आठ चरण से बाहर होने के बाद खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया गया, लेकिन पीसीबी के प्रवक्ता आमिर मीर ने इसका खंडन किया। मीर ने यहां पत्रकारों से कहा, किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना नहीं लगाया गया है, लेकिन बोर्ड खिलाड़ियों के लिए एक फार्मूला तैयार करने के बारे में सोच रहा है क्योंकि अच्छा प्रदर्शन करने पर उन्हें अच्छी प्रोत्साहन राशि मिलती है।

### लोकेश ने नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत के युवा एथलीट लोकेश सत्यनाथन ने अर्कांसस के फेयेटविले में एनसीएए इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतकर अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 8.21 मीटर की छलांग लगाकर नया इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इससे वहां लंबी कूद के भारत के स्टार एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन (8.42 मीटर) और मुरली श्रीशंकर (8.41 मीटर) के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। टार्लेटन स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेल रहे लोकेश ने अपने चौथे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके पहला स्थान हासिल किया।

### भारत महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में हारा

**हैदराबाद।** भारत को एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में शनिवार को इंग्लैंड से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद टीम ने इस साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। यह विश्व कप नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित होगा। दुनिया की छठे नंबर की टीम इंग्लैंड के लिए ग्रेस बाल्सडन ने 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पहला गोल किया। इसके बाद 43वें मिनट में एलिजाबेथ नील ने मैदानी गोल कर इंग्लैंड की बढ़त 2-0 कर दी। भारतीय टीम ने पूरी कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुई।



# कुलदीप यादव ने वंशिका संग लिए सात फेरे

खेल डेस्क

- बरारियों में पंडित धीरेंद्र शास्त्री भी शामिल
- रोल्स-रॉयस विंटेज कार से पहुंचे कुलदीप
- तिलक वर्मा और मोहम्मद कैफ परिवार के साथ पहुंचे

**अमृत विचार।** भारतीय क्रिकेट टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव शादी के बंधन में बंध गए। उन्होंने बचपन की मित्र वंशिका चड्ढा के साथ विवाह रचाया। शादी समारोह उत्तराखंड के मसूरी स्थित सेवाय होटल में तीन दिनों से चल रहा है। रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद कैफ के अलावा क्रिकेट जगत से जानी-मानी हस्तियां समारोह में शामिल होने पहुंची। खास मेहमानों में बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्णा शास्त्री 1.5 करोड़ की गाड़ी से पहुंचे। शादी के बाद 17 मार्च को लखनऊ के फाइव स्टार होटल में रिसेप्शन का



कार्यक्रम है। इससे पहले 13 मार्च को मसूरी के होटल में हल्दी और मेहंदी की रस्म हुई थी।

**'रोल्स-रॉयस' विंटेज कार से कुलदीप ने ली एंट्री :** शादी को यादगार बनाने के लिए बारात की एंट्री अलग अंदाज में कराई गई। इसके लिए दूल्हे कुलदीप यादव की बारात में घोड़ी के साथ-साथ एक रॉयल विंटेज कार 'रोल्स-रॉयस' भी मंगाई गई है।

**अफगानी और पहाड़ी व्यंजन परोसे गए :** विवाह समारोह में मेहमानों के लिए खास दावत रखी गई। डिनर में अफगानी व्यंजनों से लेकर उत्तराखंड के पहाड़ी व्यंजन शामिल रहेंगे। शादी के दौरान भव्य आतिशबाजी का भी हुआ।

**द सेवाय होटल में शाही इंतजाम :** कुलदीप यादव और वंशिका की शादी को खास बनाने के लिए मसूरी के 'द सेवॉय' होटल में शाही इंतजाम किए गए। होटल मैनेजमेंट ने शादी के पलों को यादगार बनाने के लिए किए सारे प्रयास किए।

**छह हजार रुपये प्रति प्लेट खाना :** शादी में सजवाट के अलावा खाने पर विशेष ध्यान दिया गया। खबरों के मुताबिक खाने की कीमत 6 हजार रुपये प्रति प्लेट रही। वहीं भव्य मंडप और संगीत समारोह खास आकर्षण का केंद्र रहा।

**केकेआर ने कुलदीप यादव को दी शादी की बधाई :** कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम ने कुलदीप यादव को शादी की बधाई दी है. फ्रेंचाइजी ने लिखा है, कुलदीप यादव और वंशिका को शादीशुदा जिंदगी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# टी-20 विश्व कप विजेता टीम को सम्मानित करेगा बीसीसीआई

## नमन पुरस्कार समारोह : कई पुरुष और महिला क्रिकेटरों को मिलेंगे अवॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) रविवार को यहां होने वाले अपने वार्षिक नमन पुरस्कार समारोह के दौरान टी-20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को सम्मानित करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को घोषणा की कि बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 का मुख्य आकर्षण हाल के समय में आईसीसी खिताब जीतने वाली सभी पांच भारतीय टीमों को सम्मानित करना होगा। गौतम गंभीर की कोचिंग वाली टीम आठ मार्च को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीन बार टी20 विश्व कप जीतने ओर खिताब का बचाव करने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई। यही नहीं वह घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है।

इस समारोह में उन अन्य भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने हाल के दिनों में आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। इनमें 2025 में वनडे विश्व कप जीतने वाली सीनियर महिला टीम, 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष टीम, 2026 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम और 2025 में अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने वाली महिला टीम शामिल हैं। बीसीसीआई ने इसके साथ ही कुछ व्यक्तिगत पुरस्कारों की भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की, जिनके बारे में इस सप्ताह की शुरुआत में पहले ही पता चल गया था। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को 2024-25 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) का पॉली उमरीगर पुरस्कार मिलेगा, जबकि स्मृति मंधाना को अपने करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) के रूप में सम्मानित किया जाएगा। पूर्व दिग्गज रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को बोर्ड का सर्वोच्च सम्मान कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई का महिला लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा।



टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम। फाइल फोटो

बिन्नी भारत की 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने बाद में कोच, चयनकर्ता और 2022 से 2025 तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में खेल की सेवा की। द्रविड़ के नाम पर 24,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन दर्ज हैं। भारत के महानतम बल्लेबाजों में शामिल द्रविड़ ने भारतीय टीम के मुख्य कोच की भूमिका भी निभाई। उनके कोच रहते हुए भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप जीता था।

पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में इरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू) के लिए जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि शेफाली वर्मा को सीनियर घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के रूप में सम्मानित किया जाएगा। आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ पुरस्कार मिलेगा। विदर्भ के हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का पुरस्कार दिया जाएगा। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली राज्य एसोसिएशन का पुरस्कार मिलेगा। उसकी टीम ने इस सत्र में चार खिताब जीते और वह दो प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही।

# आईपीएल में धोनी का हो सकता है यह अंतिम सत्र

नई दिल्ली, एजेंसी



- पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने लगाए कयास

भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से एक खिलाड़ी के रूप में यह अंतिम सत्र हो सकता है। जैसे-जैसे 2026 का आईपीएल करीब आ रहा है, धोनी के संन्यास को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गई हैं। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को लेकर अपनी टीम से जुड़ा है जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि धोनी इस बार खेल के मैदान पर कम दिखेंगे और वह मेंटोर की भूमिका निभा सकते हैं।

इरफान ने कहा धोनी के बिना सीएसके की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हो सकता है कि इस सत्र में हम उन्हें आखिरी बार पीली जर्सी में देखें। लेकिन उनके बिना सीएसके और आईपीएल की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा आईपीएल शुरू होने के साथ ही हम धोनी को फिर से खेलते हुए देखने लगते हैं। इसका मतलब है कि वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं और वह काफी फिट भी दिख रहे हैं। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में सीएसके शिविर में शामिल हो चुका है और अभ्यास कर रहा है।

### श्रेयस व सॉल्ट को जाने देना केकेआर का गलत फैसला: कुंबले

**मुंबई।** महान क्रिकेटर अनिल कुंबले ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2024 में खिताब जीतने के बाद श्रेयस अय्यर और फिल सॉल्ट को जाने देकर गलत फैसला किया। उन्होंने कहा कि जब तक तीन बार की आईपीएल चैंपियन टीम अहम खिलाड़ियों को अपने पास बनाए रखने की अहमियत नहीं समझेगी तब तक उसे खिताब का गंभीर दावेदार नहीं माना जा सकता। अय्यर केकेआर छोड़कर पंजाब किंग्स में शामिल हो गए जिसकी कप्तानी करते हुए उन्होंने पिछले सत्र में करीब एक दशक बाद टीम को पहली बार आईपीएल फाइनल में पहुंचाया।

# मयंक चक्रवर्ती ने रचा इतिहास

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्वोत्तर से पहले और भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बने



प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी मयंक चक्रवर्ती ने अपने उभरते करियर की आखिरी बाधा पार करते हुए अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर लिया, जिससे वह भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बन गए। वह के पूर्वोत्तर से यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

असम के गुवाहाटी के रहने वाले 17 वर्षीय चक्रवर्ती 2024 में इंटरनेशनल मास्टर बने थे। उन्होंने 'होटल स्टॉकहोम नॉर्थ बाय फर्स्ट होटल्स चेस टैलेंट्स टूर्नामेंट' के आठवें दौर में एक दौर बाकी रहते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने इस दौर में स्वीडिश आईएम फिलिप लिंडग्रेन को हराया। लिंडग्रेन पर जीत के दौरान चक्रवर्ती अपने खेल के चरम पर थे। उन्होंने जरूरी 6.5 अंक जुटाए जो उनका अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म पक्का करने के लिए काफी थे।

आखिरी दौर में उन्होंने इंग्लिश इंटरनेशनल मास्टर जोना बी विलो के साथ एक रोमांचक ड्रॉ खेला और इस तरह अपने अब तक के सबसे यादगार प्रदर्शन पर मुहर लगा दी। इस प्रक्रिया में चक्रवर्ती ने 2500 ईएलको रेटिंग का अहम आंकड़ा भी पार कर लिया। उनकी मौजूदा रेटिंग इस सीमा से कुछ अंक ऊपर है जिससे अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के नियमों के अनुसार उनका ग्रैंडमास्टर खिताब पक्का हो गया है। चक्रवर्ती ने इस दौरान एक बाजी गंवाई, दो ड्रॉ खेले और बाकी छह बाजियां जीती। इस तरह उन्होंने कुल नौ में से सात अंक हासिल किए। साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट का खिताब भी अपने नाम कर लिया।

## स्विस ओपन में भारतीय चुनौती खत्म

**बासेल।** भारत के थारुन मन्नेपल्ली के इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग से तीन गेम तक चले क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में हारने के साथ ही स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई।

विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी मन्नेपल्ली को 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट में गिंटिंग से 19-21 21-19 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। गिंटिंग ने शुरुआत में ही 6-2 की बढ़त बना ली, हालांकि मन्नेपल्ली ने वापसी की पर इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने जीत हासिल कर ली।

# सबालेंका और रिबाकिना में होगा खिताबी मुकाबला

इंडियन वेल्स, एजेंसी

दो बार उपविजेता रह चुकीं एरिना सबालेंका ने लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया।

बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका ने शुक्रवार रात बीएनपी पारिबास ओपन में नोस्कोवा को एक घंटे 28 मिनट में हराया। रविवार को फाइनल में उनका मुकाबला कजाकिस्तान की तीसरे नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना से होगा। रिबाकिना ने दूसरे सेमीफाइनल में यूक्रेन की नौवें नंबर की खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना को





एरिना सबालेंका व एलेना रयबाकिना।

7-5, 6-4 से हराया। सबालेंका को 2026 में एकमात्र हार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में रिबाकिना से मिली थी।

सबालेंका निश्चित रूप से उस हार का बदला लेने के साथ इंडियन वेल्स के फाइनल में अपने 0-2 के रिकॉर्ड में सुधार करना चाहेगी। सबालेंका ने कहा मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि मैं रविवार को पूरी तरह से तैयार रहूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलूंगी और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करुंगी कि इस साल मेरा दबदबा रहे।

### भांबरी-गोरानसन का सफर सेमीफाइनल में थमा

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी : भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के उनके साथी आंद्रे गोरानसन का कैलिफोर्निया में खेले जा रहे इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में शानदार अभियान सेमीफाइनल में हारने के साथ समाप्त हो गया। भांबरी और गोरानसन की गैरवरीय जोड़ी फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच और मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट से 5-7, 7-6(7), 5-10 से हार गई। यह एक कड़ा मुकाबला था जिसका फैसला टाईब्रेकर से हुआ। भांबरी और गोरानसन पहले सेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। उन्होंने दूसरे सेट में बेहतर खेल दिखाया और टाईब्रेकर में जीत दर्ज करके मुकाबला को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया।

आग्रह

बैडमिंटन विश्व महासंघ ने वर्तमान तीन गेमों वाली 21 अंक की प्रणाली को 15 अंक में बदलने का किया है प्रस्ताव

# अंक प्रणाली में बदलाव पर सतर्कता बरतनी चाहिए : साइना

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) से स्कोरिंग में प्रस्तावित बदलाव पर सतर्कता बरतने का आग्रह किया है और उनका मानना है कि वर्तमान की 21 अंक की प्रणाली खेल की गति और दमखम बनाए रखती है।

बैडमिंटन की विश्व में सर्वोच्च संस्था बीडब्ल्यूएफ ने वर्तमान तीन गेम वाली 21 अंक की प्रणाली को तीन गेम की 15 अंक वाली प्रणाली में बदलने का प्रस्ताव किया है। इस बदलाव पर सदस्य 25 अप्रैल को डेनमार्क के होर्सेंस में बीडब्ल्यूएफ की वार्षिक आम बैठक में मतदान करेंगे। साइना ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा बैडमिंटन की परंपरा समृद्ध है तथा ऑल इंग्लैंड ओपन और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की गति और सहनशक्ति की परीक्षा होती है। उन्होंने कहा स्कोरिंग या प्रारूप में किसी भी तरह के बदलाव पर सतर्कता पूर्वक विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान की 21 अंक वाली प्रणाली अच्छा काम कर रही है और खिलाड़ी इससे अच्छी तरह तालमेल बिठा चुके हैं।



- वर्तमान प्रारूप का किया समर्थन, बोलीं- इसमें बनी रहती है खेल की गति व दमखम

साइना ने कहा यदि कुछ बदलाव किए भी जाते हैं तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रैलियों की गुणवत्ता और खेल के प्रतिस्पर्धी संतुलन पर कोई असर न पड़े। निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और खेल भावना पर ही ध्यान केंद्रित रहना चाहिए।'''' बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के लिए प्रस्तावित नए प्रारूप के अनुसार एशिया और यूरोप में होने वाले पांच सुपर 1000 टूर्नामेंटों में एकल वर्ग में एक नया प्रारूप लागू किया जाएगा, जिसमें 48 खिलाड़ी ग्रुप चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे और उसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। युगल स्पर्धाओं में 32 जोड़ियों के नॉकआउट ड्रॉ होंगे। प्रत्येक सुपर 1000 टूर्नामेंट 11 दिन तक चलेगा। साइना का मानना है कि बीडब्ल्यूएफ को खिलाड़ियों के कल्याण को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उनका मानना है कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण आराम के लिए बहुत कम समय बचता है और इससे खिलाड़ियों के चोटिल होने और उन पर थकान हावी होने की संभावना बनी रहती है।

### बैडमिंटन शारीरिक व मानसिक दोनों दृष्टि से मुश्किल खेल

साइना नेहवाल ने कहा बैडमिंटन शारीरिक और मानसिक दोनों दृष्टि से मुश्किल खेल रहा है। इसमें लंबी रैलियां होती हैं और खिलाड़ी लगभग प्रत्येक सप्ताह टूर्नामेंट में खेलते हैं। बीडब्ल्यूएफ ने कैलेंडर को व्यवस्थित करने की कोशिश की है लेकिन एक खिलाड़ी के लिए रिकवरी का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। चोटें और थकान प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं और करियर को भी छोटा कर सकती हैं। साइना ने लक्ष्य सेन की अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए सराहना की जो पिछले सप्ताह ऑल इंग्लैंड ओपन में पुरुष एकल में उपविजेता रहे थे। यह दूसरा मौका था जबकि लक्ष्य सेन इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने कहा, ऑल इंग्लैंड ओपन जैसी बड़ी प्रतियोगिता के फाइनल में दो बार जगह बनाना बड़ी उपलब्धि है। यह शुरू से बैडमिंटन का प्रमुख टूर्नामेंट रहा है।


